जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

जालोर

Rashtradoot

फोनः- 226422, 226423 फैक्सः- 02973-226424 वर्षः 19 संख्याः 301 प्रभात जालोर, गुरुवार 6 फरवरी, 2025 पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.



*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को प्रयागराज महाकुम्भ में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच त्रिवेणी संगम में स्नान किया। इस दौरान वे रुद्राक्ष की माला का जप करते भी नज़र आए। उन्होंने गंगा पूजन और आरती भी की। त्रिवेणी संगम पर डुबकी लगाने से पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विधिवत् पूजा अर्चना की, जल को स्पर्श कर आशीर्वाद लिया, सूर्य को अर्घ्य दिया और तर्पण किया। इसके बाद उन्होंने संगम स्थल पर तीनों पावन नदियों की आरती भी उतारी।*

## मिल्कीपुर उप चुनाव में 65 प्रतिशत वोटिंग हुई

अयोध्या, 05 फरवरी। अयोध्या जिले के मिल्कीपुर विधानसभा का उपचुनाव कड़े सुरक्षा के बीच आज शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक चला, जिसमें 65 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

चुनाव में सुबह से ही धीरे-धीरे वोटों का प्रतिशत बढ़ ता गया, जो समाप्ति तक 65 प्रतिशत से अधिक हो गया। जिला निर्वाचन अधिकारी /जिलाधिकारी चन्द्रविजय सिंह बताया कि मिल्कीपुर क्षेत्र में मतदान को

- **अयोध्या जिले का मिल्कीपुर उपचुनाव भाजपा व सपा के लिए प्रतिष्ठा की लड़ाई बन गया है।**

शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हुआ। मतदान के दौरान जिन भी मतदान केन्द्रों पर कोई भी शिकायत प्राप्त हुई, उन पर तत्काल कार्यवाही करते हुए निस्तारण कर मतदान सुचारू रूप से चालू कराया।

गौरतलब है कि मिल्कीपुर आरक्षित उप विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी चन्द्रभानु पासवान और समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अजीत प्रसाद सहित, दस प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतदाताओं ने ईवीएम में सुरक्षित कर दिया है। मिल्कीपुर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# आप अंदर ही अंदर कुछ घबराई हुई सी है

## पर, सार्वजनिक तौर पर यह दावा कर रही है कि वह 70 सीटों में से कम से कम 45 पर तो जीतेगी ही

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 फरवरी। दिल्ली में दिन भर हुये मतदान के बाद, भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच कड़ी टक्कर दिखाई दे रही है। भाजपा को भरोसा है कि कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी के वोट अपनी ओर खींचे हैं।

- **यह भी चर्चा है कि संभवतया अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली की सीट से चुनाव हार सकते हैं, क्योंकि कांग्रेस के उम्मीदवार संदीप दीक्षित ने केजरीवाल के काफी वोट काटे हैं तथा भाजपा के प्रवेश वर्मा जीत भी सकते हैं।**
- **भाजपा, 27 साल बाद दिल्ली में सरकार बनाने के लिये बहुत उतावली है तथा आप काफी ''नर्वस'' है, क्योंकि वह विश्वासपूर्वक नहीं कह सकती है कि ई.वी.एम. की मशीन क्या नतीजा निकालेगी।**

विभिन्न टीवी चैनलों पर एग्ज़िट पोल्स की भविष्यवाणियाँ भाजपा का पलड़ा भारी बता रहा हैं, लेकिन इसमें चौंकने जैसी कोई बात नहीं है, क्योंकि एग्ज़िट पोल ऐसा ही करते आये हैं।

आम आदमी पार्टी आशंकित है, लेकिन अंदरूनी तौर पर फिर भी वह दावा कर रही है कि उसे दिल्ली विधानसभा चुनाव में कुल 70 सीटों में से कम से कम 45 सीटें मिलेंगी।

सूत्रों का कहना है कि केजरीवाल चुनाव हार सकते हैं क्योंकि कांग्रेस के संदीप दीक्षित ने उनकी स्थिति बिगाड़ दी है। इस कारण ऐसा हो सकता है कि नई दिल्ली से भाजपा के प्रवेश वर्मा जीत जायें।

चूँकि चार दीवारी के अंदर के शहर में मतदान देर शाम तक चला है, इसलिये चुनाव आयोग द्वारा मतदान का अंतिम प्रतिशत यह समाचार लिखे जाने तक घोषित नहीं किया गया है।

दिन की समाप्ति तक, दिल्ली के चुनाव में काँटे की टक्कर रही तथा दोनों में से कोई भी पार्टी जीत का दावा छोड़ने के लिए तैयार नहीं है।

हाल ही के चुनावों में, चुनाव आयोग ने लुक-छिपकर मतदान-प्रतिशत बढ़ाया है, लेकिन बार-बार माँग किये जाने के बावजूद, आयोग ने यह नहीं बताया है कि मतदान समाप्त होने के काफी देर बाद, मतदान प्रतिशत कैसे बढ़ गया। सत्ताईस साल के लंबे अंतराल के बाद, भाजपा पर सरकार बनाने की धुन सवार है तथा आम आदमी पार्टी इस बात को लेकर हैरान-परेशान है कि इलैक्ट्रोनिक मशीनों के अंदर क्या छिपा है।

## प्रिंस आगा खान चतुर्थ का निधन

हैदराबाद, 05 फरवरी। दुनिया भर में फैले लाखों शिया इस्माइली मुसलमानों के आध्यात्मिक नेता पद्मविभूषण प्रिंस करीम अल-हुसैनी आगा खान चतुर्थ का मंगलवार को निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे। अरबपति आध्यात्मिक नेता की चैरिटी संस्था 'आगा खान डेवलपमेंट नेटवर्क' ने बुधवार को जारी अपने बयान में कहा कि खान ने लिस्बन (पुर्तगाल) में अंतिम सांस ली। उनके उत्तराधिकारी के बारे में बाद में एलान किया जाएगा। वे 20 वर्ष की उम्र में इस्माइली मुसलमानों के आध्यात्मिक नेता बने थे। वे बहुत लोकप्रिय शख्सियत थे। इसका अंदाज इस बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अस्पतालों और स्कूलों के लिए

- **पद्म विभूषण प्रिंस आगा खान दुनियाभर में शिया मत के इस्माइली मुसलमानों के आध्यात्मिक नेता थे।**

अपनी पूरी संपत्ति दान कर दी थी।

खान को इस्लाम के पैगंबर मोहम्मद के वंशज के रूप में जाना जाता है। जब वह हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में पढ़ ाई कर रहे थे, तब उन्होंने अपने दादा की जगह इस्माइली मुसलमानों के नेता का पद संभाला था। उनका मानना था कि उनके अनुयायियों का नेता वह होना चाहिए, जो नए जमाने में पला-बढ़ा हो।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने खान के निधन पर शोक जताया है। रेड्डी ने उनके परिजनों, वंशजों और अनुयायियों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# नवगठित 9 जिले खत्म करने के मुद्दे पर कांग्रेस ने एक बार सदन स्थगित कराया

## विधानसभाध्यक्ष ने इस मुद्दे पर स्थगन प्रस्ताव पर बोलने की अनुमति देकर वापस ली तो विपक्ष ने वैल में आकर नारेबाजी की

-विधानसभा संवाददाता-

जयपुर, 5 फरवरी । पूववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में गठित 17 जिलों में से 9 जिले खत्म करने के मामले को लेकर बुधवार को विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ। शून्यकाल में स्पीकर वासुदेव देवनानी ने इस मुद्दे पर प्रस्तुत स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा की अनुमति देकर वापस ले ली थी। इससे नाराज विपक्षी विधायकों ने सदन में राज्य सरकार को घेरने की कोशिश की। कांग्रेस के तमाम विधायक हंगामा करते हुए वैल में आकर नारेबाजी करने लगे। इस कारण सदन की कार्यवाही 15 मिनट तक स्थगित भी करनी पड़ी। हालांकि, स्पीकर वासुदेव देवनानी ने इस मुद्दे पर बाद में व्यवस्था दे दी कि गुरूवार को सदन में इस स्थगन प्रस्ताव पर सिर्फ नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी और गंगापुर विधायक रामकेश मीणा को बोलने की अनुमति दी जाएगी और उसके बाद सरकार की ओर से मंत्री जवाब देंगे।

- **कांग्रेस विधायकों के हंगामे और शोरगुल के कारण सदन की कार्यवाही भी 15 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी।**
- **देवनानी ने बाद में व्यवस्था दे दी कि, गुरूवार को सदन में नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी और गंगापुर विधायक रामकेश मीणा अपनी बात रख सकेंगे। इसके बाद सरकार की ओर से मंत्री जवाब देंगे।**

घटनाक्रम के अनुसार, बुधवार को शून्यकाल में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राजस्थान में जिलों को खत्म कने के स्थगन प्रस्ताव पर बोलने की अनुमति दे दी थी। परंतु संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने नियमों का हवाला देते हुए कहा कि यह प्रकरण राजस्थान हाईकोर्ट की डबल बैंच में लंबित है, इसलिए इस पर चर्चा नहीं करवायी जानी चाहिए। पटेल ने स्पीकर से अनुरोध किया कि जो मामला न्यायालय में लंबित एवं विचाराधीन हो और उस पर सरकार ने अपना पक्ष भी रखा हो, उसे लेकर सदन में चर्चा करना नियम के विरुद्ध होगा।

इस पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि केवल दो जिलों के मामले ही न्यायालय में विचाराधीन हैं, ऐसे में अन्य जिलों पर चर्चा की जा सकती है। विधायक सुभाष गर्ग ने कहा कि बहुत सारे मामले न्यायालय में विचारधीन रहते हैं और यह सोचने का विषय है कि ऐसे तो सदन का अधिकार ही छिन जायेगा और इसका उद्देश्य ही खत्म हो जायेगा। इस पर देवनानी ने व्यवस्था देते हुए कहा कि उन्होंने सबको सुना है और आज इस मुद्दे पर चर्चा नहीं कराई जायेगी और दोनों पक्षों को चैम्बर में बुलाकर बात की जायेगी और इसका निस्तारण किया जायेगा। इस पर 12 बजकर 15 मिनट पर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विधानसभा चुनाव 2025

सीटें 70 | बहुमत 36

### दिल्ली का एग्जिट पोल

| एजेंसी | भाजपा+ | आप | कांग्रेस | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| मैट्रिज | 35-40 | 32-37 | 0-1 | 0-0 |
| जेवीसी | 39-45 | 22-31 | 0-2 | 0-1 |
| चाणक्य स्ट्रैटेजीज़ | 39-44 | 25-28 | 2-3 | 0-0 |
| पीपल्स पल्स | 51-60 | 10-19 | 0-0 | 0-0 |
| पीपल्स इनसाइट | 40-44 | 25-29 | 0-1 | 0-0 |
| पोल डायरी | 42-50 | 18-25 | 0-2 | 0-0 |
| पी-मार्क | 39-49 | 21-31 | 0-1 | 0-0 |
| वी-प्रीसाइड | 18-23 | 46-52 | 0-1 | 0-0 |
| माइंड ब्रिंक | 21-25 | 44-49 | 0-1 | 0-0 |
| डीवी-रिसर्च | 36-44 | 26-34 | 0-0 | 0-0 |
| एसएएस | 38-41 | 27-30 | 1-3 | 0-1 |

## तिरुपति से गैर हिन्दू कर्मचारी हटाए गए

नई दिल्ली, 05 फरवरी। तिरुपति मंदिर के शासी निकाय तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ने 18 गैर-हिंदू कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। इन सभी को ट्रांसफर लेने या वॉलेंट्री रिटायरमेंट स्कीम लेने के लिए कहा गया है। बोर्ड ने कहा कि यह निर्णय अपने मंदिरों और धार्मिक गतिविधियों की आध्यात्मिक पवित्रता

- **तिरुमला तिरुपति देवस्थानम ने इन सभी को ट्रांसफर या स्वैच्छिक सेवा निवृति लेने को कहा है।**

को बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

टीटीडी के त्योहारों और अनुष्ठानों में भाग लेने के साथ-साथ, गैर-हिंदू धार्मिक गतिविधियों में कथित रूप से भाग लेने वाले 18 कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के आदेश जारी किए गए हैं। आदेश में लिखा है कि भगवान वेंकटेश्वर मंदिर की पवित्रता के लिए इन कर्मचारियों को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# क्या ''अग्ली अमेरिकन'' की वापसी होगी, ट्रम्प के गाज़ा की पट्टी को ''टेक ओवर'' करने के प्लान से?

## 1950 व 1960 के दशक में, ऐसे ही ऊल-जलूल प्लान्स के कारण अमेरिका गुटनिरपेक्ष देशों में बहुत अलोकप्रिय था और ''अग्ली अमेरिकन'' के नाम से जाना जाता था

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 फरवरी। अपने साम्राज्यवादी मंसूबो को खुला प्रदर्शन करते हुए, ट्रम्प ने पूरी दुनिया को यह कहकर चौंका दिया कि अमेरिका युद्धग्रस्त गाज़ापट्टी का नियंत्रण अपने हाथ में ले रहा है और जब फिलीस्तीनियों का कहीं और पुनर्वास हो जाएगा तो अमेरिका इस क्षेत्र का आर्थिक विकास करेगा।

ट्रम्प की घोषणा इज़रायल फिलीस्तीनी संघर्ष के प्रति अमेरिका की पारम्परिक नीति के अंत का संकेत है। यह कदम 50 से 60 के दशक की नीति के अनुरुप है, जब अमेरिका ''नॉन एलाइन्ड'' (गुट निरपेक्ष) विश्व में बेहद अलोकप्रिय था और तब इसे अगली अमेरिका कहा जाता था। घोषित कर दी अमेरिका यात्रा पर आए इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को भी इसकी भनक तक नहीं थी।

गाज़ा से फिलीस्तीनियों को पड़ौसी देशों में पुनर्वासित करने का प्रस्ताव मंगलवार को सुबह आया। जहां इज़रायल हमास के सीज़फायर का पहला दौर लागू हुआ था, उस जगह को ''डिमोलिशन साइट'' कहा जा रहा है।

अमेरिका के गाज़ा पर नियंत्रण के ट्रम्प के प्रस्ताव को अमेरिका के मित्र व विरोधी, दोनों ही ठुकरा सकते हैं। अमेरिका का प्रत्यक्ष हस्तक्षेप वॉशिंगटन

- **ट्रम्प का ''गाज़ा स्ट्रिप'' को टेक ओवर करने का प्लान, अमेरिका की पुरानी स्थापित विदेश नीति ही नहीं, बल्कि, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रचलित मान्यताओं के खिलाफ है। विश्व यह ही मानता आया है कि गाज़ा स्ट्रिप आने वाले समय में स्थापित होने वाले फिलिस्तीन देश का हिस्सा होगा।**
- **ट्रम्प ने दावा किया कि ''टेक ओवर'' के बाद अमेरिका इस क्षेत्र को विकसित करेगा, इससे हज़ारों रोजगार सृजित होंगे तथा ऐसा ''रियल एस्टेट'' तैयार होगा, जिस पर पूरे ''मिडिल ईस्ट'' को गर्व होगा।**
- **जब ट्रम्प से पूछा गया, वहाँ कौन रहेगा, तो उन्होंने कहा, ''सारे विश्व के लोग''।**

की लम्बे समय से चली आ रही नीति के खिलाफ है और अधिकांश देश मानते हैं कि गाज़ा भविष्य के फिलीस्तीन राष्ट्र का हिस्सा होगा, जिसमें अधिग्रहित वैस्ट बैंक भी शामिल है।

ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा, अमेरिका गाज़ा पट्टी का नियंत्रण अपने हाथ में लेगा तथा ऐसे सभी बम नष्ट कर दिए जाएंगे, जो फटे नहीं है और वहां पड़े हथियार भी नष्ट कर देंगे, हम इसका विकास करेंगे और वहां रोजगार के अवसर पैदा करेंगे, जिस पर सारे मिडिल ईस्ट को गर्व होगा।'

ट्रम्प ने कहा, मुझे लगता है हमें लम्बे समय तक उसका मालिकाना हक मिलेगा और मुझे यकीन है इससे वहां भारी स्थिरता आएगी।'' उन्होंने कहा, वे क्षेत्रीय नेताओं से इस बारे में बात कर चुके हैं, उन्होंने पूर्ण समर्थन दिया है।

यह पूछने पर कि वहाँ कौन रहेगा, ट्रम्प ने कहा कि वह ''दुनिया के लोगों'' का घर बन सकता है।

भारत ने अभी तक ट्रम्प की घोषणा पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

इसी बीच, राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प ने अवैध प्रवासियों के निष्कासन के लिये जो अभियान छेड़ा है, उसके तहत 205 निष्कासित भारतीयों को लेकर आने वाला सैन्ययान अमृतसर पहुंच गया है। इस सी-17 मिलिट्री एयरक्राफ्ट ने कल टैक्सस के एक हवाई अड्डे से उड़ान भरी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## नाबालिग बहनों से अश्लीलता करने वाले को 20 साल की सजा

जयपुर, 5 फरवरी। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने नाबालिग बहनों को घर बुलाकर उनके साथ अश्लीलता करने वाले अभियुक्त दिनेश को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही, अदालत ने अभियुक्त पर साठ हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीठासीन

- **पीठासीन अधिकारी हेमराज गौड़ ने कहा कि सात और नौ साल की बच्चियों के साथ अपराध करने वालों के प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।**

अधिकारी हेमराज गौड़ ने कहा कि अभियुक्त ने सात और नौ साल की नाबालिग पीड़िताओं के साथ अपराध किया है। ऐसे में उसके प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक रचना मान ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

त्याग यह नहीं कि मोटे और खुरदरे वस्त्र पहन लिए जायें और सूखी रोटी खायी जाये, त्याग तो यह है कि अपनी इच्छा अभिलाषा और तृष्णा को जीता जाये। –सुफियान सौरी

# देश की तरक्की और अर्थव्यवस्था की धुरी है मध्यम वर्ग

मोदी सरकार के वर्ष 25 के सालाना बजट के बाद देश में मध्यम वर्ग को लेकर चर्चा का बाजार गर्म है। गांव-गुवाड़ से लेकर चौक-चौराहों तक मध्यम वर्ग पर बातचीत करते लोग मिल जायेंगे। आखिर ये मध्यम वर्ग है क्या जिस पर इतनी अधिक बातें सुनी जा रही है, विशेषरूप से बजट के बाद। तो आइये इस आलेख के माध्यम से हम आज मध्यम वर्ग के बारे में जानना चाहते है। देश में अमीर और गरीब की चर्चा तो हमेशा से होती आई है मगर मध्यम वर्ग के बारे में कम ही सुना जाता है जबकि यह वर्ग देश की प्रगति और तरक्की में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करता है। भारत का मिडिल क्लास सिर्फ एक आर्थिक वर्ग नहीं है, बल्कि यह समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो देश की प्रगति में योगदान देता है। एक मीडिया रिपोर्ट में अनुमान व्यक्त किया गया है कि भारत के मिडिल क्लास की संख्या 2047 तक 102 करोड़ तक पहुंच जाएगी। 2020-21 के आंकड़ों के अनुसार, यह वर्ग भारत की कुल आय का 50 प्रतिशत, खर्च का 48 प्रतिशत, और बचत का 52 प्रतिशत योगदान देता है। उदाहरण के लिए, मध्यम वर्ग ने 84,120 अरब रुपये की कुल आय अर्जित की, जिसमें से 62,223 अरब रुपये खर्च किए और 11,774 अरब रुपये बचाए। यह आंकड़े इस वर्ग की आर्थिक ताकत को स्पष्ट रूप से दिखाते हैं । आय में असमानता की बात करें तो 2020-21 में गरीब परिवारों की औसत वार्षिक आय 82,300 रुपये थी, जबकि मध्यम वर्ग की आय 6.86 लाख रुपये और अमीर परिवारों की 20.47 लाख रुपये थी । अमीर वर्ग गरीबों से 50 गुना अधिक कमाता है ।

मोदी सरकार ने वर्ष 25-26 के अपने सालाना बजट में आखिर अपने कोर मतदाताओं यानि मध्यम वर्ग की सुध बुध ली है। मध्यम वर्ग को आयकर में बहुत बड़ी राहत प्रदान कर साधने का प्रयास किया है। मोदी सरकार के इस कदम से लाखों टैक्सपयर्स को बड़ी राहत मिलेगी। वित्त मंत्री ने अपने सालाना बजट में इनकम टैक्स छूटी की सीमा बढ़ाकर 12 लाख रुपये करने का ऐलान किया है। इससे टैक्सपयर्स की बचत होगी और हाथ में खर्च करने के लिए ज्यादा पैसा आएंगे। यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए भी अच्छी खबर है। मांग बढ़ने से इंडियन इकोनॉमी में तेजी आएगी जो भारतीय बाजार को भी बूस्ट करने का काम करेगा। इससे सबसे बड़ा फायदा मध्यम वर्ग को होगा जो भाजपा का कोर वोटर बताया जाता है। एक रिपोर्ट के अनुसार हमारे देश की कुल जनसँख्या का तीस प्रतिशत भाग अर्थात 40 करोड़ व्यक्ति मध्यम वर्ग के अंतर्गत आते हैं। महंगाई की मार भी यही वर्ग झेलता है। आज़ादी के बाद संभवतः यह पहला अवसर है जब मध्यम वर्ग को आयकर के क्षेत्र में इतनी बड़ी राहत दी गई है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका संकेत बजट से एक दिन पहले दे दिया था। मोदी के गरीब और मध्यम वर्ग को राहत देने के लिए धन की देवी मां लक्ष्मी का आव्हान करने के बाद आयकर में राहत मिलने की उम्मीदें बढ़ गई थी। मोदी सरकार, मध्यम वर्ग को दी गई इस छप्पर फाड़ राहत का दिल्ली में विधानसभा चुनाव सहित आगे आने वाले चुनावों में फायदा मिलने की उम्मीद कर सकती है।

**असल में भारत की अर्थव्यवथा की धुरी है यह वर्ग। मध्यम वर्ग आर्थिक रूप से कमजोर होता है और दैनिक जीवन में काफी अनिश्चितता का सामना करता है लेकिन, वह बेहतर जीवन स्तर की आकांक्षा रखता है। यह ऐसा वर्ग है जो लेता कम और कर के रूप में देश को देता ज्यादा है। अपनी आवश्यकताएं पूरी न होने के बावजूद टैक्स की भरपाई में आगे रहता है।**

हमारे समाज को सदियों से उच्च, मध्यम और निम्न वर्गों में बाँट कर देखा जाता है। उच्च वर्ग धनिक वर्ग में गिना जाता है जिस पर कोई संकट कम ही आता है। निम्न वर्ग अपने हाल पर मस्त है मगर मध्यम वर्ग पर अपने साथ देश की चिंता का भूत सवार रहता है। देश की आजादी में मध्यम वर्ग की बड़ी भूमिका और योगदान रहा है। मध्यम वर्ग, केवल आर्थिक ही नहीं अपितु सामाजिक, सांस्कृतिक एवं व्यापारिक बदलाव, परिवर्तन, विकास एवं संवृद्धि का वाहक भी होता है। उदारीकरण, बाजारीकरण एवं वैश्वीकरण के दौर में सबसे ज्यादा प्रभावित मध्यम वर्ग हुआ है। आईएचएस मार्किट की एक रिपोर्ट में माना है कि, भारत के लिए एक महत्वपूर्ण सकारात्मक कारक इसका बडा और तेजी से बढ़ता हुआ मध्यम वर्ग है, जो उपभोक्ता खर्च को चलाने में मदद कर रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार हमारे देश की कुल जनसँख्या का तीस प्रतिशत भाग अर्थात 40 करोड़ व्यक्ति मध्यम वर्ग के अंतर्गत आते हैं। विभिन्न अध्ययन रिपोर्टों का गहराई से अवलोकन करे तो पाएंगे मध्यम यानि मिडिल क्लास की कोई निश्चित और सर्वमान्य परिभाषा नहीं है। अलग-अलग रिसर्च और सर्वेक्षणों में अलग-अलग परिभाषाएं दी गई हैं। कुछ रिपोर्ट के अनुसार, मिडिल क्लास वह वर्ग है जिसकी सालाना आय 5 लाख रुपये से 30 लाख रुपये के बीच होती है, जबकि कुछ रिपोर्टें इसे 2 लाख रुपये से 10 लाख रुपये तक मानती हैं। सच तो यह है, महंगाई की मार भी यही वर्ग झेलता है। उच्च वर्ग से होड़ करता यह वर्ग अंदर अंदर खोखला होता जा रहा है।

कोरोना संकट के कारण अर्थव्यवस्था में आई गिरावट से उबरने के लिए यही वर्ग एकमात्र बलि का बकरा बना है। मध्यमवर्गीय परिवार बुनियादी चीजों जैसे घर, भोजन, कपड़े, शिक्षा, पर्यटन आदि पर अधिक खर्च करते हैं। भारत में मध्यमवर्गीय परिवारों का खर्च लाखों करोड़ का है। मध्यम वर्ग ने देश के आर्थिक विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। असल में भारत की अर्थव्यवथा की धुरी है यह वर्ग। मध्यम वर्ग आर्थिक रूप से कमजोर होता है और दैनिक जीवन में काफी अनिश्चितता का सामना करता है लेकिन, वह बेहतर जीवन स्तर की आकांक्षा रखता है। यह ऐसा वर्ग है जो लेता कम और कर के रूप में देश को देता ज्यादा है। अपनी आवश्यकताएं पूरी न होने के बावजूद टैक्स की भरपाई में आगे रहता है।

**–अतिथि संपादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

## राशिफल गुरूवार 6 फरवरी, 2025



पंडित अनिल शर्मा

माघ मास, शुक्ल पक्ष, नवमी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2081, कृत्तिका नक्षत्र सायं 7:29 तक, ब्रह्म योग सायं 6:42 तक, बालव करण दिन 11:45 तक, चन्द्रमा आज वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मकर, चन्द्रमा-वृष, मंगल-मिथुन, बुध-मकर, गुरू-वृष, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज यमघट योग सूर्योदय से रात्रि 7:29 तक है। रवियोग प्रातः 7:50 तक है और रात्रि 7:29 से पुनः आरम्भ होगा। ज्वालामुखी योग रात्रि 7:29 से रात्रि 10:54 तक रहेगा। आज गुप्त नवरात्रा समाप्त होंगे। आज महानन्दा नवमी, श्री हरि जयन्ती है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 8:35 तक, चर 11:19 से 12:41 तक, लाभ-अमृत 12:41 से 3:25 तक, शुभ 4:46 से सूर्यास्त तक।


**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 7:14, सूर्यास्त 6:08


### मेष

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

### वृष


व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।


### मिथुन

आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। आज अनावश्यक धन खर्च होगा। धन हानि हो सकती है। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। स्वभाव पर नियंत्रण रखें।

### कर्क

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा संभव है।

### सिंह

व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कन्या

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक योजना बनेगी। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।


### तुला

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आज व्यावसायिक परेशानियां अभी बनी रहेगी। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

### वृश्चिक

परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### धनु

परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

### मकर

परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। आज समय रचनात्मक कार्यों में व्यतीत होगा।

### कुंभ

घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक योजना बनेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मीन

व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा। घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा।

# आस्था, धर्म, सनातन बनाम पाखंड



महावीर सिंह

कआजकल आस्था, सनातन शब्द का बड़ा बोलबाला है विशेषतः धर्म के नाम पर निकाली जाने वाली बड़ा-बड़ी रैलियों, धर्माचार्यों के सत्संग, प्रवचनों आदि में। आस्था, धर्म, सनातन के साथ ही कुछ पीछे पाखंड भी चलता है। शायद चलता ही नहीं दौड़ता है। कुछ समय दबे पांव पीछे चलने वाला पाखंड आस्था, धर्म, सनातन को पीछे छोड़ देता और सरपट चारों ओर दौड़ लगाकर चारों तरफ छा जाता है। आगे बढ़ने से पहले, ऋगवेद के कुछ श्लोको की तरफ ध्यान दिलाना चाहूंगा जिन्हें नासदीय श्लोक कहा जाता। कुछ विद्वानों की इनकी कुछ इस प्रकार व्याख्या है::-

तब न तो अस्तित्व था, न ही गैर-अस्तित्व यह कथन ऋग्वेद के नासदीय सूक्त (10.129.1) में है। यह और 10 वें अध्याय के अन्य श्लोक- सूक्त ब्रह्मांड की उत्पती, अस्तित्व, औचित्य पर विचार करते है, प्रश्न हैं, उतरों का प्रयास भी हैं। चूंकि उक्त प्रश्न आदमी करता है, इसलिए यह तो मानना पड़ेगा कि ऋग वेदकाल की शुरुआत में आदमी की तर्क शक्ति काफी विकसित हो चुकी थी। इस श्लोक में यह प्रश्न किया-- इस सृष्टि से पहले क्या था, शायद न आकाश, न अंतरिक्ष, न समय, आखिर यह सृष्टि किसने क्यों रची, कोई रचनाकार है भी या नही, है तो कहां, ऊंचे आकाश में बैठा मात्र दृष्टा है या कर्ता भी---वही जाने।

अब आगे आस्था की बात करते हैं--आस्था वहां शुरू होती है, जहां केवल तर्क से सदियों सदियों से आदमियों के मष्तिस्क में चलते कुछ प्रश्नों के उत्तर नहीं मिलते है। जैसे--क्या आदमी के अस्तित्व के पीछे महज बायोलाजिकल घटना ही हैं या कुछ ओर? ब्रह्मांड का अस्तित्व महज एक भौतिकीय घटना है अथवा कुछ और भी? इन प्रश्नों से बहुत पहले भी आदमी ऋतु परिवर्तन, दिन और रात होने, आकाश में दूर चमकने वाले सितारों को, चांद के आकार का घटना, बढ़ना, विभिन्न भयंकर रोग आदि-आदि बहुत सारी घटनाओं को नहीं समझता था।

जिस-जिस काल में आदमी द्वारा उस समय तक विकसित तर्कं नें जिन प्रश्नों के उत्तर नहीं दिए, उन सब के पीछे आदमी नें कुछ शक्तियों, देवी-देवताओं की कल्पना कर ली। धीरे-धीरे तर्क, प्रयोगों व नए-नए अविष्कारों, खोजों के आधार पर, आदमी विभिन्न ग्रहों की गति, झुकाव आदि बातों को समझने लगा, और अनेक आकाशीय घटनाओं के पृथ्वी पर पड़ने वाले विभिन्न प्रभावों यथा मौसम परिवर्तन, समुद्र का ज्वार भाट्टा, भूकम्प आदि अनेक भौतिकीय घटनाओं को समझने लगे वैसे-वैसे इनसे सम्बंधित कल्पित देवताओं की पूजा, डर कम होने लगा। अनेक देवी-देवताओं के प्रति आस्था पीछे छूटने लगी और शनैः-शनैः ऐसे देव विस्मृति के सागर में लुप्त होते गए।

आस्था अपने आप में एक सात्विक, सद्भावना वाला विचार, कर्म है। इसका एक ओर पक्ष है--सदियों से परिवारों में, समाज में बच्चे अपने बड़ों को कुछ देवताओं को पूजते देखते है, किसी देव से जुड़े बड़े पूजनीय स्थलों की महिमा सुनते आते है, तीर्थ यात्रएं करते देखते है और वे भी बिना कोई तर्क वितर्क किए इसे भी अन्य किए जाने वाले कार्यों की तरह, एक करने वाला कार्य मानकर करने लग जाते हैं। किसी चर्चा नें एक विदुषी महिला नें कहा--आस्था एक भ्रम है और अगर इस भ्रम से परिवारों, समाज, देश में सद्भवना, सद्व्यवहार बना रहता है तो ऐसी आस्था से दिक्कत भी क्यों होनी चाहिए?

कुछ किस्से-कहानियां भी आस्था को सदियों तक चलाए रखते है, जैसे गंगा जी स्नान के साथ राजा सगर के और उनके 60 हजार काल्पनिक पुत्रों व परिवार की, स्वर्ग से भगीरथ द्वारा लाई गई गंगा जी में स्नान से शाप से मुक्ति, कल्याण की कहानी जुड़ने से आम जन की आस्था दृढ़ हो गई कि गंगा जी में स्नान करने से खुद के, पुरखों के पाप धुल जाते है, आने वली पीढियों को पुण्य का लाभ मिलता है (इस दृष्टि से तो गंगा किनारे बसने वाले सारे ही पुण्य आत्माएं हैं!!! नहीं बालक, जिसने गंगाजी को लाने के लिए भक्ति की उसी को तो पुण्य लाभ मिलेगा, चलते रस्ते हर किसी को क्यों? तुम भी कुछ भगीरथ जैसा करो तो मिलेगा--ओर नहीं तो दान ही करो, कुछ है तो!!!)।

इस प्रकार की धारणाओं के प्रति सामान्य जन के मानस में इनके प्रति श्रद्धा, आस्था बनी रहती है।

प्रयागराज में चले रहे महाकुंभ के लिए सबसे प्रचारित बातें यही है कि इसमें नहाने से पूर्व जन्म, इस जन्म के स्वयं के ही नही पुरखो के सब पाप खत्म हो जाएंगे व आने वाली पीढ़ियों को पुण्य लाभ मिलता रहेगा।

वेदों में भी विभिन्न प्राकृतिक शक्तियों से जुड़े देवों जैसे सूर्य, अग्नि, सोम, वायु-- आदि की कल्पना है। पुराणों में भी तो विभिन्न देवी-देवताओं की दुष्टों के संहार की, उनकी श्रेष्ठता, वर्चस्व की काल्पनिक कहानियां ही तो है (दूर कहीं से एक बाबा की कड़कती आवाज कानों में गूंजी--अबोध, नास्तिक, तुच्छ बुद्धि वाले बालक, तुम्हारी अपवित्र दृष्टि ईश्वर के विस्तार को, पौराणिक कहानियों के संदेश को नहीं देख-समझ सकती, दोष पौराणिक कहानियों का नहीं, तुम्हारा है)। इन देवी-देवताओं की कल्पना के बाद, चतुर-चालाक लोगों की अशिक्षा, अनिभिज्ञताओं का लाभ उठाते हुए, विभिन्न विघ्न, व्याधियों, घटनाओं, गरीबी, अमीरी, मनो इच्छाओं की अप्राप्ति-प्राप्ति के लिए इन कल्पित देवी-देवताओं के कोप, आशीर्वाद को विभिन्न प्रकार की पूजा, अनुष्ठान व उनके प्रति कोताही-अश्रद्धा के साथ जोड़ दिया। तरह-तरह के समाधान बताने का धंदा विकसित कर लिया । ऐसे चतुर चालाक लोग अन्य लोगों की नजरों में अपनी प्रमुखता स्थापित करने लगे जैसे कई कथा वाचक, कई अखड़ों के कई महंत-मठाधीश, महा मण्डलेश्वर, मण्डलेश्वर आदि। लोग उनके पास जाकर उन्हें दान-दक्षिणा, चढ़ावा देने लगे और पाखंड का धंदा दौडने लगा। इनका अनुसरण स्थानीय स्तरों पर भी होने लगा और कई प्रकार के व्याधियों के संकटमोचक, भोपे-सेवड़े-भूत, भूतनी भगाने वाले, तरह-तरह के अनुष्ठान, नुस्खे बताने वाले पाखंडी अस्तित्व में आ गए।

तथाकथित बाबाओं, सिद्ध पुरुषों के कैसे-कैसे प्रचार पढ़िए--निराहारी/फलाहारी/कांटो वाले (कोई रमेश माझी--कहा जा रहा है, 50 साल से कांटो पर ही चलते, सोते हैं!!!)/एक टांग पर वर्षों से खड़े/गढ़े में बैठे बाबा आदि-आदि नामों से प्रचारित पाखंडी बाबाओं का प्रागट्यय भी हो जाता है।

ऐसे स्थानीय भीड़ आकर्षित करने वाले लोग बड़े-बड़े श्री श्री 1008, 1051, 100---(संख्याओं को नाम के पीछे लगाने का क्या अर्थ है, लेखक के कभी समझ नही आया) पदवियों वाले इन ब्रह्मचारियों/ सिद्धाचार्यों/ कथावाचकों/सिद्ध मंदिरों के देवी-देवताओं के प्रचारको के रूप में स्थानीय यात्राएं निकालने, उनके मठों, मंदिरों में भीड़ ले जाने वाले वाले प्रगट हो गए। यह कोई एक देश की घटना नही, पूरे विश्व में ऐसा हुआ है और हो रहा है।

आजकल कुछ मीडिया पाखंड फैलाने में रात-दिन एक किए हुए है। एक उदाहरण मेरे ध्यान में आता है एक पाखंड करने वाले का दोपहर को नियमित रूप से किसी टीवी चैनल पर वर्षों कार्यक्रम आया। पाखंडी कुछ यों कहता था--(वो कृपा देते थे--तुम अभी जाकर गाजर -बर्फ-टमाटर-अमरूद--खा लेना-- इत्यादि-इत्यादि), कृपा आ जाएगी । अन्य कई प्रकार के मंदिर, मूर्तियों की महिमा की काल्पनिक कहानियां, उनके दर्शन से होने वाले लाभ आदि तथा ज्योतिषियों के पाखंड युक्त कार्य टीवी चैनल्स धड़ल्ले से दिखती है।

कुछ पाखंडी तथाकथित संत-महात्मा-कथा वाचक जो कुछ कह देते है उनसे अखबार भर देते है। टीवी वाले उन पर चर्चाओं का दौर चला देते है। अभी प्रयाग में चल रहे महाकुंभ के सम्बंध में क्या क्या कहा जा रहा है--इसमें नहाने से स्वयं के, पुरखों के पाप धुल जाएंगे और आगे की सात पीढ़ियों को पुण्य लाभ मिलेगा। महाकुंभ में स्नान से जन्म-जन्म के पुण्य फलेंगे। एक पाखंडी नें तो यह तक कह दिया कि जो कुम्भ में मरे उन्हें मोक्ष प्राप्ति हुई है--मौत मत कहिए। एक तथाकथित पाखंडी कथावाचक, सनातन के नाम पर कुछ का कुछ बोलने वाला कह रहा है--महाकुंभ में स्वर्गवासी देवियां, देवता लोग व व्यासजी महाराज व परशुराम जी जैसे अनेक सिद्ध पुरुष मानव रुप में स्नान करने आते है--, हम उन्हें देख पाए यह तो पवित्र सनातनी आत्माओं को ही नसीब होता है--अपवित्र आत्माएं उन्हें नहीं देख पाती जैसे कि नेत्र ज्योति कम/खराब होने पर हम आसपास की चीजों को नहीं देख पाते। विज्ञापन देखिए--महा कुम्भ में स्नान करने से अमरत्व मिलता है, फिर तो 30 करोड़ से उपर तो मीडिया के अनुसार स्नान कर चुके-- उन्हें तो अमरत्व प्राप्त हो गया!!!

सरकार व मीडिया नें कुम्भ स्नान को एक बड़े राजनीतिक-व्यापरिक उत्सव-कार्य में बदल दिया----आस्था को पीछे छोड़ आडम्बर-पाखंड नें प्रमुखता ले ली।

प्रयाग में दो बड़ी नदियां मिलती है और तीसरी की कल्पना कर ली। सरस्वति नदी एक वास्तविकता थी। उसके बहाव क्षेत्र, दिशा पूर्णतः गंगा-यमुना से भिन्न थे। हां, सब का उद्गम हिमालय था-है किंतु हिमालय में हुई भौगोलिक घटनाओं नें सरस्वस्ति को विलुप्त कर दिया। अब पाखंड फैलाने वाले कहते है कि सरस्वति आकाश से आकर अदृश्य रूप से गंगा-यमुना में मिलती है।

ज्योतिष की बात करें तो भारत के चिंतकों नें सराहनीय कार्य किया कि नक्षत्रों की गति व समय की गणना के लिए जहां आकाश धरती पर मिलता है वहां एक ओर से दुसरी ओर (पश्चिम से पूर्व से) तक के आकाश को समानांतर रूप से विभक्त कर दिया और पृथ्वी, चंद्रमा जैसे-जैसे इन क्षेत्रों मे परिगमन करते है वैसे दिन और रात के समय की घटत-बढ़त व समय की गणना आसान हुई। इसको भी आदमी के भाग्य दुख-दर्द के साथ जोड़ कर पाखंड का धंदा बना लिया। पाखंड की अति देखिए, यहां तक होने लगा कि आने वाली संतान सर्वश्रेष्ठ, प्रभावशाली, अमीर बने तो अमुक मुहर्त में ही प्रसव करना है चाहे सिजेरियन ही कराना पड़े। उपचार, ओप्रेसन के लिए भी शुभ मुहर्त निकलवाया जाता है। हर अच्छी-बुरी बात को आदमी के क्रम से दूर ज्योतिषीय गणनाओं के साथ जोड़ दिया।

चलते-चलते, कुछ कथा वाचक जो आए दिन यात्राएं निकाल रहे है, भारत को सनातन हिन्दू राष्ट्र बनाने के लिए उस पर भी--सनातन शब्द वेद, उपनिषदों, रामायण, महाभारत, पुराणों में नही प्रयोग में नहीं आया। सनातन मूल्यों, कार्यों, जिम्मेदारियों की संहिता है। परमात्मा, जन्म, मरण सना हैं। सनातन का अर्थ है साश्वत-सदा बना रहने वाला। सनातन में धर्म, पूजा, जप-तप-दान-सत्य-अहिंसा-दया-क्षमा वाला आचरण है। ईश्वर, आत्मा, मोक्ष पर ध्यान का करना सनातन है।

कुछ पंक्तियां सोशल मीडिया में घूम रही है।

**''देखा कहर अमावस का,**
**दिल में गड़ गई शूल।**
**कठमुल्ले सब नाच रहे, बरस रहे हैं फूल ॥**
**तपस्वी हुए धनवान, गृहस्थ हो रहे निर्धन।**
**मानस के उत्तर कांड में कलियुग के वर्णन॥''**

कलियुग में आचारहीन और वेद विरोधी लोग ज्ञानी और संन्यासी कहलाएंगे। क्या सटीक बात कही तुलसी दस जी नें, लगभग 10000 साल पहले।

**–महावीर सिंह, पूर्व आईएएस**

# इलाज और रोगमुक्ति के फर्क को समझना होगा



डॉ. रामावतार शर्मा

एक सामान्य-सी बात अक्सर सुनी जाती है कि जीवन कांटों की डगर है। परंतु यह कथन सत्य से काफी दूर लगती। असंख्य मानवीय कठिनाइयां टाली जा सकती हैं और ऐसा न कर पाने की वजह कोई मूढ़ता नहीं बल्कि ज्ञान की कमी का होना है। इस परिप्रेक्ष्य में देखें तो मनुष्य की कितनी ही व्याधियों और यहां तक कि उसकी समय पूर्व मृत्यु तक का कारण शरीर एवं शरीर के अंगों की कार्य प्रणालियों के बारे में उसकी अनभिज्ञता है। सन 1700 तक दुनिया में चीनी नहीं थी, गुड़ और शक्कर का सामान्य लोगों को पता नहीं था। यानी भोजन में कार्बोहाइड्रेट्स की बहुतायत नहीं थी। पृथ्वी पर शराब सबको उपलब्ध नहीं थी और नहीं थे वे सब तेल जिनसे तले हुए भोजन को बनाया जाता है। माना जाता है कि भारत में प्राचीन समयमें गन्ने से गुड़ शक्कर बनाया जाता था। आगे चलकर मिश्र में चीनी बनाने की विधि विकसित हुई जो भारत में आ कर मिश्री कहलाई। ये सब बातें आंशिक सत्य भी हो सकती हैं परंतु उस समय शर्करा को एक औषधि के रूप में जाना जाता था जिसका उपयोग सिर्फ धनाढ्य लोगों की पहुंच में था। औद्योगिक एवं परिवहन क्रांति के बाद चीनी का प्रवेश हर घर में बहुतायत से हो गया। इसी प्रकार खाद्य तेल भी घर घर पहुंच गया। प्रारंभ में तो सब कुछ ठीक था क्योंकि लोग हर कार्य के लिए कठिन शारीरिक परिश्रम करते थे जिसमें कैलोरी, कार्बोहाइड्रेट और चर्बी आदि सभी काम आ जाते थे क्योंकि अधिकतर लोगों को भोजन भी सीमित मात्रा में उपलब्ध होता था।

विज्ञान के तीव्र विकास से 19वीं सदी के प्रारंभ से मानव इतिहास के बड़े परिवर्तनों की शुरुआत होने लगी। बदलती जीवनशैली में सुविधाएं ही लोगों की मृत्यु का सबसे बड़ा कारण बनने लगी और आज के समय में जीवनशैली से संबंधित रोगों ने कई वैश्विक महामारियों का रूप ले लिया है। हमारे मेटाबॉलिज्म में आधारभूत परिवर्तन आने लगे हैं जिनको समझना जीवन को बचाए रखने जैसी बात हो चला है। 20वीं सदी के प्रारंभ और उसके पहले और भारत में तो इसके आखिरी चरण तक फैटी लिवर जैसे किसी रोग का नाम तक नहीं था।

आज यह रोग विश्व का अठाणी रोग बन कर एक महामारी का रूप ले चुका है। पूरी दुनिया में, सहारा अफ्रीका के कुछ देशों को छोड़ कर, लोगों का शारीरिक वजन खतरनाक स्तर पर बढ़ गया है। फैटी लिवर सिरोसिस का रूप लेकर लिवर ट्रांसप्लांट का प्रमुख कारण बन गया है। लिवर, किडनी, पेट, पैंक्रियाज और यहां तक कि हृदय के बाहर एवं मांसपेशियों के तंतुओं के बीच फैट जमा होने से इंसुलिन के प्रति प्रतिरोध बढ़ने से रक्त में इंसुलिन के स्तर बढ़ रहे है जिसे हाइपर इन्सुलिनिमिया की स्थिति कहते हैं। इंसुलिन प्रतिरोध होने से इसके उच्च रक्त स्तर होने के बावजूद ब्लड शुगर लेवल भी बढ़ रहे हैं।

भोजन में फ्रुक्टोज की बहुतायत होने से यूरिक एसिड के रक्त स्तर बढ़ रहे हैं। यूरिक एसिड शरीर में व्यापक प्रज्वलन (इन्फ्लेमेशन) पैदा कर रहा है। हाइपर इन्सुलिनिमिया और उच्च यूरिक एसिड होने से कैंसर होने की संभावनाएं 12 गुणा, अल्जाइमर की 5 गुणा और हार्ट अटैक की संभावनाएं 6 गुणा बढ़ जाती हैं।

आधुनिक भोजन और फास्ट फूड हमारी निष्क्रिय जीवनशैली के साथ मिल कर कोशिकीय मेटाबॉलिज्म में भारी नकारात्मक प्रभाव पैदा करते हैं। यही कारण है कि पूरे विश्व और खासकर भारत में क्रॉनिक बीमारियों की बाढ़ सी आ गई है और लोग अरबों रुपए की दवाएं खाने के बावजूद रोग मुक्त नहीं हो पा रहे हैं।

याद रखना चाहिए कि डॉक्टर, वैद्य, होमियोपैथ आदि सभी क्रॉनिक बीमारी में राहत और यदाकदा रोगमुक्ति दिलवाने के लिए प्रशिक्षित किए जाते हैं। आप के शरीर को स्वस्थ रखना आपकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। इस जिम्मेदारी का निर्वाह आप सिर्फ ज्ञान द्वारा ही कर सकते हैं वरना यह एक कठिन कार्य होगा और यदि आनुवांशिकता का सहारा न हो तो किसी भी गंभीर बीमारी की शुरुआत होना संभव होगा। हाई बीपी, हाई रक्त ट्राइग्लिसराइड, हाई ब्लड शुगर और पेट की मोटाई इंगित करते हैं कि आपका मेटाबॉलिज्म खतरनाक स्तर तक बिगड़ चला है।


यदि आप अपने आप को उपरोक्त किसी भी स्थिति में पाते हैं तो अपने डॉक्टर से तो सलाह लेते रहिए पर इससे भी कहीं बेहतर होगा कि आप किसी ऐसे जीवन सलाहकार से राय लें जो मेटाबॉलिज्म के बारे में आपको सलाह ही नहीं बल्कि प्रशिक्षण दे सके ताकि आप जीवन पर्यंत महज दवा का सेवन ही नहीं करते रहें बल्कि रोग के व्यापक दुष्प्रभावों से मुक्त तो सकें और संभवतः रोगमुक्त भी हो सकें। आज कल जो यकायक मृत्यु के मामले आ रहे है इनके पीछे मेटाबोलिक स्वास्थ्य में व्यापक गड़बड़ी जिम्मेदार होती है। माना मृत्यु निश्चित है पर क्या समय पूर्व मृत्यु को सार्वभौमिक स्वीकृति प्राप्त है? जरा सोचिए और स्वस्थ जीवन की तरफ कदम बढ़ाइए।

**–डॉ. रामावतार शर्मा,**
**( चिकित्सक एवं लेखक )**

# राजस्थान में व्यवस्थित रूप से हो रहा है नई शिक्षा नीति का क्रियान्वयन : कृष्ण कुणाल

**जयपुर।** शिक्षा समाज की रीढ़ है। एक शिक्षित समाज ही सही मायने में विकसित समाज बन सकता है। भारत की शिक्षण प्रणाली में नई शिक्षा नीति 2020 एक क्रांतिकारी बदलाव लेकर आई है। यह नीति केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा के संपूर्ण ढांचे को बदलने का प्रयास करती है। नई शिक्षा नीति के तहत बुनियादी शिक्षा को अधिक मजबूत व समावेशी बनाने के लिए कई अहम नियम बनाए गए हैं और बदलाव किए गए हैं। राजस्थान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन में विभिन्न पहल एवं गतिविधियां शामिल हैं जिन्हें शिक्षा विभाग द्वारा व्यवस्थित सामंजस्य के साथ लागू किया जा रहा है।

शासन सचिव शिक्षा कृष्ण कुणाल का कहना है कि नई शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन को प्रभावी बनाने के लिए, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने स्कूल शिक्षा के लिए कार्यान्वयन योजना विकसित की है, जिसे Students and Teachers Holistic Advancement through Quality Education (SARTHAQ) कहा जाता है। (SARTHAQ) ने नई शिक्षा नीति की सिफारिशों को कार्यान्वित करने के लिए 297 कार्यों को स्पष्ट लक्ष्यों, परिणामों और समय सीमाओं के साथ परिभाषित किया है। इन कार्यों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए 6 समितियां बनाई गई हैं, जो नई शिक्षा नीति के विभिन्न आयामों पर केंद्रित हैं। ये समितियां नई शिक्षा नीति की सिफारिशों को लागू करने की दिशा में लगातार काम कर रही हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय (MOE) ने कार्यों के कार्यान्वयन की प्रगति को ट्रैक करने के लिए एक ट्रैकर विकसित किया जिसके माध्यम से हर महीने प्रगति के अपडेट शिक्षा मंत्रालय के साथ साझा किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त नई शिक्षा नीति के 86 महत्वपूर्ण पैराग्राफ और उनकी सिफारिशों को समाहित करने के लिए समग्र शिक्षा योजना को पुनर्कल्पित किया गया है ताकि इसे नीति के अनुरूप और सभी के लिए समान गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य के अनुरूप बनाया जा सके।



कृष्ण कुणाल

**हर बच्चे तक पहुंचेगी शिक्षा की रोशनी, हर शिक्षक बनेगा मजबूत :-**कृष्ण कुणाल वर्ष 2025 में राजस्थान में नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन की दिशा में विभाग के दृष्टिकोण के बारे में बताया हैं कि इस वर्ष में सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और शिक्षकों में से कम से कम 90 प्रतिशत को ECCE और FLN की उन्नत पद्धितयों में प्रशिक्षित करने और बालवाटिका कार्यक्रम को सभी प्राथमिक विद्यालयों में लागू करने की दिशा में काम किया जाएगा। सार्वभौमिक पहुंच और समानता के लिए वंचित समुदायों के बच्चों को प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा में शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जाएगा। ड्रॉपआउट कम करने के लिए छात्रवृत्ति और प्रोत्साहन योजनाएँ शुरू करना, सभी स्कूलों में उच्च गति इंटरनेट और आधुनिक ICT उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करना, शिक्षकों के लिए डिजिटल प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विस्तार करना, व्यावसायिक शिक्षा का विस्तार करने के लिए कक्षा 9-12 के कम से कम 50 प्रतिशत छात्रों को व्यावसायिक प्रशिक्षण देना और उन्हें उद्योग भागीदारों से जोड़ना प्रमुख उद्देश्य हैं। इनके साथ ही उद्यिमता शिक्षा मॉड्यूल शुरू करने, राज्य साक्षरता केंद्र के माध्यम से वयस्क साक्षरता कार्यक्रमों का विस्तार करने, डिजिटल साक्षरता को वयस्क शिक्षा का अहम हिस्सा बनाने व सभी जिलों में न्यूनतम साक्षरता स्तर सुनिश्चित करने की दिशा में काम किया जाएगा।

इस वर्ष में NEP कार्यान्वयन के लिए निगरानी ढाँचे को मजबूत करने और डेटा विश्लेषण व रीयल-टाइम ट्रैकिंग सिस्टम का उपयोग करने का भी लक्ष्य है। साथ ही गैर सरकारी संगठनों व निजी क्षेत्र के सहयोग से राज्यभर में नई शिक्षा नीति से संबंधित कार्यक्रम चलाए जाने की योजना है।

# पोकरण में मरू महोत्सव का आगाज, लोगों में उत्साह नहीं

**पोकरण**, (कासं)। जिला प्रशासन व पर्यटन विभाग की ओर से जैसलमेर के विख्यात मरु महोत्सव का आगाज तो जिले का प्रवेश द्वार परमाणु नगरी से शुरू कर दिया गया है, लेकिन पर्यटन विभाग द्वारा वित्तिय सहयोग नाममात्र का देने व पालिका प्रशासन के मद से मरू महोत्सव कार्यक्रम कराने से अव्यवस्थाओं के कारण भीड़ नहीं बढ़ पा रही है। साथ ही आयोजकों का भी ठहराव नहीं होने के कारण लोग बीच कार्यक्रम ही रुखसत हो जाते है।

गौरतलब है कि वर्षों से जैसलमेर में प्रतिवर्ष तीन दिवसीय मरु महोत्सव का आयोजन किया जाता है। पूर्व में 2008 व 2009 में पोकरण में एक दिवसीय मरु महोत्सव शक्ति स्थल मे आयोजन किया गयाथा। जिसके बाद से पोकरण में महोत्सव आयोजित नहीं हो रहा था। पुनः वर्ष 2019 में एक दिवसीय मरु महोत्सव आयोजित हुआ। जिसके बाद 2020 में कोरोना संक्रमण के कारण आयोजन नहीं हो सका। 2021 के बाद लगातार प्रतिवर्ष जिले के मरु महोत्सव का आगाज पोकरण से होता आ रहा है। गत वर्ष दिन में पोकरण और रात में प्रथम परमाणु परीक्षण स्थल लोहारकी के धोरों के बीच कार्यक्रम में बाहरी कलाकारो ने बढ-चढकर भाग लिया था। इस वर्ष एक दिवसीय नव फरवरी को मरूत्स कार्यक्रम का आगाज मेवदेसी विदेशी पर्यटकों को कस्बे में हो रहे आयोजनों के दौरान कई अव्यवस्थाओं से भी रु-ब-रु होना पड सकता है। जिसके कारण देसी विदेशी पर्यटकों का ठहराव नहीं हो रहा है। साथ ही देशी व विदेशी पर्यटक भी नहीं पहुंच पा रहे है।

वही पालिका क्षेत्र में स्टेडियम एवं डाउन हॉल के अभाव में- मरु महोत्सव के आगाज पर कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मैदान में कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

कार्यक्रम के दौरान छायापानी के लिए कोई व्यवस्था नहीं होती है। ऐसे में कडी धूप में लोगों का बेहाल हो जाता है और वे अपने घरों की तरफ रुख कर लेते है। जिसके कारण लोगों को बाजार से पानी कि बोतलें खरीदनी पडती है, जो हर किसी के बूते से बाहर है। ऐसे में उन्हें घरों से बोतलें लेकर आनी पडती है अथवा वापिस घरों की तरफ जाना पडता है। वही कार्यक्रमों के आयोजनों में नवाचार की भी दरकार किया गया है। गत वर्षों में इक्के-दुक्के लोक कलाकारों के साथ बाहरी कलाकारों को बुलाया गया। वही पालिका प्रशासन पर लाखों रुपए का वित्तीय भार होने के कारण शहर का विकास रुका,साथ ही स्कूली विद्यार्थियों के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

मंगणियार समाज के साथ जिले के कलाकारों को मौका नहीं मिला। जिससे सांस्कृतिक कार्यक्रम में समा नहीं बंध सका। कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के दौरान भी कई दर्शक मैदान तक पहुंच जाते है। जिसके कारण प्रतिभागियों को परेशानी होती है। गत वर्ष आयोजित कार्यक्रम के शुरू होने के कुछ मिनटों बाद ही आयोजक गायब हो गए।

यही नहीं जिला स्तर से आए अधिकारी तो केवल शोभायात्रा तक ही सीमित रहे। मुख्य कार्यक्रम स्थल तक भी नहीं पहुंच आए। जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की गैर मौजूदगी में मंच खाली ही दिखे। ऐसे में शोभायात्रा की भीड कार्यक्रम में आधी भी नहीं रही।

कार्यक्रम के आयोजन के दौरान अव्यवस्थाओं की भरमार के कारण लोग कुछ ही देर में रवाना हो जाते है। उनके लिए सड़क मार्ग, छाया, पानी आदि की व्यवस्था नहीं रहती। जिसके कारण तपती धूप में बिन पानी बैठना भी मुश्किल हो जाता है। कार्यक्रम में व्यवस्थाओं में सुधार किया जाता है तो आने वाली भीड रुक सकती है।

इसी प्रकार पर्याप्त प्रचार प्रसार की भी गत वर्ष कमी रही। जिसके कारण विदेशी तो दूर की बात देशी पर्यटक भी नजर नहीं आए। पर्याप्त प्रचार प्रसार के साथ सेलिब्रिटी नाइट में किसी मशहूर हस्ती को बुलाया जाए तो कार्यक्रम सफल हो सकता है।

मरु महोत्सव परमाणु नगरी जिले के प्रवेश द्वार में कार्यक्रम भव्य बनाने के लिए पर्यटन विभाग,व स्थानीय जनप्रतिनिधि कि रूचि व सहयोग, एवं केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा परमाणु नगरी को पर्यटक के रूप में उभारने के लिए देशी विदेशी पर्यटकों का ठहराव व आकर्षक करने के लिए प्रचार प्रसार व वित्तिय सहायता के साथ जनसहयोग होना बहुत जरूरी है।

## उच्च मा.विद्यालय रामदेवरा का निरीक्षण

**रामदेवरा**, (कासं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एंड गाइड की जिला संगठन आयुक्त कृतिका पाराशर ने पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामदेवरा में स्काउट गाइड गतिविधियों का निरीक्षण किया।

स्काउट गाइड प्रभारी वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक बाबूराम लीलड ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को जिला संगठन आयुक्त द्वारा विद्यालय में स्काउट गाइड की विभिन्न गतिविधियों का बारीकी से निरीक्षण कर संतोष व्यक्त किया गया । सीओ भारत स्काउट गाइड ने फरवरी माह में प्रस्तावित जिला स्तरीय स्काउट गाइड रैली में बालक बालिकाओं को अधिकाधिक संख्या में भाग लेने का आवाहन किया। जिला संगठन आयुक्त विद्यालय के स्काउट एवं गाइड से मुखातिब हुई तथा स्काउट एंड गाइड गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने महात्मा गांधी माध्यमिक विद्यालय रामदेवरा एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय लाठी में भी स्काउट गाइड गतिविधियों का निरीक्षण किया। प्रधानाचार्य उगमसिंह तंवर, भारत स्काउट गाइड के तहसील सचिव शिवशंकर, गाइडर सीता एवं पंचायत शिक्षक कानसिंह तंवर उपस्थित रहे।

# डॉक्टर को वाट्सअप पर झांसा, 62.80 लाख की ठगी

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के एक डॉक्टर ठगी का शिकार हो गए। शातिर ने वाटसअप पर भेजे लिंक पर मित्रता करते हुए उन्हें ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर अपनी ठगी का शिकार बनाया और 62.80 लाख रूपए ऐंठ लिए। अब उनकी तरफ से भगत की कोठी थाने में रिपोर्ट दी गई है।

कृष्णा नगर पाली रोड भगत की कोठी निवासी डॉक्टर तेजपाल फिडौदा की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उनके वाटसएप पर इस्किया टॉप नामक ऐप ज्वाइन करने का लिंक मिला था। तब उस लिंक पर जाकर वो ऐप व ठ्रुप जाईन कर लिया।

उस ठ्रुप में एडमिन के 5 मोबाईल नम्बर थे। वहां मेरी चैट व वाहटसएप पर मुख्य रुप से निहारिका तिवारी एवं सौरभ जैन से होती थी। उनका एक स्टैण्डो चोर्टड वैल्थ ग्रुप बना था, जिस पर वो सभी जानकारी देते थे। उन्होंने कहा कि वे मेरा पैसा अपनी कम्पनी के द्वारा इस्टिट्ययुशनल एकाउंट में जमा करेंगे और शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करके अधिक मुनाफा देंगे और 4 महिने में 500-750 का मुनाफा दिलवाएंगे। उन्होने डीमेट अकाउंट में ट्रेडिंग के लिए मना कर दिया और अपने मोबाईल एवं ओटीसी एवं आईपीओ में इस्टिट्ययुशन ट्रेडिंग अकाउंट खोल दिया व ओटीसी एवं आईपीओ व इष्टीट्ययूशनल ट्रेडिंग में पैसे लगवाने लगे।

उन्होंने मुझसे से कई खातो में पैसे ट्रासफर करवाए। अब मेरे पैसे फ्रिज कर दिए तथा पैसे निकालने के लिए और पैसे जमा करवाने का दबाव बना रहे है। शातिर लोग अपने आप को स्टैण्डर्ड चार्टड बैंक के स्टैण्डर्ड चार्टड वैल्थ फण्ड से जुड़ा बताते थे। आरोपियों ने यह लिंक 3 जनवरी को भेजा और सप्ताह भर में ठगी का शिकार बनाते हुए 62.80 लाख रूपए ऐंठ लिए।

## घर वाले बाजार में, चोर माल ले गए

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर के राजीव गांधी नगर थाना क्षेत्र के एक मकान में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना के समय मकान में रहने वाले लोग खरीददारी के लिए बाजार गए थे। इसका फायदा उठाकर चोर मकान में घुसे और सोने-चांदी के आभूषण व नगद रुपए चुराकर ले गए। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश में जुटी हुई है।

थाने में दी रिपोर्ट में संतोष कंवर पत्नी राजेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि वह वर्तमान में चौपासनी की शिक्षक कॉलोनी गली नंबर 5 में परिवार सहित रह रही है। उनके पति आर्मी में सर्विस करते हैं। 3 जनवरी को सुबह घर से 10 बजे शहर में कपड़े खरीदने के लिए गई थी। वापस आते समय अपने पीहर सुंथला में रुक गई थी। 4 जनवरी की दोपहर 2 बजे दिन में कॉलोनी से पड़ोसी ने फोन कर बताया कि मकान का ताला टूटा हुआ है। इस पर वह पीहर से घर पर आई तो देखा कि अंदर मैन गेट का ताला टूटा हुआ था। कमरे में देखा तो अलमारी में रखी ज्वेलरी गायब मिली।

कर उनके मकान से 6 सोने की अंगूठी, ढाई तोला कानों का सेट, आधा तोला वजनी रखड़ी, ढाई तोला वजनी गले का से, ढाई तोला वजनी शीश फूल, दो तोला वजनी मंगलसूत्र सहित चांदी की भी 16 तोला वजनी पायल और नगद रुपए चुराकर ले गए।

## सार-समाचार

### नवो बाड़मेर अभियान की समीक्षा

**बाड़मेर**,(नि.सं.)। जिला कलक्टर टीना डाबी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में बैठक आयोजित कर बाड़मेर शहर की स्वच्छता के लिए चलाए जा रहे नवो बाड़मेर अभियान की समीक्षा की। उन्होंने इस कार्यक्रम के तहत शहरी विकास, यातायात, सफाई व्यवस्था, वर्षा जल निकासी एवं सौन्दर्यकरण के कार्यों पर केन्द्रित कार्य योजना के सफल क्रियान्वयन एवं पर्यवेक्षण कार्यों की समीक्षा की। जिला कलक्टर टीना डाबी ने वार्डवार प्रभारियों से उन्हें आवंटित वार्ड की साफ-सफाई के बारे में फीडबैक लिया। अधिकारियों द्वारा उनके वार्ड में एकत्रित कचरे के ढेर और स्थाई रूप से जमे कचरे के निस्तारण के बारे में सुझाव दिए, जिस पर जिला कलक्टर ने नगर परिषद् के अधिकारियों को तुरंत अमल करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने नालों की सफाई नियमित करने और कुछ जगहों परनालों को पट्टियों से ढकने सहित आवश्यक निर्माण कार्य करवाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने घर-घर कचरा संठाहण की व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सम्बंधित संवेदक को पाबंद किया जाए और कचरा संठाहण की व्यवस्था में कोई कोताही नहीं बरती जाए। जिला कलक्टर ने आवारा पशुओं की उचित रोकथाम के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक नरेन्द्रसिंह मीना ने कचरा फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के बात कही। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेन्द्रसिंह चांदावत, नगर परिषद् आयुक्त श्रवणसिंह राजावत, उपखंड अधिकारी वीरमाराम, पुलिस उप अधीक्षक रमेश शर्मा, जिला कोषाधिकारी जसराज चौहान एवं आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उप निदेशक जसवन्त गौड़ उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का जोधपुर में स्वागत हुआ

**जोधपुर**, (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के बुधवार को जोधपुर पहुंचे । यहां पहुंचने पर एयरपोर्ट पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की जोधपुर एयरपोर्ट पर अगवानी की। मुख्यमंत्री एक दिवसीय यात्रा पर जोधपुर होते हुए जालौर पहुँचकर वहां विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर जीव जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष जसवंत सिंह विश्नोई, नगर निगम (दक्षिण) महापौर सुश्री वनिता सेठ, जोधपुर विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र सिंह राठौड़, पूर्व मेयर घनश्याम ओझा, राजेंद्र पालीवाल, त्रिभुवन सिंह भाटी, जिला कलक्टर गौरव अठावाल, पुलिस आयुक्त राजेंद्र सिंह सहित जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारिगण उपस्थित थे। बाद में मुख्यमंत्री जालोर के लिए रवाना हो गए।

### पानी का लेवल देखने गया युवक छत से गिरा

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के पावटा क्षेत्र में रहने वाले एक युवक की छत से गिरने पर मौत हो गई। वह पानी का लेवल चैक करने टंकी पर चढ़ा था। पैर फिसलने से नीचे गिर गया। पुलिस ने शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द किया। इस बारे में उसके मामा की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई। महामंदिर पुलिस ने बताया कि पावटा निवासी 35 वर्षीय अमित कुमार पुत्र अशोक कुमार अपने घर में छत पर टंकी में पानी का लेवल चैक करने चढ़ा था। तब छत से उसका पैर फिसल गया और वह नीचे गिर गया। जिससे बुरी तरह घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, मगर बाद में उसकी मौत हो गई। उसके मामा शांतिप्रिय नगर देवनगर निवासी अनिल कुमार अठावाल ने मर्ग में रिपोर्ट दी है। पुलिस ने शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया।

### गौरव सैनानियों के लिए शिविर आज

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। जिले के भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं के समाधान के लिए 6 फरवरी को ग्राम पंचायत लीलसर, 13 को ग्राम पंचायत आरंग चोचरा, 18 को पंचायत समिति कल्याणपुर में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल विक्रमसिंह राठौड़ ने बताया कि इन शिविरों में भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की पेंशन समस्या समाधान, राज्य व केन्द्र सरकार की ओर से जारी नये आदेशों की जानकारी देने , पूर्व सैनिकों के बच्चों के भाग दो आदेश, रिलेशन प्रमाण पत्र, परिचय पत्र बनाने, पीपीओ में पत्नी का नामाकंन, पूर्व सैनिकों के बच्चों को छात्रवृत्ति योजना आदि कार्य संपादित किए जाएगें। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान सभी गौरव सैनानियों एवं उनके आश्रितों को अपनी डिसचार्ज बुक, बैंक पासबुक, पीपीओं, आधार कार्ड की फोटो प्रति एवं दो माह की बैंक से पेंशन पे स्लीप साथ लाना आवश्यक है।

### युवक का अपहरण कर मारपीट की

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र में बदमाशों ने एक युवक का किडनैप कर गाड़ी में डालकर ले गए। उसके साथ मारपीट की। मारपीट के बाद उसे उतारकर भाग गए। युवक विष्णु भाटी, निवासी ज्योति नगर, चांदना भाकर ने पुलिस को रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया कि 3 जनवरी की रात 8 बजे के करीब कायलाना रोड पर विजय सिंह पुत्र मोहन सिंह और विक्की पुत्र राम सिंह कार में डालकर ले गए और उसके साथ मारपीट की। इसके बाद कार से उतारकर चले गए। इसके बाद थाने पहुंचा और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू की है।

### पंचायत स्तर पर जनसुनवाई आज

**जालोर**, (कासं)। जिले में त्रिस्तरीय जनसुनवाई के तहत आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं के समाधान के लिए जिले के सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर 6 फरवरी को प्रातः 11 बजे से पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि फरवरी माह के प्रथम गुरूवार 6 फरवरी को ग्राम पंचायत स्तर पर जनसुनवाई शिविर आयोजित किये जायेंगे। जनसुनवाई के दौरान आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई कर उनका समाधान किया जायेगा।

# चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधा सुदृढ़ करें : यादव

**बालोतरा**,(नि.सं.)। जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव ने कहा कि बालोतरा जिले में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए सभी ब्लॉक की रैंकिंग की जाएगी। इसके लिए नए सिरे से बैठक आयोजित कर कार्य किया जायेगा। विभिन्न योजनाओं एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों के आधार पर निर्धारित मानकों की सभी बीसीएमओ एवं चिकित्सा अधिकारियों द्वारा पालना सुनिश्चित करनी होगी। प्रदर्शन औसत स्तर से नीचे होने पर संबंधित अधिकारी एवं कार्मिक की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव ने बुधवार को कलेक्ट्रेट कोंफ्रेंस हाल में इस सम्बन्ध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी ब्लॉक के बीसीएमओ अपने सेक्टर के ई केवाईसी, आयुष्मान कार्ड वितरण व टीबी स्पुटम का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कर स्वास्थ्य सेवाओं की प्रदायगी के स्तर को और बेहतर बनाएं। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिला कलक्टर ने एएनसी पंजीकरण, 12 सप्ताह एएनसी, टीकाकरण, संस्थागत प्रसव में कम प्रगति वाले चिकित्सा संस्थानों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियो को अविलंब सूचकांको में सुधार के लिए आशा एवं एएनएम का सहयोग लेकर कार्य योजना अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वाकाराम चौधरी ने चिकित्सा अधिकारियों को जिले में स्वास्थ्य विभाग की समस्त योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन करने तथा महत्वपूर्ण योजनाओं मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना, मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना, एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम, परिवार कल्याण कार्यक्रम व जननी सुरक्षा योजना का बेहतरीन ढंग से संचालन कर इसकी प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। आरसीएचओ डॉ. ताराचंद ने विभागीय गतिविधियों पर विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

जिला कार्यक्रम अधिकारी विजय सिंह ने कहा कि आमजन को निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराने की दृष्टि से मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना महत्वाकांक्षी पहल है।

इस योजना का प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए अधिकाधिक लोगों को इस योजना से जोड़ें। आयुष्मान कार्ड वितरण के शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किए जाएं। आयुष्मान आरोग्य शिविरों का नियत दिवस पर आवश्यक रूप से आयोजन हो। शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य हासिल करने के साथ ही यू विन पोर्टल पर इसका नियमित अपडेशन किया जाए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में चिकित्सा तंत्र को मजबूत बनाने एवं उपचार में सुगमता के लिए सभी व्यक्तियों की आभा आईडी बनाई जाए। इस कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने लक्ष्य में पिछड़ने वाले ब्लॉक पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बैठक में मौसमी बीमारियों की भी समीक्षा की गई। मौसमी बीमारियों के केस कम होने के बावजूद सतर्कता बरतें। बचाव के लिए आवश्यक गतिविधियां नियमित रूप से संचालित की जाएं। जांच एवं उपचार की माकूल व्यवस्था रहे।

बैठक के दौरान आरसीएचओ डॉ. ताराचंद, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. संदीप देवात, डीपीओ विजय सिंह समस्त बीसीएमओ तथा सीएचसी व पीएचसी चिकित्सा अधिकारी प्रभारी, बीपीएम व बीएनओ आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला

**जोधपुर**, (कासं)। पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र. 2, वायुसेना स्थल में शिक्षकों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय काउंसलर डॉ. प्राची गौड़ ने शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत और रोल मॉडल होते हैं। उन्होंने महान व्यक्तित्व के निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका को रेखांकित किया।

डॉ. गौड़ ने विद्यार्थियों के लिए काउंसलिंग और साइकोमेट्रिक असेसमेंट की आवश्यकता पर भी चर्चा की। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने और छात्रों के समठा विकास में इसकी भूमिका पर जोर दिया।

विद्यालय के प्राचार्य गजेन्द्र जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रशिक्षण से न केवल शिक्षकों का शैक्षिक ज्ञान समृद्ध होगा, बल्कि यह छात्रों के उज्जवल भविष्य के निर्माण में भी सहायक सिद्ध होगा।

गौरतलब है कि पीएमश्री योजना के तहत विद्यालय में विभिन्न कार्यशालाओं और काउंसलिंग सत्रों का आयोजन रिमार्केबल एजुकेशन के सहयोग से किया जा रहा है।


**सार्वजानिक नोटिस**

मैसर्स अवाडा एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड (एईपीएल), जिसका पंजीकृत कार्यालय 406, हबटाउन सोलारिस, एन. एस. फडके मार्ग, अँधेरी (ई), मुंबई - 400069 में स्थित है, भारत सरकार को विद्युत् अधिनियम, 2003 की धारा 164 के तहत विद्युत् ट्रांसमिशन के लिए विद्युत् लाइनों अथवा विद्युत् संयंत्र की स्थापना के लिए अथवा टेलिफ़ोन या टेलीग्राफिक संचार के उद्देश्य से कार्यों के उचित समन्वय के लिए आवश्यक वें सभी शक्तियां प्रदान करने के लिए आवेदन करने की इच्छुक है, जो टेलीग्राफ प्राधिकरण द्वारा भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 के तहत सरकार दवारा स्थापित किये गए या बनाये गए या स्थापित किये जाने वाले या बनाए जाने वाले टेलीग्राफ के उद्देश्य से टेलीग्राफ लाइनों और पोस्टों की स्थापना के सम्बन्ध में धारित हैं, और निम्नलिखित ट्रांसमिशन योजना के लिए सर्वेक्षण, निर्माण, संस्थापन, निरीक्षण, उत्थापन और अन्य कार्य के पश्चात प्रचालनारम्भ, प्रचालन, अनुरक्षण और अन्य कार्य करेगी:

**ट्रांसमिशन योजना का नाम:** "अवाडा एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के शिव तहसील, जिला-बाड़मेर, राजस्थान में स्थित 300 मेगावाट हाइब्रिड आरई पावर प्रोजेक्ट्स के लिए कनेक्टिविटी प्रणाली"।

**योजना के अंतर्गत ट्रांसमिशन लाइन का नाम:** अवाडा एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के शिव तहसील, जिला-बाड़मेर, राजस्थान में स्थित (50 मेगावाट+250 मेगावाट) हाइब्रिड आरई पावर प्रोजेक्ट्स के कॉमन जेनरेशन पूलिंग स्टेशन - फतेहगढ़-IV पीएस (सेक्शन-II) 220 केवी एस/सी लाइन (डी/सी टावरों पर)।

लाइन की लम्बाई लगभग 23 किमी है, जिसमें से 21 किमी लाइन को डी/सी टावरों पर एस/सी लाइन के रूप में और फतेहगढ़-IV पीएस छोर से लगभग 2 किमी लाइन को एम/सी टावरों पर एस/सी लाइन के रूप में कार्यान्वित किया जाएगा।

उपरोक्त शिरोपरि ट्रांसमिशन लाइन प्रस्तावित रूट के आधार पर निम्नलिखित गाँवों, कस्बों और शहरों से, उनके बीच से, ऊपर से और आसपास से होकर गुजरेगी:

| क्रम सं. | गाँव | तालुका | जिला |
|---|---|---|---|
| 1. | आगोरिया, बलाई, भोजा भाकरी, गिरल, गूंगा, हड़वा, हड़वेचा, कोटड़ा, निम्बासर, निम्बला, पूंजराजसिंह की ढाणी, राणा की ढाणी, रते कुम्हारों की ढाणी, शिव, जालीला का पार, थूम्बली, हाथीसिंह की ढाणी, जसे का गांव, जोरा नाडा (जोरानाडा), कुम्हारों की ढाणी, जालीला की ढाणी, हुकुमसिंह की ढाणी, रतो भाखर, रावत का गांव, जूणेजो की बस्ती, बिसू कला (बिसूकला) | शिव | बाड़मेर |

रूट संरेखण की प्रति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निरीक्षण हेतु उपलब्ध है. आम जनता को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वह ट्रांसमिशन लाइन के प्रस्तावित रूट के संबध में अपनी टिपण्णी/प्रतिवेदन नोटिस के प्रकाशन की तिथि से दो माह के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते है।

अधिक विवरण और स्पष्टीकरण के लिए कृपया संपर्क करें:

पवन कुमार, महाप्रबंधक (ट्रांसमिशन), अवाडा एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, सी-11, सेक्टर-65, नोएडा-201307, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, भारत. ईमेल: pawan.kumar2@avaada.com, फोन: 0120-6757192.


# विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

बालोतरा, (नि.सं.)। जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव ने कहा कि अधिकारी राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से आमजन को लाभान्वित करने को प्रो-एक्टिव होकर कार्य करें। बैठक में उन्होने जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि पालनहार योजना से वंचित समस्त पात्र का लाभार्थियों का वार्षिक सत्यापन करावें। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजनान्तर्गत विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों को खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ दिए जाने के उद्देश्य से जिलें में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से वंचित परिवारों को योजना से जोड़ा जाये। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत जिले में लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत पशुओं का पंजीयन सुनिश्चित करें।

जिला कलक्टर यादव ने जिले में सरकारी कार्यालयों के भवन निर्माण हेतु भूमि चयन हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि भूमि चिन्हीकरण के दौरान जल विभाग और विद्युत विभाग साथ रहे, ताकि नये सरकारी कार्यालयों के भवन निर्माण से पुर्व ही जल एवं विद्युत कनेक्शन जारी किये जा सकें। उन्होने जल विभाग को आगामी गर्मी के मौसम से पूर्व नहरबंदी के दौरान जल समस्या से निपटने की पूर्व तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होने चिकित्सा विभाग की समीक्षा करते हुए शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड वितरित करवाने के निर्देश दिये। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी वांकाराम चौधरी, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी संदीप देवात, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता सोनाराम पटेल, रीको क्षेत्रीय प्रबंधक सुशील कटियार, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक नितीन गहलोत, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता छत्राराम, जिला परिवहन अधिकारी भगवाना राम, जिला रसद अधिकारी हजारी लाल आलोरिया समेत सभी जिला स्तरीय अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## ग्राम स्तरीय जनसुनवाई आज

**बालोतरा**, (नि.सं.)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं, परिवेदनाओं के निवारण एवं त्वरित समाधान के लिए त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत फरवरी माह के प्रथम गुरूवार को बालोतरा जिले के समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा।

अतिरिक्त जिला कलक्टर अशोक कुमार ने निर्देश दिये कि जनसुनवाई आयोजन को लेकर समुचित व्यवस्थाऐं सुनिश्चित की जाये। उन्होने जनसुनवाई में विभागों के संबंधित अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिये।




# 'टारगेट करियर इंस्टीट्यूट' की बस पुलिया से नीचे गिरी, एक छात्रा की मौत, नौ घायल

## बताया जा रहा है कि बस का फिटनेस पिछले साल मार्च में ही खत्म हो गया था

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** चौमूं शहर के बायपास से गुजरने वाले जयपुर-सीकर हाइवे-52 पर स्थित वीर हनुमान मार्ग पुलिया के पास बुधवार को टारगेट करियर इंस्टीट्यूट ( टी. सी. आई.) की बस पुलिया से अनियंत्रित होकर नीचे गिर गई। इस हादसे में एक छात्रा की मौत हो गई, जबकि नौ बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। बस हादसे में सभी घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर लगातार घायल छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर नजर बनाए हुए हैं। जानकारी के अनुसार हादसा बस का ब्रेक फेल होने के कारण हुआ है। बस में करीब 30 बच्चे सवार थे। घटना के बाद मौके से ड्राइवर फरार हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार बस का फिटनेस पिछले साल मार्च में ही खत्म हो गया था। फिटनेस खत्म होने के बावजूद बस बच्चों को लेकर हाइवे पर चल रही थी, जबकि बस का परमिट चौखी ढाणी से लेकर सिरसी रोड तक का था। नियमों की अनदेखी कर बस दूसरे रूट पर चल रही थी। बताया जा रहा है कि बस का मालिक कुछ दिन पूर्व ही बस को खरीदकर लाया था।

जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह करीब 7.30 बजे चौमूं शहर के बायपास से गुजरने वाले जयपुर-सीकर हाईवे 52 पर स्थित वीर हनुमान मार्ग पुलिया के पास एक बस अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे के बाद मौके पर भीड़ जुट गई। हादसे में एक छात्रा कोमल देवन्दा (18) पुत्री शिशुपाल देवन्दा निवासी रामपुरा, डाबड़ी चौमूं की मौत हो गई। कोमल टारगेट करियर इंस्टीट्यूट ( टी. सी. आई ) में कक्षा 12वीं की विद्यार्थी थी। बस जब दुर्घटनाग्रस्त हुई तब जोर का धमाका हुआ लोग धमाके की आवाज सुनकर पुलिया की ओर दौड़े। दुर्घटना की सूचना मिलते ही चौमूं थाना पुलिस मौके पर पहुंची व 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायल नौ बच्चों को नजदीक के हॉस्पिटल पहुंचाया गया।



हादसे के बाद मौके लोगों की भीड़ जमा हो गई।

गंभीर रूप से घायल बच्चों को शहर के सिद्धि विनायक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। घायलों में सुमित चौधरी पुत्र मुरलीधर चौधरी निवासी रामपुरा, अंकिता कुमावत पुत्री शिवपाल कुमावत निवासी आंकेड़ा, मनीषा चौधरी पुत्री प्रहलाद सहाय निवासी आंकेड़ा, रवि शर्मा पुत्र बाबूलाल शर्मा निवासी आंकेड़ा, संजीव बुनकर पुत्र दिनेश कुमार बुनकर निवासी आंकेड़ा, देवेश कुंदल पुत्र सोहन लाल शर्मा निवासी रामपुरा, तनु प्रजापत पुत्री राकेश प्रजापत निवासी रामपुरा, वंश वर्मा निवासी रामपुरा और अक्षिता चौधरी निवासी आंकेड़ा शामिल है।

हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने आक्रोश जताते हुए आरोप लगाया कि चौमूं में ओवरलोड वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग कार्रवाई नहीं करता है। स्थानीय लोगों ने परिवहन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की और विरोध जताया। लोगों ने बताया कि परिवहन विभाग की लापरवाही का ही नतीजा है कि प्राइवेट बसें स्कूलों के नाम पर चल रही हैं। जरूरी नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। इसी का नतीजा है कि इस तरह की घटनाएं हो रही है। लोगों ने चौमूं में अवैध वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उधर, लोगों ने यह भी जानकारी दी कि स्कूल प्रबंधन ने बस को किराए पर लगा रखा था।

नियमों के अनुसार बस का रंग पीला होना चाहिए। साथ ही, बच्चों को लाने-ले जाने के दौरान उसमें कंडक्टर भी होना चाहिए था, लेकिन इन सब नियमों की अनदेखी की गई है। घटना की सूचना मिलने पर जयपुर डीसीपी वेस्ट अमित कुमार बुडानिया चौमूं पहुंचे। उन्होंने सामोद रोड स्थित सिद्धि विनायक हॉस्पिटल में घायल बच्चों से घटना की जानकारी ली। इस मौके पर एसीपी अशोक चौहान व कार्यवाहक थाना प्रभारी गणेश सैनी, पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अनुराग शर्मा भी हॉस्पिटल पहुंचे और घटना के बारे में जानकारी ली। घटना के बाद स्कूल प्रशासन की ओर से कोई भी मौके पर नहीं पहुंचा था। इसको लेकर लोगों में भारी नाराजगी थी।



मृतक छात्रा कोमल देवन्दा

एसीपी अशोक चौहान ने लोगों से समझाइश के बावजूद लोग स्कूल प्रशासन को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े थे। उनका कहना था कि हादसे के बाद स्कूल की ओर से कोई नहीं आया है। इस बात को लेकर चौमूं के सरकारी हॉस्पिटल के बाहर लोग धरने पर बैठ गए और नारेबाजी करने लगे, जिसके बाद चौमूं एसीपी ऑफिस में दोनों पक्षों के बीच वार्ता हुई। अशोक चौहान की समझाइश पर स्कूल प्रशासन मृतक छात्रा के परिजनों को 21 लाख रुपए मुआवजा देने पर राजी हुआ। जिला परिवहन अधिकारी अनूप सिंह सहरिया ने चौमूं थानाधिकारी को पत्र लिखकर स्कूल संचालक, बस मालिक सहित दुर्घटना के लिए जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंने लिखा है कि बिना बालवाहिनी परमिट के बस गाड़ी का संचालन किया जा रहा था। फिटनेस भी पिछले साल ही खत्म हो गया था।

- बस का परमिट चौखी ढाणी से लेकर सिरसी रोड तक का था, नियमों की अनदेखी कर बस दूसरे रूट पर चल रही थी
- घटना के बाद लोगों ने आक्रोश जताया, मृतक छात्रा के परिजनों को 21 लाख रुपए मुआवजा देने पर राजी हुआ स्कूल प्रशासन
- हादसा बस के ब्रेक फेल होने के कारण हुआ, बस में करीब 30 बच्चे सवार थे, ड्राइवर फरार हो गया

# नाकाबंदी तोड़कर भागी जीप पलटी, 2.13 क्विंटल डोडा-पोस्त छिलका जब्त

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ़ थाना पुलिस ने बुधवार को नाकाबंदी के दौरान डोडा-पोस्त छिलका सहित एक पिकअप जीप तथा तस्करी एस्कॉर्ट के रूप में काम में ली जा रही एक कार जप्त की है। वहीं पति-पत्नी सहित दो अन्य आरोपियों सहित चार जनों को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि अवैध डोडा-पोस्त तस्कर नाकाबंदी को देखकर पुलिस से बचने के फिराक में और हरियाणा में घुसने के प्रयास में पिकअप जीप चालक ने तेज गति से पिकअप चलाते हुए एक ट्रक में टक्कर मार दी, जिसके कारण पिकअप जीप पलटकर क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने पिकअप जीप में भरे प्लास्टिक कट्टों से 2 क्विंटल 13 किलो 700 ग्राम डोडा- पोस्त छिलका बरामद किया है। प्रारंभिक पूछताछ में तस्करों ने पुलिस को बताया कि राजस्थान के भीलवाड़ा से डोडा-पोस्त छिलका पिकअप जीप में भरकर पंजाब ले जा रहे थे।

थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि अभियान अंतर्गत डीएसटी टीम चूरू से सूचना मिली कि एक संदिग्ध पिकअप जीप तेज गति से राजगढ़ की ओर आ रही है। जिस पर राजगढ़ थाना पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर नाकाबंदी शुरू की। इसी दौरान एक पिकअप जीप चालक नाकाबंदी को तोड़कर फरार हो गया तथा राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर स्थित गांव लुदी झाबर बस स्टैंड के नजदीक हिसार की ओर जा रहे एक ट्रक में टक्कर मार दी। इसी दौरान पुलिस भी मौके पर पहुंच गई तथा पिकअप जीप में सवार लोगों को दबोच लिया।



राजगढ़ थाना पुलिस ने अवैध डोडा-पोस्त छिलका तस्करी करते पति-पत्नी व एस्कोर्ट कर रहे दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया।

- चालक ने तेज गति से पिकअप चलाते हुए एक ट्रक में टक्कर मार दी, जिससे जीप पलटकर क्षतिग्रस्त हो गई
- पति-पत्नी सहित चार गिरफ्तार, पिकअप जीप तथा तस्करी एस्कॉर्ट के काम में ली जा रही कार को जब्त किया
- भीलवाड़ा से तस्करी कर पंजाब ले जा रहे थे अवैध डोडा-पोस्त छिलका

भागने का कारण पूछा तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए, जिस पर पुलिस ने पिकअप जीप की तलाशी लेकर जांच की तो पिकअप जीप में प्लास्टिक कट्टों में भारी मात्रा में डोडा-पोस्त छिलका भरा हुआ पाया। पुलिस ने डोडा-पोस्त छिलका तस्करी करने के आरोप में कालासिंह पुत्र बारूसिंह तथा सरबजीत कौर पत्नी कालासिंह राजपूत निवासी हण्डाया थाना सदर बरवाला हाल जोगा पुलिस थाना जोगा जिला मानसा पंजाब तथा एस्कोर्ट कर रहे वाहन कार चालक अशोक कुमार पुत्र कालाराम ओड व तरसप्रित पुत्र भोलासिंह सांसी निवासी हण्डाया पुलिस थाना सदर बरनाला जिला मानसा पंजाब को गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि डोडा-पोस्त छिलका की एस्कॉर्ट करते हुए चल रहे दो तस्करों को गिरफ्तार कर एक कार को जप्त करने में सफलता प्राप्त की।

# नौकरी लगाने के नाम पर भाई-बहन से 31 लाख रुपए हड़पे

**बीकानेर, (निसं)।** सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर भाई-बहन से 31 लाख रुपए हड़पने का मामला सामने आया है। आरोपियों के खिलाफ पूर्व में सीकर में भी एक करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी का मुकदमा दर्ज हो चुका है।

सीकर की लक्ष्मणगढ़ तहसील में बीदासर निवासी राकेश मुहाल की ओर से श्रीडूंगरगढ़ थाना पुलिस को रिपोर्ट दी गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि उसकी बहन संगीता की शादी सीकर में कटराथल के रहने वाले कमलेश कुमार जाट से हुई थी जो श्रीडूंगरगढ़ में नौकरी करते हैं। बहनोई के साथ उसके बुआ का लड़का मनोहरलाल जाट भी घर आता-जाता था। इस दौरान पिता बिजली विभाग से रिटायर हुए जिसकी मनोहर को जानकारी थी। उसने परिवादी राकेश को पुस्तकालय सहायक की नौकरी लगाने का झांसा दिया और रुपए एंठने शुरू कर दिए। श्रीडूंगरगढ़ में जीजा कमलेश से 2 लाख रुपए लेकर मनोहर को दिए। उसके बाद सितंबर, 2020 में 14 लाख रुपए और दे दिए। मनोहर ने सीकर निवासी रणजीतसिंह के साथ मिलकर लगातार नौकरी दिलाने का झांसा दिया। बहन संगीता को भी सेकंड ग्रेड टीचर लगाने के नाम पर 11 लाख रुपए ले लिए। दोनों भाई-बहन को नौकरी लगाने के नाम पर कुल 31 लाख रुपए ऐंठ लिए। दोनों परीक्षाओं का परिणाम आया और सलेक्शन नहीं हुआ तो मनोहर से रुपए वापस मांगे। पहले तो उसने लौटाने का आश्वासन दिया और फिर टालमटोल करने लगा। बाद में रुपए देने से मना कर दिया। दोनों आरोपियों ने सीकर में भी युवकों को सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर रुपए हड़प रखे हैं।

- आरोपियों के खिलाफ पूर्व में सीकर में भी 1.22 करोड़ रूपये की ठगी का मुकदमा दर्ज हो चुका है

श्रीडूंगरगढ़ पुलिस थाने के एसएचओ जितेन्द्र स्वामी ने बताया कि धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच हेड कांस्टेबल देवाराम को सौंपी गई है। रंजीतसिंह माली के खिलाफ सीकर के कोतवाली पुलिस थाने में युवकों को सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर एक करोड़ 22 लाख रुपए हड़पने का मुकदमा दर्ज हो चुका है। छह अप्रैल,2023 को दर्ज मुकदमे में आरोप लगाया गया कि रणजीत ने अपने दोस्त रिछपाल मीणा को तत्कालीन आरपीएससी सदस्य नमोनारायण मीणा का खास बताया। युवकों को सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर झांसे में लिया। शातिराना तरीके से अलग-अलग युवकों को नौकरी दिलाने के नाम पर 1.22 करोड़ रुपए हड़प लिए। बाद में युवकों को रुपए देने से मना कर दिया और शूटर से मारने की धमकी दी।

# नवजात बच्ची को पालना गृह में छोड़ा

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के सबसे बड़े महात्मा गांधी चिकित्सालय परिसर में स्थित मातृ एवं शिशु चिकित्सालय के पालना गृह से एक बार फिर मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। अज्ञात कुमाता ने एक नवजात बच्ची को आधी रात में पालना गृह में छोड़ दिया। जानकारी के अनुसार रात करीब दो बजे पालना गृह की घंटी बजी। चिकित्साकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे, जहां नवजात बच्ची रोती-बिलखती मिली। बच्ची को तुरंत अस्पताल के गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) में भर्ती किया गया, जहां बच्ची का उपचार जारी है और उसकी स्थिति स्थिर बताई गई है।

## एडीए ने निर्माणाधीन भवन को ध्वस्त किया

**अजमेर, (कासं)।** फूस की कोठी क्षेत्र में बुधवार को एक निर्माणाधीन भवन को अवैध करार देते हुए अजमेर विकास प्राधिकरण ने जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। एडीए की इस कार्यवाही से वर्षों से रह रहे लोगों में आक्रोश फैल गया।

# तीस हजार की रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

**बालोतरा/जालोर, (का.सं.)।** बुधवार को ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी बाड़मेर इकाई ने किशनाराम पटवारी, पटवार मण्डल सिणधरी, अतिरिक्त चार्ज कमठाई, तहसील सिणधरी, जिला बालोतरा को 30 हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

परिवादी के ग्राम धन्ने की ढाणी, पटवार मण्डल कमठाई में बाड़मेर-जालोर स्टेट हाईवे पर स्थित कृषि भूमि में से एक बीघा कृषि भूमि का वाणिज्यिक सम्परिवर्तन कराने को लेकर मौका रिपोर्ट सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही कर एस.डी.एम. को पत्रावली पेश कर सम्परिवर्तन आदेश जारी करवाकर परिवादी को देने की एवज में परिवादी से 90 हजार की रिश्वत राशि की मांग की। पूर्व में 60 हजार रु. प्राप्त किये गये व उक्त तय राशि में से शेष 30 हजार रू. रिश्वत राशि लेते हुए आरोपी को तहसील कार्यालय सिणधरी के पास स्थित स्वयं के राजकीय क्वार्टर में रंगे हाथों गिरफ्तार किया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के सुपरवीजन में आरोपियों से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी हैं। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

## वृद्धा से लूट की घटना का पर्दाफाश

**शाहपुरा, (निसं)।** शाहपुरा पुलिस ने क्षेत्र के नाथावाला में रात्रि में घर में घुसकर वृद्ध महिला के साथ मारपीट कर रुपए, मोबाइल व जेवरात छीनकर ले जाने की घटना का 24 घंटे में पर्दाफाश किया। पुलिस ने अभियुक्त दीपक मीणा निवासी नाथावाला को गिरफ्तार किया। आनन्द शर्मा उप-महानिरीक्षक व सह पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया कि 4 जनवरी को पीड़िता बनारसी देवी पत्नी भागीरथ जांगिड़ निवासी नाथावाला ने यूपी जिला चिकित्सालय में इलाज के दौरान पुलिस को बताया कि 4 फरवरी शाम को वे अपने घर सो रही थी। रात्रि समय करीब 10 बजे उनके कमरे में कोई आया व आते ही उनके मुंह तथा आंखों को दुपट्टे से बांध दिया था।


**कार्यालय अतिरिक्त मुख्य अभियंता एवं पदेन परियोजना प्रबन्धक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, प्रताप नगर, उदयपुर**
(विशाल पेट्रोल पम्प के सामने जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण परिसर)
क्रमांक-एफ()/निविदा/MJSA 2.0/2024-25/6885 दिनांक-24.01.2025
**ई निविदा सूचना 64-67/2024-25**
एमजेएसए 2.0 चरण प्रथम (राज्य निधि शीर्ष परियोजना क्षेत्र के अन्तर्गत ब्लॉक सेमारी, मावली, बडगांव, लसाड़िया (4 पैकेज) में चारागाह विकास कार्य (एनआरएम मद) के लिए बीड, अनुमानित मूल्य 178.16 लाख रूपये दिनांक 05.02.2025 को शाम 6.00 बजे तक इच्छुक बोलीदाताओं से आमंत्रित की जाती है। बोलियों से संबंधित विस्तृत विवरण राज्य सरकार के पोर्टल (https://eproc.rajasthan.gov.in, https://sppp.rajasthan.gov.in/) पर देखे जा सकते है।
यूबीएन संख्या-WSC2425WSOB01126, WSC2425WSOB01127, WSC2425WSOB01128, WSC2425WSOB01129
अतिरिक्त मुख्य अभियंता एवं पदेन परियोजना प्रबन्धक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर प्रतापनगर, उदयपुर
DIPR/C/1154/2025



**GOVERNMENT OF RAJASTHAN OFFICE OF THE PRINCIPAL, SARDAR PATEL MEDICAL COLLEGE & ASSOCIATED GROUP OF HOSPITALS, BIKANER**
Phone: 0151-2226300 Email: principal.spmc.bknr@rajasthan.gov.in
No. F... (Store)SPMC/2024-25/129 Date: 31.01.2025
**अल्पकालीन ई-बोली संख्या 07 (2024-25)**
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से अद्योहस्ताक्षरकर्ता द्वारा सरदार पटेल आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालयों में उपकरण/सामग्री उपलब्ध करवाने हेतु ई-बोली (द्वि भाग बोली) आमंत्रण सूचना जारी की जाती है। जिसमें इच्छुक बोलीदाता ई-प्रोक के माध्यम से भाग ले सकते है। बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10.02.2025 सायं 2 बजे तक रखी गई हे। बोली से संबंधित विस्तृत विवरण DIPR की वेब साईट dipr.rajasthan.gov.in, sppp.rajasthan.gov.in & eproc.rajasthan.gov.in पर एवं कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।
MCB2425A0100
UBN NO. 1. MCB2425GLOB00164, 2. MCB2425GLOB00165, 3. MCB2425GLOB00166, 4. MCB2425GLOB00167, 5. MCB2425GLOB00168, 6. MCB2425GLOB00169, 7. MCB2425GLOB00170, 8. MCB2425GLOB00171, 9. MCB2425GLOB00172, 10. MCB2425GLOB00173
प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक सरदार पटेल आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर
DIPR/C/1512/2025



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड टोडाभीम**
क्रमांक-2565-73 दिनांक-22.01.2025
**संशोधन ई-निविदा सूचना संख्याः 10/2024-25**
इस कार्यालय की ई-निविदा सूचना संख्या 10/2024-25 जो पत्र क्रमांक 2457-2465 दिनांक 08.01.2025 सेजारी हुई है। जिसके प्रकाशन बाबत इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 2466 दिनांक 08.01.2025 द्वारा डी.पी.आर. को समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु भिजवाया गया है। जो डीआईपीआर के आदेश क्रमांक DIPR/C/616/2025 दिनांक 13.01.2025 तथा एसपीपी पोर्टल पर एनआईबी कोड सं. PWD2425A3751 से प्रकाशित हुई है। जिसकी तिथियों में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है

| विवरण | पूर्व प्रकाशित तिथियां | संशोधित तिथियां |
|---|---|---|
| फार्म मिलने/जमा कराने की तारीख | दिनांक 14.01.2025 प्रात 10.00 बजे से दिनांक 30.01.2025 को सायं 6.00 बजे तक | दिनांक 14.01.2025 प्रात 10.00 बजे से दिनांक 10.02.2025 को सायं 6.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तारीख | दिनांक-31.01.2025 सायं 4.00 बजे | दिनांक 11.02.2025 अपरान्ह 4.00 बजे तक |

नोट-निविदा की शेष शर्ते यथावत रहेगी।
(के.के. मीना) अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड टोडाभीम
DIPR/C/1008/2025



राजस्थान सरकार
**निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर**
क्रमांक-निदे/अ.ख.अ.नीलामी/निलामी(NIA 01)/2025/ई-09984
**आवेदन-पत्र प्राप्त करने हेतु विज्ञप्ति**
सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियम 2017 के अध्याय-III नियम 12(5)(प) के अंतर्गत राय के अधिसूचित अनुसूचित क्षेत्र में खनिज मेसेनरी स्टोन के निम्नांकित आरक्षित प्लॉटो हेतु नियम 12ठ के प्रावधान अनुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। डोमिसाईल शिड्यूल ट्राईब के इच्छुक व्यक्ति विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से दिनांक 20.02.2025 तक विभागीय पोर्टल पर आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। आवंटित किये जाने वाले खनन पट्टों (प्लॉट) का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है-

| जिला | तहसील | राजस्व ग्राम | खनिज | कुल प्लॉट |
|---|---|---|---|---|
| प्रतापगढ़ | प्रतापगढ,छोटीसादडी | छोटीलांक,जीवनपुरा सालमगढ़ | मेसेनरी स्टोन | 9 |
| उदयपुर | नयागांव | महीडा | मेसेनरी स्टोन | 1 |
| डूंगरपुर | सीमलवाडा,दोवड़ा | चाडोली,दामड़ी,फलोज | मेसेनरी स्टोन | 10 |
| | | | मेसेनरी स्टोन (एम-सेण्ड हेतु) | 3 |
| योग | | | | 23 |

विशेष नोट- 1. प्लॉटो का विस्तृत विवरण, आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की तिथि इत्यादि का विवरण, आवश्यक शर्ते विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
(भगवती प्रसाद) IAS निदेशक
DIPR/C/1210/2025



**कार्यालय उप वन संरक्षक, करौली (राज.)**
गद्का की चौकी करौली Phone & Fax No. 07464-297003, Email-dcf.kroli.forest@rajshan.gov.in
**Notice Inviting Bid**
Bid for Boundry Wall and WHS Condtruction Work in Range Karauli, Sapotra and Gudachandrji are invited from interested bidders. other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://sppp.raj.nic.in and http://www.eproc.rajasthan.gov.in of the state

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | यूबीएन नम्बर | लागत लाखों में | जारी दिनांक | जमा व खोलने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दीवार निर्माण कार्य, रेंज करौली | UBN NO. FOR2425 WSRC04209 | 39.12 | 31.01.2025 | 11.02.2025 |
| 2 | दीवार निर्माण कार्य, रेंज सपोटरा किला सपोटरा | UBN NO. FOR2425 WSRC04210 | 19.56 | 31.01.2025 | 11.02.2025 |
| 3 | दीवार निर्माण कार्य, रेंज सपोटरा कैलागांव | UBN NO. FOR2425 WSRC04211 | 19.56 | 31.01.2025 | 11.02.2025 |
| 4 | दीवार निर्माण कार्य, रेंज गुढाचन्द्रजी | UBN NO. FOR2425 WSRC04212 | 39.12 | 31.01.2025 | 11.02.2025 |
| 5 | दीवार निर्माण कार्य, रेंज सपोटरा लवकुश वाटिका | UBN NO. FOR2425 WSRC04213 | 29.78 | 31.01.2025 | 11.02.2025 |
| 6 | WHS/ एनीकट निर्माण कार्य,रेंज करौली | UBN NO. FOR2425 WSRC04214 | 2.65278 | 31.01.2025 | 11.02.2025 |
| 7 | WHS/ एनीकट निर्माण कार्य,रेंज सपोटरा | UBN NO. FOR2425 WSRC04215 | 7.62342 | 31.01.2025 | 11.02.2025 |
| 8 | WHS/ एनीकट निर्माण कार्य,रेंज गुढाचन्द्रजी | UBN NO. FOR2425 WSRC04216 | 9.89994 | 31.01.2025 | 11.02.2025 |

DIPR/C/1534/2025 (सुमित बंसल) उप वनसंरक्षक, करौली



**कार्यालय समन्वयक, पी.टी.ई.टी.-2024 वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा**
**अंतिम रिफंड नोटिस**
पी.टी.ई.टी-2024 परीक्षा में काउसंलिंग के उपरान्त जिन पात्र अभ्यर्थियों (जिन्होंने कांउसलिंग पंजीकरण शुल्क रु. 5000/- या/अथवा रु. 22000/- महाविद्यालय शुल्क जमा किया था एवं उन्हें महाविद्यालय आवंटित नहीं हुआ है या उन्होंने प्रवेश नहीं लिया) ने अभी तक (फ़ीस रिफंड के पूर्व के दोनों चरणों में) रिफंड हेतु आवेदन नहीं किया है, उन अभ्यर्थियों को इस नोटिस द्वारा फीस रिफंड का अन्तिम अवसर प्रदान किया जाता है। अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि फीस रिफंड हेतु पीटीईटी-2024 की अधिकृत वेबसाइट www.ptetvmou2024.com पर दिनांक 17 जनवरी से 10 फ़रवरी 2025 के मध्य ऑनलाईन आवेदन करें। अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है उक्त अवधि के पश्चात् किसी भी प्रकार के रिफण्ड आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। रिफण्ड आवेदन करने में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पी.टी.ई.टी. कार्यालय में दूरभाष 6367026526 या मेल Email : ptet2024@vmou.ac.in पर सम्पर्क किया जा सकता है। पी.टी.ई.टी-2024 की फ़ीस रिफंड के सन्दर्भ में इस नोटिस को अन्तिम नोटिस समझा जाये। । जिन अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करने के उपरांत भी आज दिनांक तक भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है वह अभ्यर्थी वेबसाइट पर दी गई पेमेंट रिजेक्ट लिस्ट चेक करें एव आवश्यक हो तो अपनी बैंक डिटेल सही करें ।
समन्वयक पी.टी.ई.टी. 2024



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, उदयपुर**
क्रमांक :- प.46/अअउ/वि.बो/बिड/2024-25/1538-1570 दिनांक :- 03/02/2025
**निविदा सूचना संख्या -03/2024-25 (NIB No. AGM2425A0139)**
राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड खण्ड उदयपुर के अन्तर्गत जिला डूँगरपुर/उदयपुर/राजसमन्द में टीएडी क्षमता वृद्धि कार्यो एवं आरएसआरटीसी रिपेयर कार्यो की ऑनलाईन निविदाएं ई-प्रोक्योरमेन्ट www.eproc.rajasthan.gov.in के माध्यम से उपयुक्त कार्य हेतु दिनांक 27.02.2025 तक आमंत्रित की जाती है। बिड से सम्बन्धित विस्तृत विवरण वेबसाइट www.rsamb.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in (NIB No AGM2325A0139 & UBN No. AGM2425WSRC00565 to 575) पर भी देखा जा सकता है।
राज.संवाद/सी/24/11247 अधिशाषी अभियन्ता



**कार्यालय उपवन संरक्षक धौलपुर**
क्रमांक-उ.व.सं.धौ./लेखा/निविदा/2024-25/1215 दिनांक-31.01.2025
**Notice Inviting Bid**
Bid for rate contract for various forestery works my machine in Advance Soil works in all ranges of Dholpur are invited from interested bidders upto 4.30 PM, 10.02.2025. other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://sppp.raj.nic.in and https://eproc.rajasthan.gov.in of the state. The approximate value of the procurement is 50 lakhs.
UBN NO.- FOR2425WSRC04169
DIPR/C/1502/2025 DCF Dholpur



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सानिवि नगर खण्ड बीकानेर**
क्रमांक-5600 दिनांक-23.01.2025
**Notice Inviting Bid-46/2024-25**
Bid for the "Various MLA/MP LAD Works" are invited from interested bidders from 23.01.2025 (09.30 AM) to 05.02.2025 (06.00 PM) & Open date 06.02.2025 (11.00 AM), other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://www.pwd.rajasthan.gov.in & eproc.rajasthan.gov.in & https://sppp.rajasthan.gov.in of the state and departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 270.71 Lakh.
UBN NO. PWD2425WSOB14201
Executive Engineer, PWD City Division, Bikaner
DIPR/C/1215/2025



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता एवं परियोजना प्रबंधक, वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर केकड़ी**
क्रमांकः– निविदा/2024–25/485–494 दिनांकः– 25.01.2025
ई– निविदा सूचना संख्या 09–10/2024–25/भिनाय, 11–12/2024–25/सरवाड़, 13–14/2024–25/केकड़ी
राजस्थान के राज्यपाल की ओर से अजमेर जिले की निम्न पंचायत समितियों में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अन्तर्गत जलग्रहण विकास कार्यो को संपादन करने हेतु सक्षम श्रेणी मे पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र मे खुली ई टेण्डरिग प्रकिया द्वारा आनॅलाईन निविदाऐं आंमत्रित की जाती है। कार्य का विस्तृत विवरण बेवसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in और www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र.स. | पंचायत समिति एवं योजना का नाम | निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाखों में) | धरोहर राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र शुल्क (रूपये में) | प्रोसेसिंग शुल्क (रूपये में) | आन लाईन फार्म अपलोड व जमा /डाउनलोड करने की दिनांक | धरोहर राशि निविदा शुल्क, प्रोसेसिंग फीस व निविदा प्रपत्र अपलोड कराने की अंतिम दिनांक | ऑनलाईन निविदा खोलने की दिनांक | NIB CODE | UBN CODE | EPROC TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भिनाय (प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0) | 09/2024-25/ Bhinai | Construction of Farm Ponds, Sunken Pond, PT, MPT in Block Bhinai | 106.21 | 212433/- | 1000/- | 2000/- | 27.01.2025 09.30 AM | 06.02.2025 06.00 PM | 07.02.2025 11.00 AM | WSC2425A0529 | WSC2425WSOB01134 | 2025_WDSC_444587_1 |
| 2 | भिनाय (प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0) | 10/2024-25/ Bhinai | Construction of Anicut, Anicut Renovation, WHS, RTWHS in Block Bhinai | 70.34 | 140695/- | 1000/- | 1500/- | 27.01.2025 09.30 AM | 06.02.2025 06.00 PM | 07.02.2025 11.00 AM | WSC2425A0530 | WSC2425WSOB01135 | 2025_WDSC_444574_1 |
| 3 | सरवाड़ (प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0) | 11/2024-25/ Sarwar | Construction of Farm Pond, Sunken Pond in Block Sarwar | 104.69 | 209389/- | 1000/- | 2000/- | 27.01.2025 09.30 AM | 06.02.2025 06.00 PM | 07.02.2025 11.00 AM | WSC2425A0531 | WSC2425WSOB01136 | 2025_WDSC_444586_1 |
| 4 | सरवाड़ (प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0) | 12/2024-25/ Sarwar | Construction of Anicut in Block Sarwar | 29.21 | 58428/- | 500/- | 500/- | 27.01.2025 09.30 AM | 06.02.2025 06.00 PM | 07.02.2025 11.00 AM | WSC2425A0532 | WSC2425WSOB01137 | 2025_WDSC_444577_1 |
| 5 | केकड़ी (प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0) | 13/2024-25/ Kekri | Construction of Farm Pond in Block Kekri | 20.88 | 41766/- | 500/- | 500/- | 27.01.2025 09.30 AM | 06.02.2025 06.00 PM | 07.02.2025 11.00 AM | WSC2425A0533 | WSC2425WSOB01138 | 2025_WDSC_444582_1 |
| 6 | केकड़ी (प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0) | 14/2024-25/ Kekri | Construction of Anicut in Block Kekri | 18.09 | 36186/- | 500/- | 500/- | 27.01.2025 09.30 AM | 06.02.2025 06.00 PM | 07.02.2025 11.00 AM | WSC2425A0534 | WSC2425WSOB01139 | 2025_WDSC_444578_1 |

नोट – उपरोक्त तालिका में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर ई–प्रोक पोर्टल पर दर्शाई गई सूचना ही सही मानी जावे।
(वरूण शर्मा) अधीक्षण अभियंता एवं परियोजना प्रबन्धक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर केकड़ी
DIPR/C/1196/2025

# 'कांग्रेसराज में सरपंच आंदोलन करते थे, अब मुख्यमंत्री का स्वागत कर रहे'

## बिना भेदभाजपा विकास की राजनीति करती है तो कांग्रेस डालती है व्यवधान : पंचायतीराज मंत्री

**जयपुर ।** पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है। इसीलिए कांग्रेस के नेताओं में बेसिर पैर की बातें करने की होड़ मची हुई है। यही कारण है कि राजस्थान में कांग्रेस पार्टी समाप्त होती जा रही है। जल्द ही कांग्रेस पार्टी मुद्दा विहीन विपक्ष के रूप में जानी जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में ही डोटासरा अकेले पड़ते जा रहे हैं तथा उनकी नेगेटिविटी भी बढ़ती जा रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार के समय सरपंच जयपुर में आंदोलन करना पड़ता था लेकिन अब प्रदेशभर के सरपंचों के द्वारा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का अभिनंदन किया जा रहा है क्योंकि भजनलाल सरकार ने पंचायती राज को मज़बूत किया जबकि कांग्रेस ने पंचायती राज को कमजोर किया।

पंचायती राज मंत्री ने कहा कि भाजपा विकास की राजनीति करती है तो कांग्रेस व्यवधान की राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि एक राज्य एक चुनाव केवल चुनावी सुधार नहीं बल्कि प्रशासनिक स्थिरता एवं विकास की तरफ मजबूत कदम है।

उन्होंने कहा कि पंचायती राज अधिनियम के तहत प्रत्येक जिले में जिला परिषद का प्रावधान है। हमारी सरकार ने जिलों के पुनर्निर्धारण के साथ ही नई जिला परिषद के गठन की कार्यवाही शुरू कर दी। जबकि कांग्रेस सरकार ने नए जिलों में जिला परिषद के गठन का कोई काम ही नहीं किया।

राज्य सरकार द्वारा पंचायती राज अधिनियम की धारा 98 के तहत सभी जिला कलेक्टर्स को अधिकृत कर पंचायती राज संस्थाओं के पुनर्गठन हेतु अधिकृत किया है। उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में विलंब को देखते हुए एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को ध्यान में रखते हुए नियमानुसार ही निवर्तमान सरपंच को प्रशासक लगाया गया है। साथ ही, निवर्तमान उपसरपंच व वार्डपंचों की प्रशासकीय समिति बनाई गई है। इसके लिए झारखण्ड, मध्यप्रदेश व उत्तराखण्ड राज्यों में की गई इस तरह की व्यवस्था का पहले अध्ययन करवाया गया।

दिलावर ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने पंचायतीराज संस्थाओं में ओबीसी के आरक्षण को अटकाने का काम किया। मनमोहन नागर बनाम मध्यप्रदेश याचिका में 17 दिसम्बर 2021 को उच्चतम न्यायालय के निर्णय के पश्चात भी ओबीसी आरक्षण के संबंध में तत्कालीन सरकार द्वारा दो वर्ष तक कोई निर्णय नहीं लिया गया।

उन्होंने कहा कि राज्य वित्त आयोग मद से वर्ष 2023-24 में कुल जारी होने योग्य राशि 3808 करोड की सभी स्वीकृति जारी कर दी गई हैं। वर्ष 2024-25 कुल जारी होने योग्य राशि 6072 करोड में से प्रथम किश्त की राशि 3036 करोड रूपए जारी कर दी गई है। साथ ही, राज्य सरकार द्वारा पंचायतीराज विभाग में नियमानुसार ही स्थानांतरण किए जा रहे हैं। कांग्रेस की बातें पूर्णतः तथ्यहीन, मिथ्या एवं भ्रामक हैं।

# "जल जीवन मिशन" में हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचा रही केन्द्र सरकार : राठौड़

**जयपुर।** केन्द्र सरकार देश के हर घर में शुद्ध पेयजल की सप्लाई के लिए प्रयास कर रही है और इसके लिए वर्ष 2019 में जल जीवन मिशन की शुरूआत की गई है। साथ ही देशभर में बनाए गए 15 हजार 259 निगरानी स्थलों से नमूने लेकर भूजल में विद्युत चालकता, फ्लोराइड, आर्सेनिक, भारी धातुओं और नाइट्रेट की मात्रा की जांच की जा रही है। अब तक की जांच रिपोर्ट में कई स्थानों पर भूजल में इनकी मात्रा तय मानकों से अधिक पाई गई है। यह जानकारी केन्द्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री राजभूषण चौधरी ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद मदन राठौड के लिखित प्रश्न के जवाब में दी।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद मदन राठौड ने बताया कि केन्द्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री राजभूषण चौधरी के अनुसार भूजल की जांच रिपोर्ट में अब तक किसी नए प्रदूषक की पहचान नहीं हुई है। वहीं भूजल गुणवत्ता में सुधार और प्रदूषण कम करने सहित भूजल की उपलब्धता की जिम्मेदारी राज्य सरकारों की होती है और केन्द्र सरकार की ओर से देश के सभी राज्यों को इसमें पूरा तकनीकी और वित्तीय सहयोग किया जा रहा है।

# एकल पट्टा : नये तथ्यों के साथ जाँच के लिये प्रार्थना पत्र पेश

## राजस्थान सरकार ने हाईकोर्ट में पूर्व जस्टिस आर.एस. राठौड़ की कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर जाँच की अनुमति मांगी

- **एएजी ने कहा कि अधूरी व दोषपूर्ण साक्ष्यों पर की गई जाँच के आधार पर क्लोजर रिपोर्ट पेश की गई थी। अब जस्टिस राठौड़ की कमेटी रिपोर्ट से स्पष्ट है, क्लोजर रिपोर्ट दाखिल करने में गंभीर चूक हुई है।**

**जयपुर ।** प्रदेश के चर्चित एकल पट्टा प्रकरण में पूर्व जस्टिस आरएस राठौड़ की कमेटी की जांच में नए तथ्य सामने आने पर राज्य सरकार की ओर से हाईकोर्ट में प्रार्थना पत्र पेश कर इन तथ्यों के आधार पर आगामी जांच की अनुमति मांगी गई है। वहीं, राज्य सरकार की ओर से उस रिवीजन याचिका को भी वापस लेने के लिए प्रार्थना पत्र पेश किया है, जिसमें राज्य सरकार ने मामले में पूर्व आईएएस जीएस संधू, ओंकार मल सैनी और निष्काम दिवाकर के अभियोजन को वापस लेने के प्रार्थना पत्र को एसीबी कोर्ट के खारिज करने को चुनौती दी गई है।

राज्य सरकार एएजी शिवमंगल शर्मा व विशेष लोक अभियोजक अनुराग शर्मा ने बताया कि इन अर्जियों में कहा है कि ट्रायल कोर्ट के समक्ष दायर क्लोजर रिपोर्टस अधूरी व दोषपूर्ण साक्ष्यों पर की गई जांच के आधार पर थीं और इसके चलते ही पूर्व मंत्री शांति धारीवाल को मामले में राहत मिली थी।

इसके अलावा, मामले में जांच के लिए गठित हाईकोर्ट के पूर्व जस्टिस आरएस राठौड़ की कमेटी ने भी इस मामले की समीक्षा कर रिपोर्ट दी है, जिसमें कई नए तथ्यों का खुलासा किया गया है। ऐसे में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल करने में गंभीर चूक हुई थी, जिससे महत्वपूर्ण दस्तावेजों और ठोस सबूतों की अनदेखी की गई। इसलिए राज्य सरकार ने इन गलतियों को सुधारने व भ्रष्टाचार के आरोपों की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार की इन अर्जियों पर चीफ जस्टिस एमएम श्रीवास्तव की एकलपीठ 10 फरवरी को सुनवाई करेगी।

दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने अशोक पाठक की एसएलपी पर, इस मामले में 5 नवंबर 2024 को राजस्थान हाईकोर्ट के 15 नवंबर 2022 व 17 जनवरी 2023 के उन आदेशों को रद्द कर दिया था, जिनमें पूर्व यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल व पूर्व आईएएस जीएस संधू सहित, जेडीए के तत्कालीन अफसरों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई खत्म कर दी थी। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने मामले को समीक्षा के लिए वापस राजस्थान हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को भिजवाते हुए उन्हें कहा था कि वे इसमें नए सिरे से सुनवाई कर छह महीने में फैसला दें।



विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को विधानसभा में सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग को उनके जन्मदिवस पर पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। देवनानी ने बुधवार को प्रातः सदन को भी गर्ग के जन्मदिवस के संबंध में अवगत कराया। जिसके बाद पूरे सदन ने उन्हें बधाई दी थी।

# हरियाणा में निकाय चुनाव को लेकर बैठक

**चंडीगढ़ ।** हरियाणा के पंचकूला पार्टी कार्यालय "पंचकमल" में बुधवार को नगर निकाय चुनाव और संगठनात्मक विषयों को लेकर भाजपा की कोर ग्रुप की बैठक हुई। इस बैठक में प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने की रणनीति और संगठनात्मक विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। बैठक में सहमति बनी कि भाजपा नगर निगम और नगर परिषद के चुनाव सिंबल पर लडेगी।

कोर कमेटी की बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, सांसद सुभाष बराला, मंत्री कृष्ण बेदी, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता रामबिलास शर्मा, सुनीता दुग्गल, पूर्व मंत्री डा. कमल गुप्ता मौजूद रहे।



**हरियाणा के पंचकूला पार्टी कार्यालय में भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया को पुष्पगुच्छ भेंट किया।**

कोर ग्रुप की बैठक के बाद हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा नगर निगम और नगर परिषद के चुनाव, सिंबल पर लडेगी। उन्होंने कहा कि मेयर और चेयरमैनों के चुनाव डायरेक्ट होने हैं। चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों से आवेदन मांगे गए हैं। 11 फरवरी से नोमिनेशन शुरू होने हैं, इसलिए एक कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया है। भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि नगर निकाय चुनाव में भाजपा की जीत तय है। भाजपा नगर निगम और नगर परिषद चुनाव सिंबल पर लडेगी। पूनिया ने कहा कि भाजपा नगर निगमों को लेकर अलग-अलग संकल्प पत्र जारी करेगी।

# 'शाहपुरा में सूखे और खराब नलकूपों को दुरुस्त कराएंगे'

**जयपुर ।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार द्वारा शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में सूखे एवं खराब नलकूपों को जल जीवन मिशन के तहत प्राथमिकता से दुरुस्त कराया जाएगा। जलदाय मंत्री ने प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में कुल 43 नलकूप ख़राब पाए गए। इस सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा 3400 किमी की केसिंग पाइपलाइन के लिए लगभग 96 लाख रूपये की स्वीकृति जारी कर दी गई है। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणा के तहत 05 नलकूपों की स्वीकृति भी जारी कर दी गई है। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार द्वारा ये सभी कार्य प्राथमिकता से पूरे कर लिए जाएंगे।

चौधरी ने सदन को अवगत कराया कि शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन योजना के तहत 83 योजनाओं में 142 नलकूप स्वीकृत हैं। इनमें से 26 नलकूप सूखे पाए गए हैं। इसके लिए जल जीवन मिशन के तहत 76 संशोधित योजनाओं में 163 नलकूप स्वीकृत है एवं 12 सूखे नलकूपों को आवश्यकता के आधार पर संवेदकों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही कर दुरुस्त कराया जाएगा। इससे पहले विधायक मनीष यादव के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र शाहपुरा में विभिन्न पेयजल योजनाओं के अंतर्गत वर्तमान में 22 नलकूप सूखे हैं। जिनमें से 01 नलकूप के विरूद्ध नवीन नलकूप स्वीकृति उपरांत निर्मित करवाया जा चुका है एवं 04 नलकूपों के विरूद्ध नवीन नलकूपों के निर्माण की स्वीकृतियां जारी की जा चुकी है एवं जिनका कार्य प्रगति पर है। इनका शहर/ग्रामवार विवरण उन्होंने सदन के पटल पर रखा। उन्होंने जानकारी दी कि शेष 17 नलकूपों में से शहरी क्षेत्र के 07 नलकूपों के विरुद्ध नवीन नलकूपों के निर्माण हेतु स्वीकृतियां तकनीकी उपादेयता भू-जल उपलब्धता एवं वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर जारी की जानी प्रस्तावित है।

# रिलायंस फ्रेश को देना होगा 15 हजार रुपए का हर्जाना

- **7.40 रु. अधिक वसूलने पर चुकानी होगी यह रकम**

**जयपुर, 5 फरवरी।** जिला उपभोक्ता आयोग, प्रथम ने दही की तय कीमत से 7.40 रुपए अधिक वसूलने को विक्रेता की लापरवाही और अनुचित व्यापार माना है। इसके साथ ही आयोग ने विपक्षी रिलायंस फ्रेश पर 15 हजार रुपए का हर्जाना लगाया है।

वहीं अधिक वसूली गई राशि भी परिवाद दायर करने की तिथि से 9 फीसदी ब्याज सहित लौटाने को कहा है। आयोग अध्यक्ष डॉ. सूबे सिंह यादव और सदस्य हेमलता अग्रवाल ने यह आदेश रामचरण जोशी की ओर से दायर परिवाद पर सुनवाई करते हुए दिए। आयोग ने कहा कि विपक्षी दुकानदार ने अधिक कीमत वसूल कर उपभोक्ता का न केवल विश्वास तोडा है, बल्कि यह अनुचित व्यापार की श्रेणी में भी आता है। ऐसे में उस पर हर्जाना लगाना उचित होगा।

परिवाद में कहा गया कि उसने 3 मई, 2022 को रिलायंस फ्रेश से मदर डेयरी ब्रांड का 200 ग्राम क्लासिक दही खरीदा था। जिसके पैकेट पर अधिकतम खुदरा मूल्य 22 रुपए अंकित था। इसके बावजूद भी दुकानदार ने उससे 29.40 रुपए वसूले। परिवादी ने जब उससे लिए गए अधिक रुपए लौटाने को कहा कि उसके साथ दुर्व्यवहार किया गया। परिवाद में गुहार की गई कि उससे वसूली गई अधिक राशि लौटाने के निर्देश देते हुए दुकानदार पर हर्जाना भी लगाया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए आयोग ने विपक्षी दुकानदार पर हर्जाना लगाते हुए अधिक वसूली राशि ब्याज सहित लौटाने को कहा है।

# प्रदेश की भाजपा सरकार कर रही लोकतंत्र की पहली सीढ़ी को मजबूत

- **खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बयान दिया**
- **कांग्रेस काल में लूटमार और भ्रष्टाचार का हुआ खुल्ला खेल था : खाद्य मंत्री**

**जयपुर ।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस चार गुटों में बंटी हुई है तथा कांग्रेस के नेता झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकाल में जो लूटमार और भ्रष्टाचार का खुल्ला खेल हुआ, उसको अब भजनलाल सरकार जनता के सामने ला रही है, तो कांग्रेस तिलमिला रही है। गोदारा ने कहा कि डोटासरा अकेले पड़ते जा रहे तथा उन्हें छपास का रोग लग चुका है।

उन्होंने कहा कि प्रदेशभर से इतनी बड़ी संख्या में सरपंचों का जयपुर में एकत्रित होना कांग्रेस के लिए अचंभे की बात है। चूंकि कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है इसलिए पंचायतों का मुद्दा उठा रही है। उनकी तब की सरकार ने बिना सोचे समझे जिलों का पुनर्गठन किया। अब नए जिले बनाए जाने के कारण ही पंचायती राज संस्थाओं का पुनर्गठन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में लोकतंत्र की पहली सीढ़ी को मजबूत करने का काम पहली बार हो रहा है। हमारी सरकार ने एक वर्ष में ही कई महत्वपूर्ण निर्णय किए हैं। जिससे वंचित वर्ग से लेकर उद्योग जगत तक हमारी सरकार की योजनाएं पहुंची हैं और उनको लाभ मिला है। हमारी सरकार के किये गये कार्यों से जनता खुश है तभी पंचायती राज संस्थाओं के पुनर्गठन के लिए सरपंच संघों ने जयपुर में आकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का अभिनंदन किया। जबकि इससे पहले सरपंच संघ जयपुर में आंदोलन करने आते थे।

गोदारा ने कहा कि सरपंच किसी पार्टी के नहीं होते हैं, सरपंच सरकार की योजनाओं को गांव तक डिलीवर करने की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। किसी की समस्या का समाधान करने के लिए उसकी पीड़ा को समझना पड़ता है, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरपंचों की पीड़ा को अनुभव किया है। अब सरपंचों को मज़बूत किया जा रहा है तो कांग्रेस को क्या आपत्ति है। पंचायतों को सशक्त करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है, क्योंकि ये संस्थाएं लोकतंत्र के सबसे निचले स्तर पर लोगों तक शासन का प्रभावी तरीके से संचालन करती हैं। उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के सशक्तिकरण का ही परिणाम है कि प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत पर किसान रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

# पूर्व कांग्रेस विधायक की जमीन से जुड़े सवाल पर हंगामा

**जयपुर।** पूर्व कांग्रेस विधायक खुशवीर सिंह जोजावर पर जमीन हड़पने से जुड़े सवाल को लेकर सदन में प्रश्नकल के दौरान जमकर हंगामा हुआ। पहले भाजपा विधायक केसाराम चौधरी ने राजस्व मंत्री के जवाब को अधूरा बताते हुए नाराजगी जताई और कहा कि यह सही जवाब नहीं है। इसके बाद राजस्व मंत्री हेमंत मीणा ने कहा कि ओरण की जमीन का आवंटन हुआ है। इसमें खुशबीर सिंह जोजावर और अन्य लोग शामिल हैं। इसी बीच शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा- कांग्रेसियों को शर्म आनी चाहिए, इन्होंने भगवान की जमीन को भी नहीं छोड़ी, उसे भी हड़प लिया। पूर्व कांग्रेस विधायक का नाम आने पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने आपत्ति जताते हुए कहा कि, इस तरह के आरोप लगाने का किसी को अधिकार नहीं है। इस पर मदन दिलावर और टीकाराम जूली के बीच नोंक-झोंक हो गई। स्पीकर वासुदेव देवनानी ने सब कुछ शांत रहने को कहा। स्पीकर ने कहा कि लगता है आप सदन नहीं चलाना चाहते।

# सरकार ने 8 आई.ए.एस. को अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी

**जयपुर (कासं)।** राज्य सरकार ने बुधवार को आदेश जारी कर भारतीय प्रशासनिक सेवा के 8 वरिष्ठ अधिकारियों को अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। आदेश के मुताबिक कुलदीप रांका को बाल अधिकारिता विभाग के आयुक्त व अतिरिक्त मुख्य सचिव तथा राज्य बाल अधिकारिता विभाग के अध्यक्ष पद की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी है। इसी तरह आई.ए.एस. श्रेया गुहा को स्वयंसेवी एवं आजीविका संस्थान जयपुर की स्टेट मिशन डायरेक्टर, आरूषि अजेय मलिक को राजसीको के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है।

इसी प्रकार आई.ए.एस. शिवांगी स्वर्णकार को दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर राजस्थान जयपुर के आयुक्त, ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रमोशन के कमिश्नर के पद की जिम्मेदारी दी है। सुरेश कुमार ओला को वित्त विभाग जयपुर में संयुक्त सचिव, बचनेश कुमार अग्रवाल को दिव्यांगता विभाग के आयुक्त एवं विशेष सचिव तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर फाउंडेशन जयपुर के डायेक्टर जनरल पद की जिम्मेदारी सौंपी है। आई.ए.एस. शाहीन अली खान को स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी जयपुर के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, डॉ. टी. शुभमंगला को चिकित्सा विभाग (आई.ई.सी.) में निदेशक तथा अरूण प्रकाश शर्मा को प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय, आर.पी.जी, मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग में संयुक्त सचिव के पद की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी है।

# पंचायतीराज संस्थाओं के उपचुनाव 14 को

**जयपुर ।** राजस्थान में पंचायतीराज संस्थाओं में रिक्त पदों पर उपचुनाव 14 फरवरी को कराये जायेंगे। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं सचिव नलिनी कठोतिया के अनुसार निर्वाचन की लोक सूचना गत 29 जनवरी को जारी हो चुकी है एवं मतदान 14 फरवरी को होगा।

# यमुना एक्सप्रेस-वे क्षेत्र में 1600 करोड़ का औद्योगिक पार्क लगाएगा पतंजलि ग्रुप

## इससे करीब 3 हजार से अधिक रोजगार सृजन होगा : आचार्य बालकृष्ण

**जयपुर (कासं)।** पतंजलि ग्रुप यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में अपने औद्योगिक विस्तार को तेज़ी से आगे बढ़ा रहा है। इसी कड़ी में, पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, आचार्य बालकृष्ण प्लॉट नंबर 1 सेक्टर 24 पहुंचे, जहां उन्होंने पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क की आगामी योजनाओं पर चर्चा की। यह प्रमुख परियोजना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश और रोज़गार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित की जा रही है। इस पार्क में एक अत्याधुनिक डेयरी प्लांट और औद्योगिक प्रमोशन हब स्थापित किया जाएगा, जिससे स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।



**पतंजलि की ओर से स्थापित किए जाने वाले औद्योगिक पार्क को लेकर आचार्य बालकृष्ण ने उद्योग जगत के विशेषज्ञों और वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।**

इस मौके पर आचार्य बालकृष्ण ने बताया कि यह औद्योगिक पार्क 1600 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित किया जाएगा, जिससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को नया आयाम मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "मेक इन इंडिया" अभियान और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के "इन्वेस्ट यूपी मिशन" के अनुरूप है। पूरी तरह से कार्यशील होने पर, पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क से 3000 से अधिक रोज़गार के अवसर सृजित होने की उम्मीद है, जिससे क्षेत्र के लोगों को बड़ा लाभ मिलेगा।

पतंजलि ग्रुप पहले से ही एक औद्योगिक पार्क विकसित कर रहा है, जहां छोटे और मध्यम आकार के उद्योगों को सब-लीज के माध्यम से औद्योगिक स्पेस उपलब्ध कराया गया है। आगामी फूड एंड हर्बल पार्क इस पहल को और मजबूती देगा, जिससे एफएमसीजी, आयुर्वेद, डेयरी और हर्बल उद्योगों को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा और स्थानीय स्तर पर औद्योगिक आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन मिलेगा। औद्योगिक पार्क का दौरा करने के बाद, आचार्य बालकृष्ण ने उद्योग जगत के विशेषज्ञों और वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने अरुणवीर सिंह, और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की।

# 'थानागाजी में भू-जल आधारित योजनाओं की स्वीकृतियां जारी'

**जयपुर ।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री कन्हैया लाल ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र थानागाजी की कुल 58 ग्राम पंचायतों के 237 ग्रामों एवं चिन्हित 672 ढाणियों में से 197 ग्रामों एवं 671 ढाणियों को जल जीवन मिशन के अंतर्गत लाभान्वित किये जाने हेतु भू-जल आधारित योजनाओं की स्वीकृतियां जारी की जा चुकी हैं।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री बुधवार को प्रश्नकाल में इस संबंध में सदस्य द्वारा पूछे गये पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। इससे पहले विधायक कांति प्रसाद के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र थानागाजी के 18 ग्रामों एवं उनकी 66 ढाणियों को लाभान्वित करने के लिए स्वीकृत 18 योजनाओं के कार्य, भू-जल स्त्रोत सस्टेनेबल नहीं होने के कारण प्रारंभ नहीं करवाये गये हैं। श्री कन्हैया ने कहा कि जल जीवन मिशन में केन्द्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार गांव एवं बस्तियों से दूर खेतों में स्थित एकल घरों के अतिरिक्त क्षेत्र के समस्त ढाणियों को जोड़ा जा रहा है।

कहा कि गर्मी के समय जल स्त्रोतों में जल की अनुपलब्धता होने पर पानी के टैंकरों के माध्यम से जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने कहा कि थानागाजी विधानसभा के 58 ग्रामों एवं 67 ढाणियों को ईसरदा बांध परियोजना अथवा ईआरसीपी परियोजना से सतही जल उपलब्ध होने पर लाभान्वित किया जाएगा।

# "उपचुनाव में डोटासरा का मोरिया बोल गया"

**जयपुर (विसं)।** राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान भाजपा विधायक श्रीचंद कृपलानी ने कहा कि हमारे साथी कैलाश वर्मा ने गोविंद सिंह डोटासरा के गमछा घुमाने की बात का जिक्र किया था। मैं कहूंगा कि, लोकसभा चुनाव में डोटासरा ने संविधान के नाम पर लोगों को भड़काकर राजस्थान में 11 सीटें जीत ली, लेकिन उपचुनाव में मोरिया बोल गया। कृपलानी ने कहा कि ये जहां-जहां भी गए कांग्रेस साफ हो गई। हरियाणा, महाराष्ट्र, जहां भी गमछा घूमा, वहां कांग्रेस साफ हो गई। डोटासरा ने राज्यपाल की उम्र को लेकर भी टिप्पणी की। राज्यपाल ने भी इन्हें जवाब देकर औकात दिखा दी।

# शोभायात्रा में शिव तांडव लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा



जालोर में सुंधा माता के नव निर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शोभायात्रा लिखमीदास धर्मशाला से रवाना होकर तलहटी पहुंची। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के डीटीओ ऑफिस के सामने टेकरी पर स्थित सुंधा माता के नव निर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शहर में बुधवार को सुबह शोभायात्रा निकली। जो शहर के लिखमीदास धर्मशाला से रवाना होकर विभिन्न मार्गा से होते हुए सुंधा माता तलहटी पहुंची। जहां प्रतिष्ठा को लेकर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है।

अध्यक्ष हुकमीचंद सुन्देशा ने बताया कि माताजी मंदिर की 3 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर शहर के कस्तुरबां कॉलोनी स्थित लिखमीदास धर्मशाला में सुबह 8 बजे भामाशाह परिवार, भैरूनाथ अखाडे के संत प्रेमनाथ महाराज व पंडितों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कन्या पूजन किया गया। जिसके बाद मंदिर में स्थापित होने वाली देवी-देवताओं की मुर्तिया व 201 बालिकाओं के द्वारा कलश धारण कर शोभायात्रा निकाली। जो हरिदेव जोशी, अस्पताल चौराह, राजेन्द्र नगर, भीनमाल बाईपास, मिरादातार व तासखाना बावडी से होते हुए मंदिर परिसर में पहुंची। जहां देवी-देवताओं की मुर्तियों को यज्ञ शाला में रख कर पंडितों के द्वारा पूजा पाठ किया जा रहा है।

इस दौरान पुरे रास्ते में समाज की महिला एवं पुरूष पारम्भरिक वेषभूषा में माताजी के भजनों पर नाचते गाते हुए चल रहे थे।

प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंदिर में स्थापित होने वाली प्रतिमाओं शोभायात्रा के दौरान भामाशाह परिवार रथों व टैक्टरों में बैठे थे। इस दौरान शहर में जगह-जगह लोगों ने फुल बरसाकर माताजी व शोभायात्रा का स्वागत किया।

शोभायात्रा में मनोज रिया एंड पार्टी के द्वारा भव्य झांकियों का प्रदर्शन किया। जिसमें शिव ता?व, महिषासुर, सहित अन्य एक से बढकर प्रदर्शन किया। तथा शोभायात्रा में महाराष्ट के नासिक खन्नक ढोल व हनुमानजी का रूप धारण कर चल रहे कलाकार आमजन के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा है।

प्राण प्रतिष्ठा के दुसरे दिन गुरूवार को मंदिर तलहटी पर प्रवचन व सत्संग का आयोजन किया जायेगा। जिसमें आत्मानंद महाराज के द्वारा प्रवचन दिया जायेगा। वही रात को भजन संध्या का आयोजन होगा।

गायक किशोर पालीवाल एंड पार्टी, शितल वैष्णव, फुलेश देवडा प्रस्तुति देगे।

कार्यक्रम के दौरान सचिव तेजाराम सुन्देशा, कोषाध्यक्ष गणपत सुन्देशा, भोमाराम सुन्देशा, रतनाराम, बाबुलाल, मोहनलाल, सावलाराम, हसाराम, टीकमाराम, चेतन सुन्देशा, सुरेश सुन्देशा, पुखराज सुन्देशा, नारायण, रमेश, रणछोड, कालुराम, नेनाराम, चौथाराम, पुनमाराम, ओमप्रकाश, देवराज, सुनीलाल व विनोद सहित माली समाज के लोग उपस्थित रहे।

## दुकान-गोदाम में लगी आग पर पाया काबू

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के अंदरूनी क्षेत्र जवाहर खाना रोड पर आई एक जूते की दुकान गोदाम में रात ढाई बजे भीषण आग लग गई। जोधपुर नगर निगम के चार फायर स्टेशनों से दमकलें वहां पहुंची।

कई फेरों के बाद इस आग को आज सुबह 11 बजे तक काबू पाया जा सका। दोपहर तक उसमें धुंआ उठता रहा। आग लगने का कारण प्रथम दृष्टया पता नहीं चला है, मगर माना जा रहा है कि गोदाम-दुकान में शार्ट सर्किट के बाद यह आग लगी है। तंग गलियों में लगी इस आग को काबू पाने के लिए दमकलकर्मियों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

**■ जवाहर खाना रोड पर आई एक जूते की दुकान गोदाम में रात ढाई बजे भीषण आग लग गई**

आग की भीषणता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि लपटें दुकान से बाहर बुरी तरह निकल रही थी मानों दुकान आग को उगलने का कार्य करती है। दमकल सूत्रों के अनुसार रात ढाई बजे आग की सूचना मिली थी। इस पर पहले नागौरी गेट से दमकल को भेजा गया। मगर आग की तीव्रता ज्यादा होते देख वहां पर बाद में शास्त्रीनगर, बासनी और चौपासनी हाउसिंग बोर्ड दमकलों को बुलाया गया।

आग लगने का कारण सामने नहीं आया है। दुकान गोदाम में रखा लाखों का माल जलकर नष्ट हो गया। आधी रात में सदर बाजार पुलिस वहां पहुंची और व्यवस्थाएं भी संभाली।

यह भी ज्ञात रहें कि जिस स्थान पर यह आग लगी वहां पर दिनभर भीड़ भाड़ रहती है। शहर भर का बाजार इसी मार्ग से होकर निकलता है। यदि में आग दिन में लग जाती तो बड़ी समस्या उत्पन्न होती। शहर का यातायात भी बुरी तरह प्रभावित हो जाता। आग से आस पास की बिल्डिंगों को भी नुकसान पहुंचने का अंदेशा जताया जाता है।

# अधिकारों के साथ कर्तव्य पालन जरूरी : हारून


जालोर जिले के सांचौर उप कारागाह का निरीक्षण सैशन न्यायाधीश हारुन ने किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून ने बुधवार को उप कारागृह सांचौर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बंदियों से वार्तालाप की एवं मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

इस मौके पर जिला न्यायाधीश ने उपस्थित कारागृह के अधिकारी को निर्देश किए कि कारागृह में ऐसा कोई भी बंदी नहीं रहना चाहिए । जिनकी पैरवी के लिए अधिवक्ता नियुक्त नहीं हो। यदि किसी बंदी के अधिवक्ता नियुक्त नहीं है तो ऐसे बंदियों के निशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध करवाने के लिए विधिक सहायता का आवेदन भरवाकर तुरंत तालुका विधिक सेवा समिति में भेजा जावे।

इस दौरान उन्होंने बंदियों के अधिकारों के बारे में भी जानकारी दी और कहा कि हमें हमारे अधिकारों के साथ साथ कर्तव्यों का भी ध्यान रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में हुई गलती के कारण कारागृह में आना पडा लेकिन जब भी यहां से बाहर निकले तब सकारात्मक सोच के साथ समाज में अच्छे नागरिक की तरह अपना जीवन यापन करे। इस दौरान उन्होंने कारापाल को बंदियों को नियमानुसार मिलने वाली हर सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता भी देखी। उन्होंने उपस्थित कारापाल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने कारापाल को कहा कि जिन बंदियों की जमानत या अपील नहीं की गई है उनकी जमानत और अपील के संबंध में दस्तावेज तैयार करवाए जाकर आवश्यक कार्यवाही की जावे। इस दौरान उप कारापाल पवन डउकिया सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

इस दौरान जिला एवं सेशन न्यायाधीश हारून ने तालुका मुख्यालय सांचौर में पद स्थापित न्यायिक अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि 8 मार्च को आयोजित होने वाली लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निस्तारण के लिए हर संभव कोशिश की जावे। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरण चिन्हित किए जावे एवं उनमें पक्षकारान के बीच समझाइश के लिए नोटिसेज जारी किए जावे। इस दौरान उन्होंने सभी न्यायिक अधिकारियों को कहा कि न्यायालयों में लंबित पुराने प्रकरणों के निस्तारण को लेकर भी आवश्यक कार्यवाही करे। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अहसान अहमद, अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश ललित पुरोहित, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्याम सुंदर, न्यायिक मजिस्ट्रेट शालिनी चौधरी मौजूद रही।

# पीड़ित परिवार को मुआवजा राशि देने की मांग बताई


जालोर के निकट चुंडा गांव में आगजनी की घटना से पीड़ित परिवार को मुआवजा राशि दिलाने की मांग को लेकर शिवसेना ने तहसीलदार बाबूसिंह राजपुरोहित को ज्ञापन सौंपा। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। शिवसेना यूबीटी जालोर के जिला प्रमुख रुपराज राजपुरोहित ने बुधवार को तहसीलदार को ज्ञापन सौपकर गत दिनो चुंडा निवासी एक गरीब परिवार के घर में आग लगने से सामान चलने पर उसका सर्वे करवाकर मुआवजा राशि दिलाने की मांग की गई।

ज्ञापन में बताया कि 2 फरवरी को पीडित उकनाथ पुत्र जोगनाथ, जाति कालबेलिया, निवासी महेशपुरा रोड, चुण्डा, जिला जालोर के घर के सभी सदस्य मजदुरी के लिए गए हुए थे, तथा पीछे अचानक आग लगने से पीडित के घर रखा सवा दो तोला सोना, 80 तोला चांदी, 16 रजाई, 5 बोरी गेहूं, 15 कंबल, दस हजार रूपये की सोलर के साथ बैटरी, 7000 का तंबु, 5000 लीटर की टंकी, 50 थाली, सौ कटोरा, 4 कोटी, 2 स्टील डबा, 8 सदस्यों के कपडे, सभी राशन की सामग्री एवं मकान सहित लगभग 5 लाख का नुकसान पीडित को हुआ है तथा पीडित के पास अभी कुछ बचा हुआ नहीं है । पीडित गरीब परिवार से होने के कारण पीडित के पास कुछ नहीं है तथा अपने घर की व्यवस्था नहीं कर सकता व पीडित बेघर हो गया । जिसके लिए शिवसेना यूबीटी ने पीडित परिवार को जल्द से जल्द मुआवजा दिलवाने की कार्यवाही की।

इसी दौरान मौके पर शिवसेना जिला प्रमुख रूपराज पुरोहित, जिला सचिव योगी शेषनाथ, जालोर नगर प्रमुख मिश्रीमल परिहार, गोवा प्रवासी प्रमुख नितिन राजपुरोहित, कैलाष राणा, दिनेष राणा, जोशनाथ, उकनाथ, श्रवणनाथ, दिननाथ, लीलादेवी आदि कई लोग उपस्थित रहे।

## शिविर में 110 लोगों का उपचार

**पाली**, (नि.सं.)। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर के तहत बुधवार को जिले के वायद गांव में मोबाइल कैंसर स्कीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जोधपुर मेडिकल कॉलेज से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 110 लोगों की स्क्रीनिंग कर उपचार दिया गया।

सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से कैंसर की पहचान व जल्द निदान के लिए प्राप्त मोबाइल कैंसर डिटेक्शन वैन जोधपुर मेडिकल कॉलेज से मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर के तहत बुधवार 5 फरवरी को रोहट ब्लॉक के वायद गांव में राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। वायद पीएचसी में मोबाइल कैंसर स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। जोधपुर मेडिकल कॉलेज से आए विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ नरेंद्र शर्मा, डॉ सरोज ढाका, डॉ सुमन चौधरी द्वारा शिविर में सामान्य कैंसर, जिसमें स्तन कैंसर, गर्भाशय ठिावा कैंसर, ओरल कैंसर, फेफड़े का कैंसर की स्क्रीनिंग कर से करीब 110 रोगियों की जांच एव कैंसर के बचाव एवं उपचार के लिए आमजन को जागरूक किया। इधर, रोहट बीसीएमओ डॉ तेजपाल चारण ने भी शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। शिविर में वायद पीएचसी के डॉ मनीष बिश्नोई, नर्सिंग ऑफिसर कन्हैयालाल राणा का भी सराहनीय सहयोग रहा। सीएमएचओ डॉ मारवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर के तहत 7 फरवरी शुक्रवार को पाली ब्लॉक के गुंदोज गांव के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मोबाइल कैसर स्कीनिग शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील भंडारी का स्वागत


भाजपा महिला मोर्चा ने भाजपा पाली के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष सुनील भंडारी का स्वागत किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। भाजपा महिला मोर्चा की ओर से भाजपा पाली के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष सुनील भंडारी का जोरदार स्वागत किया गया।

महिला मोर्चा की जिला मीडिया प्रभारी मनीषा राखेचा ने बताया कि बुधवार को जिलाध्यक्ष मनोहरकंवर राठौड़ के नेतृत्व में महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने भंडारी के आवास पर पहुंचकर उनका गर्मजोशी के साथ अभिनंदन कर उनकी नियुक्ति पर खुशी जताई। इस अवसर पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मनोहरकंवर राठौड़ ने राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ सहित संगठन के वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भंडारी के अध्यक्ष बनने से पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह का संचार हुआ हैं। उनके कुशल नेतृत्व में जिले में संगठन सुदृढ़ होगा।

इस दौरान नयना व्यास, प्रमिला परमार, मनीषा राखेचा, विमला मंत्री, सिंधुकंवर, लक्ष्मी बंजारा, नीलू कटारिया, रेखाकंवर, कंचन प्रजापत व रेखा चौहान सहित जिले और पाली मंडल की कार्यकर्ता मौजूद थी।

## युवक को मारपीट कर घायल किया

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के राव कॉलोनी में बुधवार को एक युवक को मारपीट कर घायल कर दिया जिसे उपचार के लिए ट्रोमा सेन्टर में भर्ती करवाया गया। वही कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरु की।

पुलिस के अनुसार केसरसिंह पुत्र हडमतसिंहजी, जाति राव, निवासी राव समाज कॉलोनी जालोर ने रिपोर्ट देकर बताया के समाज की मीटिंग का आयोजन राव चण्डिसा मन्दिर, राव समाज जालोर में रखा गया था जहां पर में वह व उसका पुत्र सुरेन्द्रसिंह भी मीटिंग में गये थे दोपहर करीबन 2 बजे मिटिंग चल रही थी तब वहां पर मौजूद पारसदान पुत्र खीमदान , भैरूसिंह पुत्र पारसदान, नरेश पुत्र पारसदान, प्रवीणसिंह पुत्र भंवरलाल, कमलेश पुत्र भंवरलाल, जातियान राव, निवासीगण राव चण्डिसा मन्दिर राव कॉलोनी जालोर व दशरथसिंह पुत्र नामालूम, जाति राव, निवासी थैरवाडा, जिला बनासकांठा (गुजरात) एक राय होकर हाथो में क्लीप लेकर एकराय होकर उसके पुत्र सुरेन्द्रसिंह के साथ मारपीट करने लगे, तब पारसदान पुत्र खीमदान ने चिल्लाकर मुलजिमानो को कहा कि इनके हाथ पैर तोड दो, आज तो ये पिता पुत्र दोनो बचकर नहीं जाने चाहिए। मुलजिमानो ने ज्यादा आवेश में आकर समाज के लोगो के सामने पुत्र सुरेन्द्रसिंह के साथ मारपीट करने लगे।

## क्रेडिट कार्ड एक्टिव करने के नाम पर फ्रॉड

**जोधपुर**, (कासं)। मोबाइल शॉप चलाने वाले एक युवक से क्रेडिट कार्ड एक्टिव करने के नाम पर 1.99 लाख रूपए की ठगी कर ली गई। पीड़ित ने इस बाबत उदयमंदिर थाने में मामला दर्ज कराया है।

मामले में कुम्हारों एवं तंवरों का बास आसोप निवासी रामनरेश प्रजापत ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि वह 7 सितंबर 24 को अपनी मोबाइल शॉप रायबहादूर बाजार में था। तब उसके पास में एक नंबर से कॉल आया और क्रेडिट कार्ड एक्टिव करने की बात की। बातचीत के बाद शातिर ने उसके खाते से 199603 निकाल लिए। पीड़ित द्वारा पूर्व में साइबर सैल में शिकायत दी गई, मगर ना तो केस दर्ज किया गया और ना ही आगे कार्रवाई की गई। अब मामला उदय मन्दिर पुलिस थाने में दर्ज कराया गया है।

## ओरल हेल्थ विषय पर चर्चा

**जोधपुर**, (कासं)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बनाड़ जोधपुर में विद्यार्थियों के लिए ओरल हेल्थ विषयक सेमीनार का आयोजन किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राचार्य उम्मेद सिंह ने बताया कि इस सेमीनार में डॉ. जावेद ने बच्चों को ओरल हेल्थ के संबंध में विस्तार से बताते हुए नियमित ब्रश करने की आदत अपनाने पर बल दिया।

सभी विद्यार्थियों को ओरल हेल्थ किट वितरित किए गए।

# पाली में न्यायाधीश भाटी ने कारागृह का निरीक्षण किया


विक्रम सिंह भाटी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ( अपर जिला न्यायाधीश ) पाली ने जिला कारागृह का निरीक्षण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार विक्रम सिंह भाटी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश) पाली द्वारा बुधवार को जिला कारागृह का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान 75 बन्दी जिला कारागृह, पाली में निरूद्ध मिले। दौराने निरीक्षण सचिव भाटी द्वारा बन्दीगण से वार्तालाप कर कारागृह में भोजन, चिकित्सीय सुविधा, पेयजल, सफाई व्यवस्था इत्यादि के संबंध में जानकारी ली गई। इसके अतिरिक्त कोई भी बन्दी निजी अधिवक्ता करने में आर्थिक या अन्य किसी कारण से असमर्थ हो अथवा विधिक सहायता के अभाव में बिना अधिवक्ता के कारागृह में निरूद्ध ना रहे, इस हेतु प्राधिकरण सचिव श्री विक्रम सिंह भाटी द्वारा कारागृह में बन्दीगण को निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी गई। सचिव भाटी द्वारा प्रत्येक बैरक में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। कारागृह में साफ-सफाई व्यवस्था का पूरा ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया गया। जिला कारागृह में संचालित विधिक सेवा केन्द्र का अवलोकन किया गया। जेल डिस्पेंसरी पर नियुक्त चिकित्सक द्वारा बताया गया कि वर्तमान में कारागृह मे कोई भी गंभीर बीमारी से ठासित बन्दी निरूद्ध नही है। दौराने निरीक्षण डॉ इमरान खिलेरी, चिकित्सक डिस्पेन्सरी जिला कारागृह पाली, सुश्री अल्ताफ हुसैन जेल विजिटिंग लॉयर आदि उपस्थित रहे।

## गर्ग के जन्मदिन पर गया को हरा चारा खिलाया

**जालोर**, (कासं)। भाजपा नगर मंडल जालोर द्वारा मुख्य सचेतक विधानसभा राजस्थान व जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग के जन्मदिन पर गो माता को हरा चारा खिलाया गया।

नगर महामंत्री दिनेश महावर ने बताया कि मुख्य सचेतक विधानसभा राजस्थान व जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग का जन्मदिन आदर्श गोशाला में भाजपा नगर मंडल जालोर द्वारा गो माता को हरा चारा खिलाकर मनाया। नगर मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं द्वारा जोगेश्वर गर्ग को सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की। रवि सोलंकी ने कहा कि शुभ अवसरों पर भाजपा सेवा कार्यो के साथ कार्य करता है। इस दौरान नगर अध्यक्ष रवि सोलंकी पूर्व नगर अध्यक्ष सुरेश सोलंकी नगर महामंत्री रतन सुथार नगर मंत्री महेश भट्ट नगर उपाध्यक्ष अशोक गुर्जर मोहन लाल हीरालाल देवासी श्रवण कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**■ जोगेश्वर गर्ग को सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई शुभकामनाएं दी**

# सी.एम. ने सांचौर विधायक जीवाराम को सांत्वना दी


मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जालोर जिले के भादरूणा ग्राम में सांचौर विधायक जीवाराम चौधरी की माता स्व. चमनी देवी के निधन पर शोक संवदेना व्यक्त की। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जालोर जिले के सांचोर के निकट भादरूणा ग्राम में सांचौर विधायक जीवाराम चौधरी की माता स्व. चमनी देवी के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संवेदना प्रकट कर परिवारजनों का सांत्वना दी। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए परिवार के सदस्यों को ढांढस बंधाया।

हेलीकॉप्टर से पहुंचे मुख्यमंत्री का हेलीपैड पर भाजपा नेताओं और स्थानीय लोगों ने स्वागत किया। स्वागत करने वालों में भाजपा नेता दानाराम चौधरी, मोतीराम चौधरी, भगवानराम माली सहित कई प्रमुख लोग शामिल रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ जालोर-सिरोही के सांसद लुंबाराम चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज पुरोहित भी उपस्थित रहे। भाजपा के कई स्थानीय कार्यकर्ताओं और पार्टी पदाधिकारियों ने भी मुख्यमंत्री के दौरे में हिस्सा लिया और विधायक जीवाराम चौधरी के परिवार को सांत्वना दी।



भारत ने शानदार बल्लेबाजी की, मुझे लगता है कि इसका श्रेय अभिषेक शर्मा को जाता है. उनकी यह पारी क्लीन हिटिंग के सर्वश्रेष्ठ उदाहरणों में से एक है। - जोस बटलर

**इंग्लैंड के कप्तान,** अभिषेक का प्रदर्शन देखकर जमकर तारीफ करते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



## क्रिस्टियानो रोनाल्डो

क्रिस्टियानो रोनाल्डो वे पेशेवर फुटबॉलर के तौर पर सऊदी अरब के क्लब अल-नासेर के लिए फॉरवर्डर के रूप में खेलते है और पुर्तगाल की राष्ट्रीय टीम की कप्तानी करते है। अपने पूरे करियर में रोनाल्डो ने पांच बैलोन डीओर पुरस्कार और चार यूरोपीय गोल्डन शूज़ जीते हैं, जो एक यूरोपीय खिलाडी द्वारा सबसे अधिक है। क्रिस्टियानो रोनाल्डो जन्म 5 फरवरी 1985 को हुआ था। वे गरीब मां-बाप की चौथी संतान थे। रोनाल्डो उनकी चौथी संतान के रूप में गर्भ में आए। तब मां डोलोरेस रोनाल्डो को जन्म नहीं देना चाहती थी।

**क्या आप जानते हैं ?...** 2000 में, पेले को इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ़ फुटबॉल हिस्ट्री एंड स्टेटिस्टिक्स द्वारा सदी का विश्व खिलाड़ी चुना गया।

## 7 साल बाद के एल सैनी स्टेडियम में ए डिविजन लीग आज से

जयपुर, 5 फरवरी। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा जयपुर की प्रतिष्ठित ए डिविजन लीग 6 फरवरी से के एल सैनी स्टेडियम पर आयोजित की जा की जा रही ही। उदघाटन मुकाबला राजस्थान यूथ बनाम सुराणा क्रिकेट एकेडमी के मध्य खेला जाएगा। ए डिविजन लीग में भाग लेने वाली अन्य टीमें है जयपुर क्लब, नीरजा मोदी एकेडमी, चम्बल स्पोर्ट्स, जयपुर ब्लूज, राजीव गांधी क्लब व सबा क्लब। 8 टीमों के मध्य राउंड रोबिन आधार पर 28 एकदिवसीय मैच खेले जायेंगे। उल्लेखनीय है कि जयपुर जिला क्रिकेट संघ की डिविजन लीग पिछले 7 सालों से रुकी हुई थी।


## बीसीसीआई अंडर 23 सी के नायडू ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में राजस्थान का मैच महाराष्ट्र से होगा

जयपुर, 5 फरवरी। आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य धर्मवीर सिंह शेखावत के अनुसार राजस्थान क्रिकेट संघ राज्य के युवा खिलाडियों को ज्यादा से ज्यादा राष्ट्रिय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर विशिष्ट परिस्थितियों मैंखेलने का अनुभव प्राप्त हो जिससे वे बीसीसीआई की राष्ट्रिय प्रतियोगिताओं में राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए पूर्ण रूप से तैयार हो व उच्च स्तरीय प्रदर्शन कर राज्य व देश का नाम रोशन कर सकें। इसी कड़ी में आगामी 11 फरवरी से रायपुर में आयोजित होने आल इंडिया टी20 डे -नाईट टूर्नामेंट हेतु राजस्थान टीम घोषित।

**प्रतियोगिता हेतु चयनित राजस्थान टीम :** -धर्मवीर सैनी, राजकुमार सैनी, नवीन कुमार, हेमंत कुमार, जयदीप सिंह राठौर, अर्जुन वेन, कन्हैया लाल स्वामी, शिवा चौहान, जतिन सैनी, भुवन शर्मा, सचिन लखेसर, कुणाल सिंह, करण सिंह राजावत, आदित्य सिंह झाला, गुलाब सिंह, राजवीर सिंह, भारत शर्मा, संदीप सैनी, जुबेर अली, पुखराज। सपोर्ट स्टाफराकेश बत्रा - कोच, हेमंत त्रिवदी - फिजियो, शंकर शर्मा स्ट्रेंग्थ एंड कंडीशनिंग कोच

मुकेश चौधरी - मैनेजर,बीसीसीआई की राष्ट्रिय अंडर 23 सी के नायडू ट्रॉफी क्वाटर फाइनल में राजस्थान का मुकाबला महाराष्ट्र से पुणे में आगामी 10 फरवरी से खेला जायेगा।

## आई-लीग कर्टेन रेज़रः राजस्थान यूनाइटेड एफसी बनाम आइज़ॉल एफसी आज



जयपुर, 5 फरवरी। जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में एक महत्वपूर्ण आई-लीग मुकाबला 6 फरवरी 2025 को होने वाला है, जिसमें राजस्थान यूनाइटेड एफसी आइजोल एफसी की मेजबानी करेगा। दोनों टीमों की नज़र मैच में महत्वपूर्ण तीन अंकों पर है जो उन्हें तालिका में ऊपर चढ़ने और अपनी स्थिति में सुधार करने में मदद कर सकते हैं। राजस्थान यूनाइटेड एफसी, वर्तमान में 19 अंकों के साथ छठे स्थान पर है, अपने हालिया प्रदर्शन को आगे बढ़ाने और अपनी बढ़त जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्य कोच वाल्टर कैप्राइल मैच को लेकर आश्वस्त हैं, उन्होंने इस बात पर जोर दिया, टीम आश्वस्त है, केंद्रित है और कल अपना सब कुछ देने के लिए तैयार है। हमारा लक्ष्य जीतना और तालिका में ऊपर चढ़ना है।

## पिता संग महाकुम्भ पहुंचीं साइना नेहवाल

महाकुम्भ नगर, 5 फरवरी। भारत की स्टार शटलर और पूर्व ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल बुधवार को संगम में आस्था की डुबकी लगाने के लिए बुधवार को महाकुम्भ पहुंचीं। उन्होंने कहा कि यह दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक आयोजन है और वह खुद को सौभाग्यशाली मानती हैं कि उन्हें यहां आने का अवसर मिला। साइना ने कहा, इस पवित्र आयोजन का हिस्सा बनकर विशेष अनुभव हो रहा है। मैं उत्तर प्रदेश सरकार को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई देती हूं। उम्मीद है कि ज्यादा से ज्यादा लोग यहां आएंगे और इसे विश्वभर में प्रसिद्ध बनाएंगे। उन्होने बताया कि वह आज शाम अपने पिता के साथ त्रिवेणी संगम जा रही हैं और भविष्य में अपनी मां के साथ भी यहां आने की इच्छा रखती हैं।

## सिमोना हालेप ने टेनिस को कहा अलविदा

बुखारेस्ट 5 फरवरी। दो बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिमोना हालेप ने टेनिस से संन्यास ले लिया हैं। रोमानिया की टेनिस स्टार हालेप ने इटली की लूसिया ब्रोंजेटी से 6-1, 6-1 से पहले दौर की हार के बाद ट्रांसिल्वेनिया ओपन में कोर्ट पर अपने संन्यास की घोषणा की।

मैच के बाद हालेप ने कहा, मैं अपनी अंतरआत्मा से यह फैसला किया है। मैं विश्व की नंबर एक खिलाडी बनी, मैंने ग्रैंड स्लैम जीते, यह अच्छी बात रही मैं यही सब चाहती थी। जीवन ऐसे ही चलता रहता है, टेनिस के बाद भी जीवन है और मुझे उम्मीद है कि हम एक-दूसरे से फिर मिलेंगे।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार दो साल तक चले डोपिंग मामले में डब्ल्यूटीए टूर में वापसी के बाद इस सप्ताह आयोजित उनका पाँचवाँ टूर्नामेंट था। पिछले महीने उन्हें घुटने की चोट के कारण ऑस्ट्रेलियन ओपन क्वालीफाइंग से हटना पड़ा था। हालेप ने 2018 में फ्रेंच ओपन में स्लोएन स्टीफंस को हराकर अपना पहला प्रमुख खिताब जीता था। इसके बाद उन्होंने 2019 में विंबलडन में जीत हासिल की।

# मेरा पूरा ध्यान एकदिवसीय सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी पर है: रोहित



नागपुर, 5 फरवरी। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि इस समय मेरा पूरा ध्यान इंग्लैंड के साथ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला और चैंपियंस ट्रॉफी पर है। खराब फार्म से जूझ रहे रोहित ने आज यहां गुरुवार से शुरु हो रही एकदिवसीय सीरीज से पहले अपने भविष्य के सवाल पर कहा कि इस समय यहां पर बैठकर मेरे भविष्य की योजना के बारे में चर्चा करने का कोई औचित्य नहीं है पिछले कुछ वर्षों से इस तरह की रिपोर्ट्स काफी चर्चा में रही हैं और मैं इनका जवाब नहीं देना चाहता। मेरे लिए यह तीन मैच और चैंपियंस ट्रॉफी अधिक महत्वपूर्ण हैं इसलिए मेरा ध्यान अभी इसी पर केंद्रित है। उन्होंने फार्म सवाल पर कहा कि यह अलग प्रारूप है, अलग समय है। एक क्रिकेटर के तौर पर हम जानते हैं कि हमारे साथ उतार-चढ़ाव का समय आएगा। मैंने अपने करियर में कई बार इस तरह के दौर सामना किया है यह मेरे लिए नया नहीं है। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि हर दिन एक नया दिन होता है और हर सीरीज नई होती है।

मैं सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने के बारे में सोच रहा हूं। मैं अतीत के बारे में नहीं, सीरीज की अच्छी शुरुआत पर ध्यान देना चाहता हूं। जसप्रीत बुमराह की फिटनेस के सवाल पर भारतीय कप्तान ने कहा हम अभी उनके स्कैन रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। एक बार स्कैन रिपोर्ट सामने आ जाने पर हम स्पष्टता देने में सक्षम होंगे। उन्होंने तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टी-20 सीरीज में वापसी की। उन्होंने कहा कि शमी ने डेढ़ साल से क्रिकेट नहीं खेला है। इसलिए किसी को इतनी जल्दी राय नहीं बना लेनी चाहिए। वह पिछले 10-12 वर्षों से क्रिकेट खेल रहे हैं। उन्होंने टीम के लिए प्रदर्शन किया है। अगर घरेलू क्रिकेट में कोई खिलाडी उम्मीदों के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए तो इसका मतलब यह नहीं है कि वो खिलाडी खराब है।

भारतीय कप्तान ने विकेटकीपिंग के सवाल पर कहा कि राहुल काफी समय से एकदिवसीय प्रारूप में हमारे लिए विकेटकीपिंग कर रहे हैं और उन्होंने बहुत अच्छी तरह से इस जिम्मेदारी को निभाया भी है। पिछले 10-15 एकदिवसीय में उन्होंने वैसा ही किया जैसा टीम को उनसे जरूरत थी। ऋषभ भी पूरी तरह से तैयार हैं। हमारे पास इन दोनों में से किसी एक को खिलाने का विकल्प है। दोनों के पास मैच जिताने की क्षमता है लेकिन अतीत में अगर किसी खिलाडी ने अच्छा प्रदर्शन किया है तो उसे जारी रखना भी जरूरी है। वरुण चक्रवर्ती के सवाल पर उन्होंने कहा उसने अलग तरह की गेंदबाजी की है। वह अलग तरह के गेंदबाज हैं। तो इसलिए हम उनके रूप में एक अन्य विकल्प भी साथ रखना चाहते थे। यह सीरीज हमारे लिए उन्हें आज़माने का एक अवसर होगा ताकि हम यह देख पाएं कि वह क्या कर सकते हैं। उन्होंने कहा अगर चीजें हमारी योजना के अनुसार हुई तो हम इस पर विचार करेंगे।

## उत्साहित भारतीय टीम जीत के इरादे से उतरेगी



नागपुर, 05 फरवरी। टी-20 सीरीज जीतने के बाद उत्साहित भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से शुरु हो रही तीन मैचों सीरीज के पहले एकदिवसीय मुकाबले को जीतकर बढ़त बनाने के इरादे से उतरेगी।

चैंपियंस ट्रॉफी से पहले हो रही तीन मैचों की यह सीरीज दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है। पिछले वर्ष बारबाडोस में आईसीसी खिताब जीतने वाली भारतीय टीम से एक बार फिर बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। वही इंग्लैंड टी-20 सीरीज में निराशाजनक हार के बाद फॉर्म हासिल करने का प्रयास करेगा।

# भारत-इंग्लैंड के मैच से पहले टिकट को लेकर बवाल, स्टेडियम के बाहर फैंस का हुजूम



नागपुर, 5 फरवरी। भारत और इंग्लैंड के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज 6 फरवरी से शुरू हो रही है। जहां सीरीज का पहला मैच नागपुर में खेला जाएगा वहीं दूसरा कटक के बाराबती क्रिकेट स्टेडियम में 9 फरवरी को खेला जाएगा। भारत-इंग्लैंड के बीच दूसरे वनडे मैच के लिए जैसी ही टिकट की बिक्री शुरू हुई बाराबती क्रिकेट स्टेडियम के बाहर फैंस का हुजूम उमड़ पड़ा और भगदड़ कीस्थिति बन गई। जिसके बाद पुलिस को भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा। भारत और इंग्लैंड के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज 6 फरवरी से शुरू हो रही है। जहां सीरीज का पहला मैच नागपुर में खेला जाएगा वहीं दूसरा कटक के बाराबती क्रिकेट स्टेडियम में 9 फरवरी को खेला जाएगा। भारत-इंग्लैंड के बीच दूसरे वनडे मैच के लिए जैसी ही टिकट की बिक्री शुरू हुई बाराबती क्रिकेट स्टेडियम के बाहर फैंस का हुजूम उमड़ पड़ा और भगदड़ कीस्थिति बन गई। जिसके बाद पुलिस को भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अंपायर्स का ऐलान, एक भी भारतीय शामिल नहीं

नई दिल्ली, 5 फरवरी। अब से कुछ ही दिनों में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज होने जा रहा है। इस मेगा इवेंट को लेकर एक तरफ सभी 8 टीमें जोरों शोरों से तैयारी कर रही है, तो दूसरी तरफ फैंस भी इंतजार में दिन गिन रहे हैं। वहीं आईसीसी भी इस मिनी वर्ल्ड कप को लेकर अपनी आखिरी तैयारी को पूरा करने में जुटा हुआ है। इसी कड़ी में आईसीसी ने बुधवार को इस टूर्नामेंट के लिए ऑफिशियल्स की घोषणा की है। पाकिस्तान की मेजबानी में खेले जाने वाले चैंपियंस ट्रॉफी टीम इंडिया के लिए हाइब्रिड मॉडल के तहत खेला जाएगा। वहीं इस टूर्नामेंट के लिए मैच ऑफिशियल्स के नामों का ऐलान कर दिया गया है। 19 फरवरी से शुरू हो रही चैंपियंस ट्रॉफी के लिए आईसीसी ने अंपायर्स और मैच रेफरी के नामों पर अंतिम मुहर लगा दी है। इसमें एक से एक अनुभवी और दिग्गज अंपायर को ये जिम्मेदारी सौंपी गई है। लिस्ट में पाकिस्तान के अहसान रजा भी शामिल हैं। लेकिन इसमें एक भी भारतीय नहीं हैं। आईसीसी ने श्रीलंका के दिग्गज अंपायर कुमार धर्मसेना को फिर से मौका दिया है। धर्मसेना आईसीसी के कई बड़े टूर्नामेंट्स में अंपायरिंग कर चुके हैं। धर्मसेना रिकॉर्ड वनडे मैचों में अंपायरिंग कर चुके हैं। रिचर्ड केटलबोरी भी लिस्ट में शामिल हैं। वे 108 मेंस वनडे मैचों में अंपायरिंग कर चुके हैं।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए मैच ऑफीशियल्स अंपायर-कुमार धर्मसेना, क्रिस गैफनी, माइकल गॉफ, एड्रियन होल्डस्टॉक, रिचर्ड इलिंगवर्थ, रिचर्ड केटलबोरो, अहसान रजा, पॉल रीफेल, शरफुद्दौला इब्ने शाहिद, रॉडनी टकर, एलेक्स व्हार्फ, जोएल विल्सन।

मैच रेफरी-डेविन बून, रंजन मदुगले, एंड्रयू पाइक्रॉफ्ट।

## राजस्थान यूथ की जीत में जयंत का शतक, जतिन का ऑल राउंडर प्रदर्शन

जयपुर, 5 फरवरी। चंबल स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित 4 नन्हें खा मेमोरियल सीनियर क्रिकेट लीग में आज संस्कार ग्राउंड पर खेले गए मैच में राजस्थान यूथ ने सिग्नेचर एकेडमी को 217 रनों के विशाल अंतर से हराया। टॉस जीतकर राजस्थान यूथ की ओर से शानदार बल्लेबाजी करते हुए जयंत ताम्बी ने 106 रनों का शानदार शतक बनाया भवनेश शर्मा 56, अभय शर्मा 48, जतिन सैनी 50, ईशान यादव 18 रनों के सहयोग से 45 ओवर में 6 विकेट पर 298 रन बनाए। सिग्नेचर की ओर से गेंदबाजी करते हुए समर शर्मा 3, वसीम खान , देव नरेंद्र यादव ने 1-1 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए सिग्नेचर एकेडमी, राजस्थान यूथ के स्पिन गेंदबाज जतिन सैनी के सामने पूरी टीम 21 ओवर में 81 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जतिन सैनी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिए।

# राजस्थान पुरुष टीम की घोषणा

## 70वीं सीनियर राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता



जयपुर, 5 फरवरी। राजस्थान राज्य बॉल बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष डॉ. राजपाल शर्मा के अनुसार भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ द्वारा 70वीं सीनियर राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता (पुरुष वर्ग) का आयोजन दिनांक 06 फरवरी से 09 फरवरी 2025 तक बेल्लारी, कर्नाटका में किया जा रहा है।

उक्त प्रतियोगिता में राज्य की पुरुष टीम भाग लेने जा रही है। राज्य बॉल बैडमिंटन संघ के महासचिव शौकत अली मंसूरी के अनुसार उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने जा रही पुरुष टीम का चयन जयपुर में आयोजित सीनियर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आधार पर किया गया है।

प्रतियोगिता में भाग लेने जाने वाली प्रदेश की चयनित पुरुष टीम इस प्रकार है :- पुरुष वर्ग : बीकमचन्द जरीवाल (कप्तान), साहिल राजपुरोहित (उपकप्तान), अमित कुमार, अजय चौहान, उत्कर्ष जांगिड़, दीपक सिंह, गणेश शर्मा, राजेंद्र योगी, जीतेन्द्र कटारा, टीकाराम शर्मा, देवेंद्र कुमार शर्मा (कोच), गोपाल (मैनेजर)।

राज्य संघ के अध्यक्ष डॉ. राजपाल शर्मा, सचिव शौकत अली मंसूरी एवं कोषाध्यक्ष लक्ष्मीकांत शर्मा ने दोनों टीमों के खिलाडियों एवं ऑफिशल्स को ट्रैक सूट एवं किट देकर रवाना किया।

## प्रशान्त के नाबाद अर्धशतक व हर्ष के 4 विकेट से अरावली सेमीफाईनल में

जयपुर, 5 फरवरी। बनीपार्क क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 51वीं राज्य स्तरीय शर्मा-माथुर क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज अरावली क्रिकेट ठाउण्ड, हाथोज में खेले गये क्वार्टर फाईनल मुकाबले में प्रशान्त माली 73 रन नाबाद तथा हर्ष कुमार मीणा 53 रन पर 4 विकेट, विशाल गोदार 27 रन पर 3 विकेट की शानदार गेंदबाजी की मदद से अरावली क्रिकेट क्लब ने बनीपार्क क्रिकेट क्लब को 4 विकेट से हरा कर सेमीफाईनल में प्रवेश किया। जहाँ उसका मुकाबला राजस्थान यूथ से होगा।

# 3 लाख रुपये तक बिका भारत-पाकिस्तान मैच का टिकट

नई दिल्ली, 5 फरवरी। 19 फरवरी से चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज होने जा रहा है। वहीं इस टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा। जिसका फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फैंस भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले को देखना खूब पसंद करते हैं। अक्सर इस मुकाबले मको फैंस टीवी पर देखने की बजाय स्टेडियम से देखने पर ज्यादा तरजीह देते हैं। इसी के चलते भारत और पाकिस्तान मैच की टिकट की कीमत बहुत ज्यादा हो जाती है। इस बार भी ऐसा ही हुआ। मुकाबले की टिकट करीब 3 लाख रुपये तक पहुंची। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 पाकिस्तान की मेजबानी में खेली जानी है, लेकिन टूर्नामेंट में टीम इंडिया अपने सभी मुकाबले दुबई में खेलेगी। भारत और पाकिस्तान के बीच महामुकाबला 23 फरवरी को खेला जाएगा। इस मैच को लेकर सामने आई जानकारी में बताया गया कि मुकाबले की टिकट की कीमत करीब 3 लाख रुपये तक गई।चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की शुरुआत 19 फरवरी से होगी। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच कराची में खेला जाएगा। वहीं टीम इंडिया टूर्नामेंट में अपना पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी। बताते चलें कि टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल दुबई में खेला जाएगा, जबकि दूसरा सेमीफाइनल पाकिस्तान में होगा।

## आंध्र की गायत्री,एमपी के केवट ने कायक क्रॉस व कैनो स्लालम में कब्जाया स्वर्ण

देहरादून, 5 फरवरी। 38वें राष्ट्रीय खेल के कायक क्रॉस और कैनो स्लालम की प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार को रफ़्तार तथा ताकत का जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला। यह प्रतिस्पर्धा पौड़ी के फूल चट्टी गोल्फ कोर्स रैपिड्स में आयोजित की जा रही है, जिसमें देश भर के श्रेष्ठ खिलाड़ी अपनी चुनौती पेश कर रहे हैं। महिला के-1 स्लालम में आंध्र प्रदेश की नगिदी गायत्री ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 267.578 सेकंड में रेस पूरी की और पहले स्थान पर रही। मध्य प्रदेश की शिखा चौहान ने सिल्वर पदक हासिल किया।

# आरसीए एडहॉक कमेटी ने पूर्व रणजी खिलाड़ियों को पेंशन स्किम एवं अवार्ड देने की प्रक्रिया को शुरु किया

जयपुर, 5 फरवरी। आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य धर्मवीर सिंह शेखावत के अनुसार राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन ने आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीप बिहानी के निर्देशानुसार एडहॉक कमेटी मीटिंग मे लिए गए निर्णयो को जल्द से जल्द अमल मे लाते हुए आरसीए पैनल के 2 अंपायर पाली के मोहित सिंह व बिकानेर के मरुधर सिंह के गत दिनों आकस्मिक निधन से उनके परिवार सहयोग राशि के रूप में आरसीए द्वारा प्रत्येक अंपायर के परिवार को 1 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशी को सोंपा गया। आरसीए एडहॉक कमेटी दवारा सत्र 2024-25 मे शानदार प्रदर्शन करने वाले सर्वश्रेठ खिलाड़ियों के आरसीए अवार्ड प्रक्रिया व समारोह हेतु 3 सदस्य कमेटी का गठन किया गया था जिसके सदस्य रतन सिंह शेखावत , विमल शर्मा व हरीश चंद्र सिंह हैं। धर्मवीर सिंह शेखावत बताया की अवार्ड कमेटी के सानिध्य मे आरसीए चयनकर्ताओ ने सर्वश्रेष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया को अमल मे लाना शुरू कर दिया है व जल्द ही प्रक्रिया पूर्ण होने पर आरसीए अवार्ड समारोह आयोजित करेगा।

आरसीए एडहॉक कमेटी मीटिंग में सभी सदस्यों ने राजस्थान क्रिकेट संघ के पूर्व रिटायर्ड रणजी खिलाड़ियों की पेंशन स्किमको फिर से शुरू करने का निर्णय लिया जिससे राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले पूर्व रणजी खिलाडियों व उनके परिवार को मासिक आर्थिक सहायता प्राप्त होगी। इस स्कीम हेतु आरसीए ने सभी पुर्व खिलाड़ियों से उनके आवश्यक रिकार्ड व अब तक प्राप्त राशी की जानकारी मांगी है जिससे पेंशन स्कीम को अतिशीघ्र चालु किया जा सके।

## आरसीए आयोजित करेगा मैच रेफरी व अंपायर एग्जाम

जयपुर, 5 फरवरी। आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य धर्मवीर सिंह शेखावत के अनुसार बीसीसीआई के आगामी मैच रेफरी एग्जाम व अंपायर एग्जाम में भाग लेने हेतु राजस्थान के क्वालिफाइड व अनुभवीमैच रेफरी व अंपायर के चयन हेतु राजस्थान क्रिकेट संघ आगामी दिनांक 10 फरवरी से आरसीए मैच रेफरी एग्जाम ( पुरुष / महिला ) व दिनांक 13 फरवरी को आरसीए अंपायर एग्जाम आयोजित करेगा।

धर्मवीर सिंह के अनुसार आरसीए द्वारा आयोजित होने वाले आरसीए मैच रेफरी ( पुरुष / महिला ) व आरसीए अंपायर एग्जाम हेतु बीसीसीआई की राष्ट्रिय क्रिकेट प्रतियोगिताओं में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने वाले अनुभवीपूर्व खिलाडियों व साथ ही आरसीए अंपायर एग्जाम में राष्ट्रिय व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के अनुभवी आरसीए पैनल के अंपायर भाग लेंगे।

# भारतीय खिलाड़ियों में शमशीर अली 5, हिम्मत 4, ध्रुवपाल गोदारा 6, सिमरन शेरगिल ने 5 गोल किये

## द लीला महाराजा सवाई मानसिंह पोलो कप (08 गोल) में आज गोलों की बरसात

जयपुर, 5 फरवरी। जयपुर पोलो सीजन 2025, लीला महाराजा सवाई मानसिंह पोलो कप (08 गोल) में आज चार मैच खेले गए। जिनमे तीन मैच पीपीसी ग्राउंड पर और एक मैच रामबाग पोलो ग्राउंड पर खेला गया। पीपीसी ग्राउंड पर पहला मैच वी पोलो बनाम डायनामिक्स अचीवर्स के बीच खेला गया जिसमे वी पोलो ने डायनामिक्स अचीवर्स को 6-3 से हराया। वी पोलो की ओर से हुर्र अली ने 1 ओर सेंटियागो ने 5 गोल कर अपना विदेशी खेल दिखा अपनी टीम की जीत पक्की की।

- **विदेशी मेहमान खिलाड़ियों में लांस वाटसन 4, सेंटियागो 5, डेनियल 5, मनोलो ने 4 गोल किये**
- **हिम्मत सिंह ने 4 गोल किये। हिम्मत के चारो गोल तारीफ के काबिल थे। हिम्मत ने कई दिनों बाद अपनी परफॉर्मेंस दिखा दर्शकों की वाह-वाही लूटी**







डायनामिक्स अचीवर्स की ओर से नवीन सिंह, अभिमन्यु पाठक, ब्यूटिस्टा ने 1-1 गोल किया। दूसरा मैच सुजान इंडियन टाइगर्स और कैवेलरी रॉयल एनफील्ड के बीच खेला गया जिसमें सुजान इंडियन टाइगर्स ने कैवेलरी रॉयल एनफील्ड को 7-6.5 से हराया।

कैवेलरी रॉयल एनफील्ड डेढ़ गोल का एडवांटेज लिए हुए खेल रही थी। कैवेलरी रॉयल एनफील्ड की ओर से केवल डेनियल ने 5 गोल किये। सुजान इंडियन टाइगर्स की ओर से जैसल सिंह ने 1, निकोलस जॉर्ज ने 2, और हिम्मत सिंह ने 4 गोल किये। हिम्मत के चारो गोल तारीफ के काबिल थे। हिम्मत ने कई दिनों बाद अपनी परफॉर्मेंस दिखा दर्शकों की वाह-वाही लूटी।

तीसरा मैच सुहाना बनाम जिन्दल पैंथर के बीच खेला गया जिसमें सुहाना ने जिन्दल पैंथर को 10-7.5 से हराया। सुहाना की ओर से चीली से जयपुर खेलने आए छह हैंडीकैप के खिलाड़ी मतिआस ने 2 गोल ओर ध्रुवपाल गोदारा ने आज ताबड़तोड़ खेल से 6 गोल, अंगद कलान ने 2 गोल किये। जिन्दल पैंथर आधे गोल का एडवांटेज लिए हुए खेल रही थी। जिन्दल पैंथर की ओर से सिद्धांत शर्मा ने 2 और सिमरन शेरगिल ने 5 गोल किये पर टीम की हार टाल नही पाए। चौथा मैच जयपुर लीला बनाम अरावली के बीच रामबाग पोलो ग्राउंड पर खेला गया जिसमें जयपुर लीला ने अरावली को 10-6 से पराजित किया। जयपुर की ओर से महाराज पदमनाभ सिंह ने 1, शमशीर अली ने अपने पुराने अंदाज़ में खेलते हुए 5 गोल किये, वही लांस वाटसन ने 4 गोल कर अपने विदेशी खेल का प्रदर्शन कर जीत निश्चित की। अरावली की ओर से देविन्दर, कुलदीप राठौड़ ने 1-1, छह हैंडीकैप खिलाड़ी मनोलो ने अपने बेहतरीन खेल से 4 गोल किये।

## जयपुर के प्रवीण मिस्टर राजस्थान बने, अजय रनर अप





जयपुर, 5 फरवरी। जयपुर में आयोजित हुई 52वीं मिस्टर राजस्थान स्टेट बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में जयपुर के प्रवीण कुमार ओवर ऑल मिस्टर राजस्थान, चित्तौड़ के मोनू खान फर्स्ट रनर अप, बूंदी के अजय सिंह जादौन रनर अप, जोधपुर के रहीम अंसारी बेस्ट पोजर व अमीन जोधपुर के मोस्ट इंप्रूव्ड बॉडी बिल्डर चुने गए। प्रतियोगिता में राजस्थान के विभिन्न जिलों से 200 प्रतियोगियों ने भाग लिया विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि पूर्व डीजीपी भूपेंद्र सिंह राजस्थान बॉडी बिल्डिग संघ के अध्यक्ष नवीन यादव, समाजसेवी राजन शर्मा, दुलीचंद यादव, डॉक्टर जय सिंह शेखावत, गिर्राज खंडेलवाल सहित गणमान्य लोगों ने विजेता खिलाड़ियों को पारितोषिक वितरण किया। नवीन यादव के अनुसार सभी विजेता खिलाड़ियों को 5 लाख के कैश प्राइज के साथ ट्रॉफी मेडल सर्टिफिकेट व सप्लीमेंट तथा अन्य कई प्रकार के गिफ्ट दिए गए।

# 'राजस्थान सरकार सांस्कृतिक व आध्यात्मिक विकास के लिये निरंतर काम कर रही है'

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जालौर के नरसाणा में दुदेश्वर महादेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में भाग लिया



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जालोर के नरसाणा में दुदेश्वर महादेव मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि, हमारी सरकार प्रदेश में सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विकास के लिए निरंतर काम कर रही है।*

- **मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ''विकास भी-विरासत भी'' की अवधारणा को आत्मसात करते हुए चल रहे हैं।**
- **उन्होंने कहा कि मंदिरों ने भारतीय परम्पराओं, संस्कृति व मूल्यों को संरक्षित करने का काम किया है।**

जालोर, 5 फरवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि मंदिर सनातन संस्कृति की आत्मा हैं। धार्मिक आस्था के प्रतीक होने के साथ-साथ, मंदिर हमारी सामाजिक एवं सांस्कृतिक चेतना के भी प्रमुख केन्द्र हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश में सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विकास के लिए निरंतर काम कर रही है।

शर्मा बुधवार को जालोर के नरसाणा में दुदेश्वर महादेव मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मंदिरों ने भारतीय परंपराओं, संस्कृति और मूल्यों को संरक्षित करने का काम किया है। उन्होंने नरसाणा में भव्य दुदेश्वर महादेव मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई दी और कहा कि यहां भोले भंडारी महादेव की कृपा बरसेगी और यह मंदिर एक महत्वपूर्ण आस्था स्थल के रूप में उभरकर सामने आएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सक्षम नेतृत्व से देश में सनातन संस्कृति को एक नई ऊर्जा मिली है। प्रधानमंत्री 'विकास भी-विरासत भी' की अवधारणा को आत्मसात करते हुए चल रहे हैं। उनके नेतृत्व में 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद अयोध्या में भव्य मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा, भव्य काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन में महाकाल कॉरिडोर, सोमनाथ मंदिर के विकास कार्य तथा केदार घाटी का पुनर्निर्माण हुआ है।

मुख्यमंत्री ने दुदेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की।

इस अवसर पर सांसद लुंबाराम चौधरी, भीनमाल विधायक डॉ. समरजीतसिंह, पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल, जिला प्रमुख राजेश कुमार, जसराज राजपुरोहित, पूर्व विशेष योग्यजन आयुक्त धन्नाराम पुरोहित, विजय कुमार, श्रवणसिंह राव, सांवलाराम देवासी, दीपसिंह धनानी, महेन्द्र बोहरा, टीकमसिंह, सांवलाराम देवासी, मंजू सोलंकी, संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह, पुलिस महानिरीक्षक विकास कुमार, जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप. के. गावंडे, जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव, महंत प्रेमभारती, लहर भारती, बाबूगिरी, शिव गिरी, महेन्द्र गिरी, अमृतनाथ सहित, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, संत एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

# अयोध्या राममंदिर दर्शन का समय बदला

अयोध्या, 05 फरवरी। राममंदिर में दर्शन की अवधि आज से बदली रहेगी। बृहस्पतिवार सुबह छह बजे से रामलला के दर्शन होंगे। श्रद्धालु दर्शन लगातार रात 10 बजे तक दर्शन कर सकेंगे। अब रोजाना 16 घंटे मंदिर खुलेगा। इसकी सूचना ध्वनि प्रसारण यंत्र से मेला क्षेत्र में भी प्रसारित की जा रही है। रामलला के दरबार में रोजाना ढ़ाई से तीन लाख श्रद्धालु दर्शन-पूजन कर रहे हैं।

प्रयागराज से लौट रहे श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते, रामलला की दर्शन अवधि 14 घंटे से बढ़ाकर 18 घंटे कर दी गई थी। अब भीड़ कम हो रही है तो दर्शन अवधि में बदलाव किया गया है। बुधवार को भी रामलला के दरबार में

- **गुरुवार से सुबह 6 बजे से रात दस बजे तक रामलला के दर्शन होंगे। महाकुम्भ को देखते हुए दर्शन की अवधि 18 घंटे कर दी गई थी जिसमें अब दो घंटे की कमी की गई है।**

दर्शन-पूजन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। रामलला को पान की गिलौरियां भी भोग में अर्पित की गईं।

राममंदिर में वीआईपी दर्शन की भी होड़ है। बुधवार की सुबह नौ बजे से ही वीआईपी दर्शन के सभी स्लॉट फुल हो गए। यही नहीं, बृहस्पतिवार की सुबह के 11 बजे तक के स्लॉट भी बुधवार को ही भर गए। वीआईपी दर्शन के लिए दो-दो घंटे के सात स्लॉट निर्धारित किए गए हैं। बुधवार को 2500 से अधिक वीआईपी श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया। राममंदिर के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि वीआईपी दर्शन की होड़ अधिक है, वीआईपी स्लॉट बहुत तेजी से फुल हो रहे हैं।

# पूर्व राजस्व मंत्री रामलाल जाट की सीबीआई जाँच करेगी

- **हाई कोर्ट ने ग्रेनाइट फैक्ट्री के साथ 5 करोड़ रूपए की धोखाधड़ी के मामले में सीबीआई जाँच के आदेश दिये।**

भीलवाड़ा, 5 फरवरी (निस)। जिले के करेड़ा थाना क्षेत्र के रघुनाथपुरा में गांव में स्थित ग्रेनाइट फैक्ट्री के साथ 5 करोड़ की धोखाधड़ी के मामले में राजस्थान हाईकोर्ट ने कांग्रेस नेता व पूर्व राजस्व मंत्री रामलाल जाट के खिलाफ सीबीआई जांच के आदेश दिये।

जानकारी के मुताबिक, मैसर्स अरावली ग्रेनि मार्मो प्रा.लि.के परमेश्वर जोशी के मामले में मंगलवार को जोधपुर हाईकोर्ट के न्यायाधीश फरजंद अली ने कांग्रेस नेता रामलाल जाट के खिलाफ सीबीआई जांच के आदेश दिए। धोखाधड़ी और चोरी के मामले में कारोबारी परमेश्वर ने जाट के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग की थी। इस मामले में अब तक पुलिस, एसओजी और सीआईडी भी जांच कर चुकी है। पूर्व मंत्री सहित 5 लोगों के खिलाफ 17 सितंबर 2022 को कोर्ट के आदेश पर भीलवाड़ा के करेड़ा थाने में धोखाधड़ी और चोरी का मामला दर्ज किया गया था। राजसमंद के माइनिंग व्यवसायी परमेश्वर जोशी ने आरोप लगाया था कि करोड़ों रुपए की ग्रेनाइट माइंस में 50 प्रतिशत शेयर रामलाल जाट ने छोटे भाई के बेटे और उसकी पत्नी के नाम करवाए थे। इसके बदले, उन्होंने 5 करोड़ रुपए देने का वादा किया था, लेकिन दस्तावेज नाम कराने के बाद रुपए नहीं दिए गए। माइनिंग व्यवसायी राजसमंद के गढ़ बोर निवासी परमेश्वर पुत्र रामलाल जोशी ने पुलिस को रिपोर्ट में बताया था कि वह करेड़ा के रघुनाथपुरा में मैसर्स अरावली ठोनि मार्मो प्रा.लि. नाम से ग्रेनाइट माइंस का काम करता है। माइंस में वह डायरेक्टर और शेयर होल्डर है। इस कंपनी का रजिस्ट्रेशन श्याम सुंदर और चंद्रकांत शुक्ला के नाम से है। जिस समय कंपनी का रजिस्ट्रेशन हुआ था, उस समय परमेश्वर श्याम सुंदर और चंद्रकांत से 10 करोड़ रुपए मांगता था। इसके चलते, इन दोनों ने माइंस के 50 प्रतिशत शेयर परमेश्वर और उसकी पत्नी भव्या जोशी के नाम पर कर दिए थे। कारोबारी का आरोप है कि बाकी के 50 प्रतिशत शेयर का सौदा श्याम सुंदर और चंद्रकांत ने पूर्व मंत्री रामलाल जाट से कर दिया। जाट ने माइंस के शेयर अपने रिश्तेदार मोना चौधरी और सुरेश जाट के नाम पर करवा दिए। इन शेयर के पैसे रामलाल जाट को देने थे। परमेश्वर ने 5 करोड़ रु. जाट से मांगे। उन्होंने इनकार कर दिया। सिर्फ 2 करोड़ रुपए देने का आश्वासन दिया। बाद में 2 करोड़ रुपए भी नहीं मिले। कोर्ट ने मामले की केस डायरी सीबीआई को सौंपने के आदेश दिए हैं।

## क्या ''अग्ली अमेरिकन''...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

थी। इस एयरक्राफ्ट के प्रत्येक निष्कासित भारतीय का सत्यापन किया गया है, जो इस बात का संकेत है कि इस प्रक्रिया में नई दिल्ली शामिल है। ऐसी संभावना दिखाई दे रही है कि यह उड़ान ऐसी उन कई उड़ानों में से एक है, जो अमेरिका में रह रहे अवैध भारतीय प्रवासियों को वहाँ से भारत वापस लायेंगी।

ट्रम्प ने, राष्ट्रपति का पद भार ग्रहण करने के तुरंत बाद, अवैध प्रवासियों के निष्कासन की मुहिम शुरु कर दी है। इससे पहले अमेरिकन मिलिट्री एयरक्राफ्ट निष्कासित अवैध प्रवासियों को उनके मूल देश ग्वाटेमाला, थेरु तथा होन्डरस पहुँचा चुके हैं।

अंजन रॉय ने कोलकाता से इस मुद्दे पर रिपोर्ट दी है कि ट्रम्प ने यह भी कहा कि आश्यक हुआ तो अमेरिकन सैनिक गाज़ा पट्टी में घुस कर वहाँ के लोगों को निकालेंगे तथा उन्हें कहीं और, शायद जॉर्डन, इजिप्ट जैसे देशों में जाना पड़ेगा। उसके बाद अमेरिका क्षेत्र का पुर्ननिकास इस तरह से करेगा कि दुनियाभर से अभिजात्य वर्ग यहाँ आना चाहेगा। पर, सदियों से यहाँ रह रहे लोगों का क्या होगा, इस पर उन्होंने कुछ नहीं कहा।

इस विचित्र प्रस्ताव पर मिडिल ईस्ट देशों ने नाराज़गी भरी प्रतिक्रिया दी और प्रस्ताव को ठुकरा दिया। मिस्र, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, जॉर्डन सभी ने इस पर नाराज़गी जताई और पड़ोसी देशों ने गाज़ा से लोगों के आने पर रोक लगा दी है।

गाज़ा में सभी इमारतें नष्ट हो चुकी हैं। ट्रम्प का यह कहना सही है कि यह क्षेत्र लोगों के रहने लायक नहीं है, इसलिए यहाँ के लोगों को बाहर जाना होगा। पर, सवाल यह है कि इन्हें कहाँ जाना होगा और कब तक के लिए।

कोई भी देश दूसरे लोगों का बोझ उठाने को तैयार नहीं है, खासकर जब अमेरिका, जो अब तक दुनियाभर के विस्थापितों का घर होता था, खुद अपने यहाँ से अप्रवासियों को डिपोर्ट कर रहा है।

सऊदी अरब ने कहा कि फिलीस्तीनियों को विस्थापित नहीं किया जा सकता है। अन्य लोगों ने कहा कि लोग पारम्परिक रूप से जहाँ रहते हैं, वहीं रहने चाहिए।

इस बीच इज़रायल के दक्षिणपंथी समूहों ने इस विचार का समर्थन किया है। अमेरिका समर्थक कई पश्चिमी देशों ने इस विचार का विरोध किया।

## तिरुपति से गैर ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

हटाने का फैसला किया गया है। टीटीडी बोर्ड ने हाल ही में ऐसे कर्मचारियों को या तो सरकारी विभागों में ट्रांसफर करने या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना के माध्यम से उन्हें बाहर निकालने का संकल्प लिया है। टीटीडी के चेयरमैन बीआर नायडू ने कहा कि मंदिर की पवित्रता को ध्यान में रखकर ही यह कदम उठाया गया है। टीटीडी बोर्ड ने इन कर्मचारियों को या तो सरकारी विभागों में ट्रांसफर करने या वीआरएस के माध्यम से उनके बाहर निकालने का संकल्प लिया है। इससे पहले नवंबर 2024 में टीटीडी बोर्ड ने एक और प्रस्ताव भी पारित किया था, जिसके तहत बोर्ड द्वारा नियोजित गैर-हिंदुओं को या तो स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेनी होगी या आंध्र प्रदेश में अन्य सरकारी विभागों में स्थानांतरण का विकल्प चुनना होगा।

## मिल्कीपुर ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

विधानसभा क्षेत्र से इससे पहले अवधेश प्रसाद यहां से चुनाव जीते थे। बाद में अयोध्या-फैजाबाद लोकसभा सीट का चुनाव जीतने के बाद उन्होंने यह सीट खाली कर दी थी।

## प्रिंस आगा...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

की है। उन्होंने अपने शोक संदेश में उन्हें एक महान सामाजिक कार्यकर्ता और मानवतावादी बताते हुये, उनके निधन को मानवता की बड़ी क्षित करार दिया। उन्होंने कहा, आगा खान का विश्व स्तर पर सम्मान था और उनका समाज के लिये महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## पुलवामा में भारी मात्रा में हथियार व अस्ला बरामद

श्रीनगर, 05 फरवरी। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में युद्धक सामग्री के साथ एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। सेना ने बताया कि संदिग्ध को मंगलवार को संयुक्त मोबाइल वाहन चेक पोस्ट पर गिरफ्तार किया गया। इस चेक पोस्ट को शाहबाद, पुलवामा में जम्मू-कश्मीर पुलिस के सहयोग से स्थापित किया गया था।

- **सेना की चिनार कोर ने एक्स पर बताया कि खुफिया जानकारी के बाद की गई कार्यवाही में यह सफलता मिली है तथा एक संदिग्ध को भी गिरफ्तार किया गया है।**

सेना की चिनार कोर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, चार फरवरी 2025 को, विशिष्ट खुफिया इनपुट के आधार पर, भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शाहबाद, पुलवामा में एक संयुक्त मोबाइल वाहन चेक पोस्ट स्थापित किया था। एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके पास से युद्धक सामग्री बरामद की गयी हैं।

# लीबिया से 18 भारतीय नागरिक स्वदेश लौटे

- **ये सभी वहाँ रोजगार के लिए गए थे, पर, कई सप्ताहों से फंसे हुए थे। भारतीय दूतावास ने इनकी वापसी में मदद की है।**

नयी दिल्ली, 05 फरवरी। लीबिया के बेन्गाज़ी में रोजगार के लिए गए 18 भारतीय नागरिक भारतीय दूतावास की मदद से आज स्वदेश लौट आए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में जानकारी दी थी कि लीबिया में भारतीय दूतावास ने लीबिया के बेन्गाज़ी से 18 भारतीय नागरिकों को वापसी की सुविधा प्रदान की है और वे बुधवार को भारत पहुंचेंगे।

जायसवाल ने कहा कि ये भारतीय लीबिया में रोजगार के लिए गए थे और कई हफ्तों से फंसे हुए थे। दूतावास ने स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम किया और आवश्यक प्राधिकार और यात्रा दस्तावेज उपलब्ध कराने में भारतीय श्रमिकों की सहायता की।

उन्होंने कहा कि जब उनके मामले को देखा जा रहा था, दूतावास उनकी भलाई सुनिश्चित करने के लिए उनके साथ लगातार संपर्क में रहा और रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में उनकी सहायता की। इसी समूह के तीन अन्य भारतीय नागरिक दूतावास की सहायता से पिछले अक्टूबर में भारत लौटे थे।

भारतीय दूतावास ने लीबिया के अधिकारियों को उनके समर्थन और सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## नवगठित 9 जिले खत्म ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

विपक्ष के सदस्य वैल में आ गये और नारेबाजी करने लगे, जिससे सदन में हंगामा हुआ। इस पर देवनानी ने 12 बजकर 16 मिनट पर सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी। जैसे ही सदन की कार्यवाही 12:31 बजे पुनः शुरु हुई, तो विपक्ष के सदस्यों का हंगामा फिर शुरु हो गया। दोपहर 1 बजे तक सदन की कार्यवाही हंगामे के बीच ही चलती रही। दोपहर 1 से 2 बजे तक भोजनावकाश के बाद, जैसे ही पुनः सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो देवनानी ने हंगामा कर रहे विपक्षी विधायकों को अपनी-अपनी सीटों पर जाने के लिए कहा। देवनानी ने कहा कि गुरुवार को नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी और गंगापुर विधायक रामकेश मीणा को बोलने की अनुमति दी जाएगी। इसके बाद मंत्री सरकार की ओर से जवाब देंगे। स्पीकर ने कहा, ''न मैं पक्ष के और न विपक्ष के दबाव में हूं, यह साफ कह रहा हूं। मैंने नियमावली को देखा है। गुरुवार को इस स्थगन पर दो सदस्यों को बोलने की अनुमति दी गई है।''

गौरतलब है कि पूर्ववर्ती अशोक गहलोत की सरकार ने अपने आखिरी कार्यकाल में आनन-फानन में राजस्थान में 17 नये जिले बनाने की घोषणा की थी। इनमें से 9 जिलों और तीन संभागों को भजनलाल सरकार ने 28 दिसंबर को कैबिनेट मीटिंग में रद्द कर दिया। इन 9 जिलों में जयपुर ग्रामीण, जोधपुर ग्रामीण, दूदू, शाहपुरा, अनूपगढ़, गंगापुर सिटी, केकड़ी, सांचोर व नीमकाथाना शामिल हैं। इनके साथ ही, 3 संभाग पाली, सीकर और बांसवाड़ा को भी खत्म किया गया था।

## नाबालिग बहनों ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अदालत को बताया कि पीड़िताओं की मां ने 4 नवंबर, 2023 को खो-नागोरियान थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें कहा गया कि पड़ोस में रहने वाला अभियुक्त पीड़िताओं को अकेला देखकर उन्हें बहला-फुसलाकर अपने घर ले जाता है। जहां वह दोनों के साथ अश्लीलता करता है। अभियुक्त 30 अक्टूबर को दोनों को अपने साथ ले गया और गलत काम किया। इसके बाद, पीड़िताओं ने घर आकर पेट दर्द होना बताया और कई बार अपने साथ गलत काम होने की बात कही। इस पर वह अभियुक्त के घर शिकायत करने गई, लेकिन अभियुक्त ने पीड़िताओं की अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर उसे वहां से भगा दिया। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। दूसरी ओर अभियुक्त की ओर से कहा गया कि पीड़िताओं के घर का गंदा पानी उसके घर के सामने जमा होने की बात पर उसका झगड़ा हुआ था, जिसके चलते उसे मामले में फंसाया गया है।






# राहुल ने बिहार के जातिगत सर्वे पर प्रश्न चिन्ह लगाया

## राहुल ने कहा, तेलंगाना का जातिगत सर्वे जातीय प्रतिनिधित्व को सही रूप से दर्शाता है

- **राहुल के बयान को राजनैतिक हल्कों में महत्व दिया जा रहा है, क्योंकि बिहार के जातिगत सर्वे के लिए लालू यादव और तेजस्वी श्रेय ले रहे है।**

पटना, 05 फरवरी। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वर्तमान सांसद राहुल गांधी ने बिहार में हुए जातिगत सर्वेक्षण पर सवाल उठाते हुए कहा कि देश की सत्ता में दलितों और वंचित वर्गों की उचित भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर जातिगत जनगणना की आवश्यकता है। गांधी ने स्वतंत्रता सेनानी और दलित नेता जगलाल चौधरी के 130वीं जयंती समारोह में अपने संबोधन के दौरान बिहार में हुए जातिगत सर्वेक्षण पर सवाल उठाते हुए कहा कि तेलंगाना का सर्वेक्षण जातीय प्रतिनिधित्व को सही रूप में दर्शाता है। वास्तविक जातिगत प्रतिनिधित्व का आकलन करने के लिए तेलंगाना की जातिगत जनगणना का अध्ययन किया जाना चाहिए, न कि बिहार की।

दिलचस्प बात यह है कि गांधी का यह बयान तब आया, जब राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे तेजस्वी प्रसाद यादव बिहार में हुए जातिगत सर्वेक्षण का श्रेय ले रहे हैं। कांग्रेस के बिहार में राजद की सहयोगी होने के बावजूद, गांधी का यह बयान राजद के दावों को सवालों के घेरे में खड़ा कर सकता है।

कांग्रेस नेता ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर संविधान को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि संविधान दलितों और वंचितों के अधिकारों की गारंटी देता है लेकिन भाजपा और आरएसएस इसे खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा सिर्फ दलितों के प्रतिनिधित्व की बात करती है, लेकिन सत्ता में उनकी भागीदारी नगण्य है।

गांधी ने देश के बजट में दलितों की भागीदारी का मुद्दा उठाया और कहा कि बजट बनाने वाले 90 लोगों में से केवल तीन ही दलित होते हैं और 100 रुपये में से सिर्फ छह रुपये दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के लिए निर्धारित होते हैं।

उन्होंने पूरे देश में जातिगत जनगणना की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इससे नीतियों को समाज के सभी वर्गों के हित में बेहतर तरीके से तैयार किया जा सकेगा।

कांग्रेस नेता ने कहा कि वे उस दिन का इंतजार कर रहे हैं, जब दलित और कमजोर वर्ग भारत के हर संस्थान में नेतृत्व की भूमिका निभाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि आज के कॉरपोरेट जगत या संस्थानों में कोई भी दलित, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) या आदिवासी उच्च पदों पर नहीं है।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908